

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष को जवाब देते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 214 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### राज्यसभा ने सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को दी विदाई

**नई दिल्ली:** राज्यसभा में शुक्रवार को सदन से सेवानिवृत्त होने जा रहे सदस्यों को विदाई दी गई। उच्च सदन से आज 9 सदस्य सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। इनमें से चार दोबारा सदन में चुनकर आए हैं। उच्च सदन से 9 सदस्य सेवानिवृत्त हुए। ये दिनेशचंद्र जेमलभाई अनावडिया (गुजरात) जुगलसिंह माथुर (गुजरात) एस जयशंकर (गुजरात) डेरेक ओ ब्रायन (पश्चिम बंगाल) डोला सेन (पश्चिम बंगाल) प्रदीप भट्टाचार्य (पश्चिम बंगाल) सुष्मिता देव (पश्चिम बंगाल) शांता छेत्री (पश्चिम बंगाल) सुखेंदु शेखर रे (पश्चिम बंगाल) हैं। इनमें से चार एस जयशंकर, डोला सेन, शुभेंदु शेखर राय और डेरेक ओ ब्रायन दोबारा सदन में चुनकर आ गए हैं। सभापति जगदीप धनखड़, विपक्ष के नेता और नेता सदन ने उन्हें शुभकानाएं दीं। राज्यसभा में आज विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोकसभा में कांग्रेस के नेता सदन अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित किए जाने का मुद्दा उठाया। खड़गे ने कहा कि नेता सदन एक महत्वपूर्ण पद होता है। वह कई समितियों का अध्यक्ष होता है । छोटे से कारण पर उसका निलंबन सही नहीं है। उन्होंने केवल एक नाम लिया था और उन्हें निलंबित कर दिया गया।

### नूंह हिंसा में पाक कनेक्शन का खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह**
हरियाणा के नूंह में हुई सांप्रदायिक हिंसा में पुलिस ने एक और पाकिस्तानी कनेक्शन का पता लगाया है। पाकिस्तान से जुड़े 12 से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट्स आइडेंटिफाई करने के बाद पुलिस टीमों ने हिंसा और अकाउंट से जुड़े फॉलोअर्स को पकड़ा तो पता चला कि इसमें हरियाणा के मेवात ही नहीं, बल्कि राजस्थान के भी बड़ी संख्या में फॉलोअर्स है। हिंसा के लिए उकसाने के साथ ही हिंसा के बाद जश्न मनाने तक के पोस्ट अपलोड किए गए थे।

### नूंह में 13 अगस्त तक बंद रहेगी इंटरनेट सर्विस

**नूंह:** हरियाणा के नूंह में 31 जुलाई को जलाभिषेक यात्रा पर पथराव से हुई हिंसा के बाद अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होने लगी है। प्रशासन ने शुक्रवार से जिले के सभी स्कूल तथा शिक्षण संस्थाएं खोल दिए हैं। हालात को देखते हुए प्रशासन ने 12 अगस्त यानी शनिवार को कर्फ्यू में और ढील देने का फैसला किया।

**13 अगस्त तक बंद रहेगा इंटरनेट**
हालांकि, इंटरनेट सर्विस पर प्रतिबंध को हरियाणा सरकार ने और बढ़ा दिया है। नूंह (मेवात) जिले में मोबाइल इंटरनेट सर्विस पर 13 अगस्त रात बजे तक प्रतिबंध रहेगा। सरकार के आदेश में कहा गया कि नूंह में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति अभी तनावपूर्ण है। जिला में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं में 2जी, 3जी, 4 जी, 5 जी सीडीएमए, जीपीआरएस सहित सभी एसएमएस सेवाओं (केवल बल्क एसआरवीएमएस और बैंकिंग और मोबाइल रिचार्ज को छोड़कर) और सभी डोंगल सेवाओं आदि को बंद करने का आदेश दिया गया है। केवल वॉयस कॉल चालू रहेंगी।

# मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा


## आईपीसी-सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट बदला जाएगा, शाह ने लोकसभा में बिल पेश किया, पुराने कानूनों पर फोकस

**सख्ती**

**तीनों बिल को जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजा जाएगा। बिलों में नाबालिग से रेप पर मौत की सजा का प्रावधान**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** के मानसून सेशन के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए बिल पेश किए। इनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य बिल 2023 बिल शामिल हैं।ये बिल अंग्रेजों के समय के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे। तीनों बिल को जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजा जाएगा। इन बिलों में मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा देशद्रोह से जुड़े मामलों को लेकर भी बदलाव किए गए हैं। अमित शाह ने तीनों बिल पेश करते हुए कहा- पुराने कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन को मजबूत बनाना और उसकी सुरक्षा करना था। इनके जरिए लोगों को न्याय नहीं सजा दी जाती थी। 1860 से 2023 तक देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम ब्रिटिश कानूनों के हिसाब से था। नए बिलों का उद्देश्य सजा नहीं, बल्कि न्याय देना है। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री ने पिछले 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश के सामने 5 प्रण रखे थे। उनमें से एक प्रण था कि हम गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त कर देंगे। आज मैं जो 3 बिल लेकर आया हूं, वो तीनों विधेयक मोदी द्वारा लिए गए प्रण में से एक प्रण को पूरा कर रहे हैं।






### नए बिलों से क्या बदलेगा

- आईपीसी की जगह लेने वाले नए बिल में राजद्रोह के प्रावधानों को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाएगा
- मॉब लिंचिंग और नाबालिगों से रेप के मामलों में मौत की सजा देने का प्रावधान किया जाएगा
- सिविल सर्वेंट्स पर मुकदमा चलाने के लिए तय समय में अनुमति देनी होगी
- दाऊद इब्राहिम जैसे फरार अपराधियों पर उनकी गैर-मौजूदगी में मुकदमा चलाने के लिए प्रावधान लाया गया है
- जिन सैक्शन में 7 साल या उससे ज्यादा की सजा मिलती है, उन मामलों में फॉरेंसिक टीम का क्राइम सीन पर जाना जरूरी होगा
- पहली बार छोटे अपराध करने पर कम्युनिटी सर्विस करने की सजा दी जाएगी
- अलगाववादी गतिविधियों, सशस्त्र विद्रोह, देश की संप्रभुता, एकता या अखंडता को खतरे में डालने वाले अपराधों को लिस्ट किया जाएगा।
- महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों पर खास ध्यान दिया जाएगा
- आतंकी गतिविधियों और संगठित अपराधों को कड़ी सजा के प्रावधान के साथ जोड़ा गया है।
- सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में राजद्रोह कानून को स्थगित कर दिया था। नए बिलों के पास होने से यह पूरी तरह से खत्म हो जाएगा। केंद्र सरकार ने राज्यसभा में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को रेगुलेट करने से जुड़ा बिल पेश किया। बिल के मुताबिक आयुक्तों की नियुक्ति तीन सदस्यों का पैनल करेगा। जिसमें प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और कैबिनेट का मंत्री शामिल होंगे। राज्यसभा में कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित अन्य विपक्षी दलों ने इस विधेयक का विरोध किया।

### मरीजों के दुर्व्यवहार पर इलाज से इनकार कर सकेंगे डॉक्टर्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**डॉक्टरों** के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कहा गया कि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स उन मरीजों या रिश्तेदारों का इलाज करने से इनकार कर सकते हैं, जो डॉक्टरों के साथ गाली-गलौज, मारपीट व हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं। जारी नोटिफिकेशन में ये भी कहा गया है कि मरीजों के अभद्र आचरण के खिलाफ डॉक्टर नेशनल मेडिकल कमीशन से शिकायत भी कर सकते हैं, ताकि मरीज



को इलाज के लिए कहीं और भी रेफर कर दिया जाएगा। ये नियम मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मेडिकल एथिक्स कोड 2002 की जगह लेंगे। यह पहली बार होगा जब डॉक्टरों को ऐसे मरीजों के इलाज करने से इनकार करने का अधिकार मिलेगा।

**डॉक्टर मरीजों को कंसल्टेशन फीस की जानकारी दे सकते हैं:** नोटिफिकेशन में कहा गया है कि इमरजेंसी केस को छोड़कर ड़ॉक्टर ये तय करने के लिए स्वतंत्र है कि वह किस मरीज का इलाज करें।
मरीजों के प्रति जवाबदेही है साथ ही उनकी उपेक्षा करने से बचना चाहिए। मरीजों के इलाज से संबंधित हर बात को उनके परिजनों से भी साझा करनी चाहिए और बिना किसी कारण के केस देखने से हटना नहीं चाहिए।

### डॉक्टरों को दवा कंपनियों से उपहार लेने से मनाही

**नोटिफिकेशन** में साफतौर पर कहा गया है कि डॉक्टर व उनके परिवार फार्मास्यूटिकल कंपनियों से कोई उपहार, यात्रा सुविधाएं, परामर्श शुल्क या मनोरंजन सुविधा लेने से परहेज करें। फार्मास्यूटिकल कंपनियों या उससे संबंधित स्वास्थ्य सेवाओं के सेमिनार, कार्यशाला, संगोष्ठी, सम्मेलन से दूर रहना चाहिए।

## 'कर्ज में डूबे देशों की मदद के लिए अमीर देशों के नेतृत्व में हो ठोस प्रयास'

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमीर देशों के नेतृत्व में ठोस वैश्विक प्रयासों का आह्वान किया ताकि कर्ज में डूबे देशों की ऐसे समय में मदद की जा सके। सीतारमण ने शुक्रवार को वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की



ओर से आयोजित जी-20 के एक ऑनलाइन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि हमने हाल के वर्षों में इतनी बड़ी चुनौतियां कभी नहीं देखीं। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि भू-राजनीतिक मतभेद अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रभावित न करें। यही जी-20 समूह और शिखर सम्मेलन की मुख्य अवधारणा है। वित्त मंत्री ने बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की खातिर ठोस प्रयासों का आह्वान करते हुए कहा कि जी-20 का एजेंडा सभी के लिए बेहतर कल तैयार करना है।

**भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि भू-राजनीतिक मतभेद अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रभावित न करें**

## पीएम मोदी मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं: राहुल गांधी

### पीएम मोदी मणिपुर पर हंस-हंसकर बोले, ये शोभा नहीं देता: राहुल गांधी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद** का मानसून सत्र 11 अगस्त को खत्म हो गया। इसके बाद दोपहर करीब 3 बजे राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें मुख्य मुद्दा मणिपुर ही रहा। राहुल महज 20 मिनट बोले। राहुल ने सरकार पर सीधा आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं।

**पीएम को ये शोभा नहीं नेता:** मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री हंस-हंसकर बोल रहे थे, ये उनको शोभा नहीं देता। अगर हिंदुस्तान में कहीं हिंसा हो रही है तो उन्हें इस तरह हंस-हंसकर नहीं बोलना चाहिए। मैं करीब 19 साल से राजनीति में हूं। मैं हर स्टेट में गया। बाढ़, सुनामी, हिंसा होती है, हम जाते हैं। 19 साल के अनुभव में मैंने जो मणिपुर में देखा, कहीं नहीं देखा. मणिपुर के लिए जो मैंने कहा कि भारत माता की हत्या कर दी है, ऐसे नहीं कहा था।

### 'कुकी-मैतेई एक दूसरे के जान के दुश्मन'

**राहुल** ने कहा कि जब हम वहां (मणिपुर) पहुंचे तो हमें वहां दौरा करना था। जब हम मैतेई के इलाके में गए तो हमसे कहा गया कि अगर कुकी आपकी सिक्योरिटी में हुआ तो हम गोली मार देंगे। कुकी के इलाके में गए तो कहा कि मैतेई सिक्योरिटी में होगा तो उसे मार देंगे। मणिपुर दो हिस्सों में बंट गया है।

**पीएम मणिपुर को जलाना चाहते हैं:** प्रधानमंत्री को ये पता नहीं लग रहा है कि हमारे देश में क्या हो रहा है। वो जा नहीं सकते तो वहां के बारे में बोलें तो। जो मणिपुर में हो रहा है, सेना उसे दो दिन रोक सकती है। प्रधानमंत्री मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं चाहते।

## दिल्ली: स्कूल के 23 छात्र गैस रिसाव की चपेट में आने से बेहोश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी** दिल्ली में नारायणा इलाके में स्थित दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक स्कूल के 23 छात्र बेहोश हो गए, जिन्हें आरएमएल व अचार्य भिक्षु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है स्कूल के पास गैस रिसाव होने के कारण सभी छात्र बेहोश हुए हैं। दिल्ली पुलिस के अनुसार शुक्रवार सुबह निगम प्रतिभा विद्यालय, इंद्रपुरी में कुछ बच्चों को उल्टी होने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई। मौके पर पहुंचकर जिन बच्चों की तबीयत ठीक नहीं थी, उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अब तक मिली जानकारी के मुताबिक 23 बच्चों को अस्पताल भेजा गया है। अस्पतालों से लगातार अपडेट लिया जा रहा है और ताजा अपडेट के मुताबिक वे सभी ठीक महसूस कर रहे हैं।

**कोई हताहत नहीं**

**अस्पतालों से लगातार अपडेट लिया जा रहा है और ताजा अपडेट के मुताबिक वे सभी ठीक महसूस कर रहे हैं**

### केजरीवाल-संजय सिंह की याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**गुजरात** हाईकोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह द्वारा आपराधिक मानहानि मामले में उनके खिलाफ मुकदमे पर अंतरिम रोक लगाने के आवेदन को खारिज कर दिया। कोर्ट ने दोनों को 11 अगस्त को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

## अधीर रंजन के निलंबन पर 'इंडिया' का मार्च

### लोकसभा से विपक्ष का वॉकआउट; राज्यसभा से राघव चड्ढा सस्पेंड, संजय सिंह का निलंबन बढ़ाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मानसून** सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी का सस्पेंशन हो गया। इसके विरोध में विपक्ष के नेताओं ने दोनों सदनों में हंगामा किया। इंडिया के सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला लिया। बाद में सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए। उधर, राज्यसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन का मुद्दा उठा। इधर, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आप सांसद राघव चड्ढा को निलंबित कर दिया है। सांसद संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ा दिया गया है। अधीर रंजन समेत तीनों सांसद विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित रहेंगे।
राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सदस्यों के निलंबन का मुद्दा उठाया। हाथ जोड़ते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से कहा, 'प्लीज मेरा माइक बंद न करें।'



### दुनिया में भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं खिलाड़ी : नित्यानंद

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केन्द्रीय** गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि हमारे खिलाड़ी पूरी दुनिया में देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। केन्द्र सरकार खिलाड़ियों को हर संभव अवसर और सुविधा दिलाने का काम कर रही है। राय ने शुक्रवार को विज्ञान भवन में कनाडा से 20वें विश्व पुलिस एवं फायर खेल - 2023 में हिस्सा लेकर लौटे भारतीय पुलिस दल के अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व पुलिस एवं फायर खेल- 2023 में हमारे सुरक्षा बलों के जवानों ने देश का मान बढ़ाया है।

**दर्दनाक**

### तीसा क्षेत्र के तरवाई में हुआ हादसा, मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री ने दुर्घटना पर जताया शोक

## चंबा जिला में दर्दनाक सड़क हादसा, 6 पुलिस जवानों सहित चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
**तीसा-बैरागढ़** सडक मार्ग पर तरवाई पुल के समीप एक टाटा सुमो गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त हो कर बैरा नदी में गिर जाने का दर्दनाक हादसे का समाचार प्राप्त हुआ है। प्रारंभिक सूचना के अनुसार गाड़ी में लगभग 11 लोग सवार थे जिनमें से नौ हिमाचल पुलिस के जवान बताए जा रहे हैं। इनमें से 6 लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य को अस्पताल भेजा गया है। बताया जा रहा है कि 4 लोगों की मौत तो मौके पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार यह आईआरबी जवान लॉन्ग रेंज पेट्रोलिंग कर अपने हेड क्वार्टर



भंजराडू लौट रहे थे। इस दौरान तरवाई के पास पहाड़ी से लैंडस्लाइड हुआ जिसमें सुमो गाड़ी इसकी चपेट में आ गई एक पत्थर चालक की गर्दन पर लगा जिससे उसकी गर्दन टूट गई और गाड़ी नदी में जा गिरी गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। 3 लोग गाड़ी से छिटक कर चट्टानों से टकराया जिस कारण उन्हें गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही स्थानीय निवासी वहां पहुंच गए तथा इस दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। चुराह के विधायक हंसराज भी मौके पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि इस गाड़ी में कुल 11 लोग सवार थे जिनमें से 9 लोग हिमाचल पुलिस के थे प्रारंभिक सूचना के अनुसार कुल 6 लोगों के मारे जाने की अभी तक सूचना प्राप्त हुई है इसकी संख्या बढ़ भी सकती है। उक्त गाड़ी में सब इंस्पेक्टर राकेश गौरा, हेड कांस्टेबल प्रवीण टंडन, हेड कांस्टेबल राजेंद्र, कांस्टेबल अक्षय, कांस्टेबल लक्ष्य, कांस्टेबल सचिन, कांस्टेबल कमलजीत, कांस्टेबल सचिन, कांस्टेबल अभिषेक, पंकज कुमार और चालक चंदू राम सवार थे इनमें से चालक सहित 6 जवानों की मृत्यु हुई है।

**लैंडस्लाइड**

**लैंडस्लाइड हुआ जिसमें सुमो गाड़ी इसकी चपेट में आ गई एक पत्थर चालक की गर्दन पर लगा और गर्दन टूट गई**

## आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा सस्पेंड

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**
**पंजाब** से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा की जाली हस्ताक्षर मामले में मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें प्रिविलेज कमेटी का फैसला आने तक राज्यसभा से निलंबित किया गया है। राघव पर मिसबिहेव करने के आरोप लगे हैं। दरअसल, राघव चड्ढा ने बीते दिन ही प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। जिसे आधार बनाकर यह कार्रवाई की गई है। वहीं पंजाब में इसका विरोध शुरू हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार फर्जी हस्ताक्षर मामला सामने आने के बाद इसे प्रिविलेज कमेटी के पास विचार के लिए भेज दिया गया था। नियमों अनुसार जब मामला प्रिविलेज कमेटी के पास हो तो उसे डिफेंड करना नियमों का उल्लंघन है। वहीं राघव चड्ढा ने बीते दिन मीडिया के सामने खुद को डिफेंड करके नियमों की उल्लंघना कर दी। जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।



**कार्रवाई**

**प्रिविलेज कमेटी का फैसला आने तक राज्यसभा से निलंबित किया गया है। मिसबिहेव करने के आरोप लगे हैं**

**बिना सहमति के भेजा गया प्रस्ताव:** दरअसल, पांच सांसदों ने दावा किया कि दिल्ली सेवा विधेयक को उनकी सहमति के बिना सेलेक्ट कमेटी को भेजने के प्रस्ताव पर उनके नाम का उल्लेख किया गया था।
यह प्रस्ताव आप सांसद राघव चड्ढा ने पेश किया था। विरोध दर्ज कराने वाले तीन भाजपा सांसद हैं। वहीं इनमें एक बीजेपी और एक अन्नाद्रमुक सांसद भी शामिल हैं। इस मुद्दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जांच की मांग की थी।

# भाजपा 13 अगस्त को अम्बाला छावनी में निकालेगी तिरंगा यात्रा : अनिल विज

## कार्यकर्ताओं की ताकत के बल पर पार्टी का विस्तार हुआ : अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अम्बाला छावनी में 13 अगस्त को विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा को लेकर गृह मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि तिरंगा यात्रा पूरी ताकत के साथ नेता जी सुभाष चंद्र बोस पार्क से प्रातः 11.30 बजे निकाली जाएगी। उन्होंने यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष राजीव गुप्ता डिम्पल,



किरणपाल चौहान, विजेंद्र चौहान के अलावा भाजपा नेता ललित चौधरी, जसबीर जस्सी, बब्बू सोनी, बीएस बिंद्रा, श्याम सुंदर अरोड़ा, अनिल चौहान, नरेंद्र राणा, राम बाबू यादव, सुरेंद्र तिवारी, अजय बवेजा के अलावा पार्टी के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**यह रूट होगा तिरंगा यात्रा का:** यात्रा सुभाष पार्क से प्रारंभ होकर आउटर लार्जर रोड से लक्ष्मण हलवाई चौक, कबाड़ी बाजार चौक, निकलसन रोड, सदर बाजार चौक से होती हुई चौडा बाजार, सब्जी मंडी चौक, हिल रोड से दीपक बुक डिपो चौक, निकलसन रोड, सदर बाजार चौक, विजय रतन चौक, राय मार्केट होते हुए पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में संपन्न होगी।

**अलग-अलग क्षेत्रों से क्षेत्रीय यात्रा निकाल सुभाष पार्क पहुंचेंगे कार्यकर्ता :** तिरंगा यात्रा प्रारंभ करने से पहले अलग-अलग क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ता क्षेत्रीय यात्रा निकालते हुए मुख्य आयोजन स्थल सुभाष पार्क में एकत्रित होंगे। एकता विहार एवं आसपास कालोनियों के

**बैठक की**

**तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आह्वान किया**

निवासी एकता विहार में एकत्रित होकर तिरंगा लेते हुए सुभाष पार्क तक आएंगे। महेशनगर की अलग-अलग कालोनियों, बोह, बब्याल, रामगढ़ माजरा व आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ता बब्याल में एकत्रित होकर यात्रा निकालते हुए सुभाष पार्क तक आएंगे। रेलवे कालोनी, पीएनटी, दुधला गुलाब मंडी, चंद्रपुरी, सुंदर नगर, शिवाला मंडी के सभी पीएनटी कालोनी से इकट्?ठा होकर कार्यकर्ता सुभाष पार्क आएंगे। पंजोखरा साहिब व आसपास क्षेत्रों के गांवों के कार्यकर्ता पंजोखरा साहिब में इकट्ठा होंगे जोकि आगे तोपखाना परेड, माली परेड व डिफेंस कालोनी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलते हुए सुभाष पार्क पहुंचेंगे। टांगरी पार कालोनियों के कार्यकर्ता इंडियन रोलर रेस्टोरेंट के पास इकट्ठा होकर यात्रा निकालते हुए सुभाष पार्क तक आएंगे। शुगन चंद अहाता, मोची मंडी, गवाल मंडी व अन्य कालोनियों से कार्यकर्ता सेवा समिति स्कूल से सुभाष पार्क पहुंचेंगे जबकि सदर क्षेत्र के कार्यकर्ता सीधे सुभाष पार्क पहुंचेंगे। गृह मंत्री अनिल विज ने बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकताओं की ताकत के बल पर आज उन राज्यों में हमारा नाम है जहां पहले हमारा नाम नहीं होता था।

उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी देश को अगले पांच वर्षों में विश्व की तीन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में लाना चाहते हैं।

# जीवन के लिए पौधारोपण जरूरी: मिहा सिंह रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोकर माजरा में महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट द्वारा पौधारोपण किया गया। विद्यालय के मुख्याध्यापक संजय कुमार लाहोट ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा यह पौधारोपण कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय कदम है ।हम सबको पौधारोपण जरूर करना चाहिए ।ट्रस्ट के चेयरमैन समाजसेवी मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम सबको अपने जन्मदिन या परिवार में खुशी के मौके पर पौधारोपण जरूर करना चाहिए ताकि हमारा पर्यावरण साफ सुथरा और स्वच्छ हो सके। हमारे जीवन के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है। पेड़ पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। रंगा ने कहा कि नवरोपित पौधों की देखभाल उस समय तक करनी चाहिए जब तक वह जमीन से स्वयं भोजन ग्रहण करने नहीं लग जाते। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वह पेड़ पौधों की देखभाल करें और पौधों को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचाएं। इस अवसर पर गांव के सरपंच पति अवतार सिंह,धर्मवीर शास्त्री, जसबीर सिंह सैनी,सुखविंदर सिंह,जोगिंदर सिंह ,अमन कुमार , सुलतान सिंह, दलबीर सिंह व प्यारे बच्चों उपस्थित रहे।

# संदीप गर्ग ने ग्रामीणों व शहरवासियों से की हल्के के विकास को लेकर चर्चा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक )**स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने लाडव ब्लॉक के कई गांवों से आए ग्रामीणों व शहर के लोगों से मुलाकात कर लाडवा हल्के के विकास के बारे में चर्चा की। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्का उनका अपना परिवार है और मैं अकेला कुछ नहीं कर सकता, जब तक कि आप लोगों का साथ न हो। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्के में यदि कोई भी जरुरतमंद परिवार हो



या किसी की कोई भी समस्या हो वह उन्हें निसंकोच बता सकते हैं ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सकें। उन्होंने कहा कि उनकीओर से पहले ही हल्के में बहुत से कार्य चलाई जा रहे हैं। जिससे हल्के के लोगों को काफी लाभ मिल रहा है। मुख्य रूप से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई सिलाई सेंटर, हल्के के युवाओं को खिलाडी बनाने के लिए कई खेल नर्सियां गोद ली गई है ताकि कोई भी गांव का युवा जो कि खिलाड़ी हो उसको कोई

**चुनाव की तैयारी**


**लाडवा हल्के के मरीज को 500 रुपये में हॉस्पिटल में पहुंचाने का काम किया जा रहा**

दिक्कत का सामना न करना पड़े। वहीं उन्होंने कहा कि हल्के में चार रसोईयां चलाई जा रही हैं। इसके साथ-साथ शाहबाद में भी पांचवी रसोई हाले ही में शुरू की गई है। जहां पर लोगों को मात्र पांच रूपए में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भरपेट भोजन मिलता है। इसके इलावा एंबुलेंस गाड़ी चलाई जा रही है। जो लाडवा हल्के के किसी भी मरीज को मात्र 500 रुपय में कुरूक्षेद्व यमुनानगर, अम्बाला, चंडीगढ़ हॉस्पिटल में पहुंचाने का काम किया जा रहा है। वहीं हल्के में कई निःशुल्क हेल्थ चैकअप कैम्प लगवा दिये गए हैं। मौके पर दीपक पंजेटा, रमेश चालिया, पंकज कुमार, सौरभ, घनश्याम काम्बोज, इमना कटारिया, प्रदीप कुमार, रणजीत आदि मौजूद थे।

# विमुक्त व घुमंतु जाति के लोगों के लिए दस्तावेजों में सुधार हेतु लगाया शिविर

**समाधान**

**विमुक्त एवं घुमंतु जाति से सम्बन्धित लोगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा ह**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

विमुक्त और घुमंतु जाति से सम्बन्धित लोगों के लिए डेहा बस्ती स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से सम्बन्धित लोगों की जो भी आवेदन प्राप्त हुए थे उस बारे उनका मार्गदर्शन करते हुए उनका निवारण करने का काम किया गया। जिला कल्याण अधिकारी शीशपाल मल्लाह ने बताया कि उपायुक्त डा. शालीन के कुशल मार्गदर्शन व विभाग के दिशा-निर्देशानुसार विमुक्त एवं घुमंतु जाति से सम्बन्धित लोगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से परिवार पहचान पत्र, वृद्ध सम्मान भत्ता, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड तथा आय व जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित जो भी समस्याएं है उनका समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में यहां पर शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होने यह भी बताया कि शिविर में पहुंच रहे लोगों को उनके कार्यों से सम्बन्धित जो भी समस्या है उस बारे पूछकर उनका मार्गदर्शन करते हुए उनका निवारण करने का काम भी किया जा रहा है। इस मौके पर रमेश पाल नौहनी ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का यह प्रयास है कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान हो और इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में विशेष कैम्पों का आयोजन किया जा रहा है। जिनमें परिवार पहचान पत्र, वृद्ध सम्मान भत्ता, आधार कार्ड, राशन कार्ड वोटर कार्ड तथा आय व जाति प्रमाण पत्र से सम्बन्धित जो भी समस्याएं है उनका समाधान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस कैम्प में किसी भी वर्ग का कोई व्यक्ति इन कार्यो के लिए अपनी समस्या कैम्प में सम्बंधित अधिकारियों के सामने रख कर उनका हल करवा सकता है। इसके लिए उन्हें सम्बंधित दस्तावेज लेकर आने होंगें। उन्होंने कहा कि विमुक्त और घुमंतु जाति के अधिकतर लोग शिक्षित नहीं है और इस कारण उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिविर में एक ही स्थान पर सम्बंधित विभागों के अधिकारी होने से जहां उनके कार्य आसानी से हो जाते है वहीं उन्हें सरकार की योजनाओं की भी जानकारी मिल जाती है। जिससे पात्र लोग उन योजनाओं का लाभ ले सकते है।

# गरीब मरीजों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श देने का लिया संकल्प



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** आज के परिपेक्ष्य में यदि देखा जाए तो वायुमंडल में तरह-तरह की बीमारियों को जन्म देने वाले रोग के कीटाणु भरे पड़े हैं जिसके कारण प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है। हर व्यक्ति के जीवन में इतनी व्यस्तता आ गई है कि किसी के पास समय नहीं है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति संकल्प कर ले कि मैंने समाज की भलाई के लिए कुछ करना है तो वह अवश्य ही बधाई का पात्र है ।इसका जीता जागता उदाहरण है लोक नायक जयप्रकाश हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में अपनी 18 वर्ष सेवाएं दे चुके डॉक्टर सुभाष चंद्र ग्रोवर जो चिकित्सा अधीक्षक के पद पर कार्यरत रहे उसके बाद गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) में तथा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज देहरादून

**संकल्प**

**डॉक्टर सुभाष चंद्र सिंगला मेडिकल कुरुक्षेत्र में गरीब बीमार लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श देते हैं**

(उत्तराखंड) में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं । डॉक्टर सुभाष चंद्र ग्रोवर ने सेवानिवृत्ति के बाद यह संकल्प लिया है कि मैं हमेशा गरीब और असहाय लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श दूंगा। इस समय डॉक्टर सुभाष चंद्र ग्रोवर सिंगला मेडिकल हाल नजदीक (एलएनजेपी हॉस्पिटल) कुरुक्षेत्र में असहाय और गरीब बीमार लोगों को मुफ्त चिकित्सा परामर्श देते हैं। वह प्रातः 9:00 से 1:00 तक सिंगला मेडिकल हॉल पर बैठते हैं।

# गांव माजरी में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

आजादी के अमृत महोत्सव के समापन समारोह के अंतर्गत गांव माजरी में जिला प्रशासन, नेहरू युवा केन्द्र अम्बाला, ग्राम पंचायत माजरी और आर्मी के सहयोग के मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सरपंच गुरप्रीत सिंह और पंचायत मेम्बरों ने आर्मी से आये हुए अधिकारियों और सैनिकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत

**राष्ट्र भक्ति**

**सरपंच गुरप्रीत सिंह और पंचायत मेम्बरों ने आर्मी से आये हुए अधिकारियों और सैनिकों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया**

किया। फिर कार्यक्रम के मुख्य बिंदु शिलाफलकम का उदघाटन डी डी पी ओ दिनेश शर्मा ने किया गया। जिला युवा अधिकारी अर्शदीप ने सभी उपस्थित को पंच प्रण की शपथ दिलाई और ध्वजारोहण किया। गांव में अमृत वाटिका के अंतर्गत पौधरोपण किया गया। जैसे कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मिट्टी को नमन वीरों का वंदन के अंतगर्त एडवोकेट राकेश मेहता ने वीरों के वंदन विषय के बारे में प्रकाश डाला और गांव से रिटायर्ड हवलदार स्वर्गीय श्री दलीप सिंह के पुत्र बलजिंदर सिंह को सम्मानित किया गया।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत स्कूली बच्चों ने किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**

**आजादी** के अमृत महोत्सव के तहत 9 से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आज खंड निजामपुर के गांव बामनवास में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेरी माटी मेरा देश अभियान की नोडल अधिकारी एवं एडीसी वैशाली सिंह ने बताया कि अभियान के तहत सभी गांवों में पौधरोपण किया जा रहा है वहीं पंच प्रण के साथ अपनी मिट्टी को नमन करते हुए वीरों का वंदन राष्ट्रगान के साथ किया जा रहा है।

# कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महासम्मेलन की तैयारियां जोरों पर: नरेश

## सम्मेलन में शिरकत करेंगे कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**

हरियाणा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश जोगी ने करनाल में 25 अगस्त को अनमोल ग्राउंड मेरठ रोड पर होने जा रहे पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सम्मेलन की तैयारियों हेतु जोरदार अभियान चलाया हुआ है ।नरेश जोगी ने कहा कि ग्रामीणों में हरियाणा कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सम्मेलन व बीपी प्रसाद मंडल की जयंती के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा है । नरेश जोगी ने बताया कि हर गांव में दौरे दौरान सम्मेलन के प्रति भारी



जन समर्थन और काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता जिस गांव में भी सम्मेलन का न्योता देने के लिए जा रहे हैं उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जा रहा है। जोगी ने बताया कि 25 अगस्त को करनाल में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ का सम्मेलन एक ऐतिहासिक सम्मेलन होगा जिसमें पिछड़ा वर्ग से संबंधित हजारों महिला पुरुष अपने-अपने वाहनों से आकर शिरकत करेंगे। सम्मेलन को कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव संबोधित करेंगे। सम्मेलन में कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष तेलु राम जांगड़ा, करताराम कश्यप रिटायर्ड डीएसपी व सीनियर नेता भी पधारेंगे। कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग

**उत्साह**

**पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के सम्मेलन व बीपी प्रसाद मंडल की जयंती के प्रति भारी उत्साह देखने को मिल रहा**

प्रकोष्ठ के सीनियर नेता साहब सिंह व श्यामा, महावीर , रणबीर कश्यप, सुशील कंबोज, प्रेमचंद सेन, मेहमा सिंह प्रजापत, रविंद्र बैरागी,चौधरी बलकार सिंह, मदनलाल गांव दर गांव जाकर सम्मेलन का न्योता दे रहे हैं ।

# खेल-खेल में विज्ञान को जानो कार्यक्रम चला बच्चों को दी जा रही है शिक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से जिला अंबाला के बरार ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले गांव अधोया के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अभूतपूर्व प्रयास किए जा रहे हैं जिसके काफी अच्छे परिणाम भी सामने आ रहे हैं स्कूल की खास बात यह है कि यहां की साइंस लैब में अधिकतर सामान वेस्ट मटेरियल से बनाया गया है ।ये स्कूल प्रदेश और देश के सामने एक नई मिसाल कायम की है ।स्कूल के प्रिंसिपल राजेश पाराशर

की देखरेख में चलाए जा रहे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के भौतिकी विज्ञान के अध्यापक राजेश कुमार अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं उनका मानना है कि



बच्चे खेल-खेल में बहुत कुछ सीख सकते हैं और वेस्ट मटेरियल से ही हम साइंस के बहुत से उपकरण तथा अन्य समान का निर्माण कर सकते हैं राजेश कुमार ने बताया कि जिला अंबाला में ग्रामीण विद्यार्थियों में विज्ञान विषय में रुचि बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट ,दैनिक जीवन में विज्ञान से संबंधित गतिविधियों को मॉडल विज्ञान गतिविधियों व प्रोजेक्ट आदि के माध्यम से करवाने हेतु निरंतर प्रयासरत है ।इसी मुहिम के तहत उन्होंने विद्यार्थियों में विज्ञान विषय में रुचि बढ़ाने के लिए व्यर्थ पदार्थ जैसे बोतल ,रबर, गेट के टुकड़े आदि से विज्ञान संबंधी विभिन्न मॉडल प्रोजेक्ट तैयार करने सिखाए हैं जिससे छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ने लगी है राजेश कुमार का कहना है कि कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने व्यर्थ सामान से एक सैनिटाइजर मशीन का निर्माण किया था जो काफी कारगर सिद्ध हुई थी तथा विभिन्न स्थानों पर इस मशीन का प्रयोग भी किया गया था। तब शिक्षा विभाग के अधिकारी सुधीर कालड़ा ने राजेश कुमार द्वारा निर्मित मशीन को देखते हुए उनका हौसला बढ़ाया था तथा जमकर सहना भी की थी । राजेश का कहना है कि हमने छोटी-छोटी चीजों से ही अनेक आविष्कार किए हैं जिसमे दैनिक जीवन को सुलभ बनाने में सहायक जैसे की ऑटोमेटिक स्कूल बेल, ऑटोमेटिक जल नियंत्रण उपकरण सहित अनेक वस्तुएं स्कूल स्कूल में तैयार की गई है इसके साथ ही उन्होंने यूट्यूब पर विज्ञान कितना आसान नाम से एक चैनल भी बनाया है ताकि जो बच्चे स्कूल नहीं आ सकते वह भी विज्ञान संबंधी जानकारियां मॉडल व प्रोजेक्ट्स का ज्ञान ले सके।

# 'मशरूम उगा कर लाखों कमाए किसान'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केंद्र अंबाला शहर द्वारा तीन दिवसीय खुम्ब उत्पादन पर व्यावसायिक प्रशिक्षण करवाया गया। अंबाला जिले के विभिन्न गांव से आए 55 प्रशिक्षणार्थियों ने इसका लाभ उठाया। केंद्र की प्रभारी सुनीता आहूजा ने केंद्र की गतिविधियों से परिचित करवाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा का किसान मेहनती एवं कर्मठ होने के नाते नई-नई तकनीक को अपनाने में हमेशा अग्रसर रहता है।

वहीं पिछले कुछ वर्षों से खुम्ब उत्पादन में भी किसानों का रुझान बड़ा है .खुम्ब स्वास्थ्य की दृष्टि से, व्यवसाय की दृष्टि से, आर्थिक दृष्टिकोण से,व पर्यावरण की दृष्टि से लाभदायक है। अतः खुम्ब उगाएं ,आमदनी बढ़ाएं और पर्यावरण बचाएं । आहूजा ने बताया कि खुम्ब एक अधिक एवं उच्च गुणवत्ता वाली प्रोटीन युक्त शाकाहारी सब्जी है। खुम्ब में कम वसा, कम कैलोरी, कम स्टार्च, कम कोलेस्ट्रॉल, व अधिक पोटैशियम सोडियम अनुपात के कारण खुम्ब का आहार उन व्यक्तियों के लिए वरदान स्वरुप है जो मोटापे अधिक तनाव व हृदय रोग से पीड़ित रहते हैं। इसमें भस्म व फाइबर उपलब्ध होने के कारण पेट का अमलीपन व कब्ज आदि को की शिकायत दूर रहती है।खुम्ब की खेती की तकनीकी व वैज्ञानिक जानकारी के लिए विशेष रूप से कृषि वैज्ञानिक डॉ0 आर एस चौहान पंचकूला से हमारे किसानों के बीच रहे व विस्तार पूर्वक इसकी खेती के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि मूल रूप से तीन चीजों की आवश्यकता होती है कंपोस्ट, स्पान (खुम्ब के बीज) तथा केसिंग मिश्रण। कंपोस्ट तैयार करने की दोनों विधियों कम अवधि द्वारा व लंबी अवधि द्वारा, अच्छी कंपोस्ट की पहचान, अच्छी कंपोस्ट के गुणों के बारे में समझाया। इसके अतिरिक्त बिजाई,केसिंग व केसिंग मिश्रण, खुम्ब का निकलना खुम्ब की तुड़ाई आदि के बारे में वैज्ञानिक जानकारी देकर किसानों को खुम्ब की खेती वैज्ञानिक तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया ताकि कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सके। लुवास की अधिकारी डॉक्टर वंदना भनोट ने पशु रोग जांच प्रयोगशाला की सुविधाओं की जानकारी दी।

# दिल्ली: स्कूलों में फोन नहीं चला सकेंगे बच्चे

## इमरजेंसी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी होंगे; क्लास-लाइब्रेरी में टीचर्स भी नहीं कर सकेंगे इस्तेमाल

**मोबाइल बैन**

**स्टाफ, शिक्षकों को क्लास, लाइब्रेरी, प्लेग्राउंड, लैब में मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने को कहा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**दिल्ली** सरकार ने स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। दिल्ली सरकार ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि पैरेंट्स यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे स्कूल में मोबाइल फोन लेकर न आएं। अगर बच्चे स्कूल में फोन लेकर आते है तो यह स्कूल मैनेजमेंट की जिम्मेदारी है कि उनके मोबाइल फोन को सुरक्षित रूप से लॉकर में रखवाएं। इसके अलावा स्कूलों को एक इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर भी जारी करना होगा, जिससे इमरजेंसी की स्थिति में स्टूडेंट्स अपने पेरेंट्स से बात कर सकें। एडवाइजरी में स्कूल स्टाफ और शिक्षकों को भी क्लास, लाइब्रेरी, प्लेग्राउंड और साइंस लैब जैसी जगहों पर मोबाइल फोन का इस्तेमाल नहीं करने को कहा गया है।

**दिल्ली शिक्षा निदेशक ने जारी की एडवाइजरी:** दिल्ली के शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने दिल्ली स्कूल शिक्षा नियम, 1973 के तहत यह एडवाइजरी जारी की है। प्राइवेट स्कूलों के एक एसोसिएशन से इसकी मांग की थी। एडवाइजरी में कहा गया है- मोबाइल फोन बच्चों की शिक्षा और उनके एकेडमिक प्रदर्शन को प्रभावित करता है। स्मार्टफोन के चलते बच्चों में बुली और हैरेसमेंट करने की घटनाएं बढ़ गई हैं। इसके अलावा आपत्तिजनक फोटो-वीडियो रिकॉर्ड और शेयर करने की घटनाएं भी बढ़ी हैं। इससे बच्चों की मानसिक स्थिति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**फोन के ज्यादा इस्तेमाल से कई बीमारियों का भी खतरा:** एडवाइजरी में कहा गया है कि आज के समय में मोबाइल फोन सबसे ज्यादा उपयोग किए जाने वाला गैजेट है। इसे स्टूडेंट्स और टीचर्स समेत सभी लोग इस्तेमाल करते हैं। इसीलिए हमारे लिए ये जरूरी है कि हम फोन पर बढ़ती निर्भरता पर विचार करें। इसके नेगटिव और पॉजिटिव प्रभावों को जानें। मोबाइल फोन के अधिक इस्तेमाल से एंग्जाइटी, डिप्रेशन, नींद की कमी, हाइपरटेंशन और आंखों से संबंधित समस्याएं भी हो सकती हैं।

## ऊर्जा बचत की दिशा में केजरीवाल सरकार की सकारात्मक पहल

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बिजली** की खपत कम करने और ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए केजरीवाल सरकार अपनी इमारतों, कार्यालयों और स्ट्रीटलाइट्स का 'एनर्जी ऑडिट' करवाएगी। इस एनर्जी ऑडिट का उद्देश्य बिजली के अधिक इस्तेमाल करने वाले स्थानों का पता लगाना और वहां स्मार्ट तरीकों से बिजली की खपत को कम करने की रणनीति तैयार करना है। राजधानी भर में सरकारी भवनों और स्ट्रीटलाइट्स के एनर्जी ऑडिट के विषय में साझा करते हुए ऊर्जा मंत्री आतिशी ने कहा शुक्रवार को कहा कि "केजरीवाल सरकार बिजली की हर यूनिट के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में सरकार अपने उन सभी सरकारी भवनों का एनर्जी ऑडिट करवायेगी जहां बिजली की खपत 500 किलोवॉट से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि, इस प्रक्रिया में इमारतों के भीतर विभिन्न उपकरणों और उपकरणों की वास्तविक ऊर्जा खपत को मापना, उसका आवश्यक अनुमानित न्यूनतम ऊर्जा के साथ तुलना करना और फिर बिजली की बचत के लिए आर्थिक और तकनीकी रूप से व्यावहारिक तरीकों की पहचान करना शामिल है।"

## पकड़ में आया मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर अश्लील हरकत करने वाला शख्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मंडी** हाउस मेट्रो स्टेशन पर एक महिला को अश्लील इशारे करने के आरोप में 23 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की पहचान शिवम शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बी.फार्मा किया है और वर्तमान में एक फार्मास्युटिकल कंपनी के मार्केटिंग विभाग में काम कर रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सोमवार को महिला ने पुलिस को बताया कि वह तुगलकाबाद मेट्रो स्टेशन से मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन से यात्रा कर रही थी। वह मंडी हाउस पर उतर गई और प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर अपने दोस्त का इंतजार कर रही थी।



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी संसद परिसर में साथियों संग हंसी-मजाक करते हुए।

## उपराष्ट्रपति ने हर घर तिरंगा रैली को किया रवाना

**अभियान**

**किशन रेड्डी ने आह्वान किया कि आने वाले 15 अगस्त को देश के नागरिक अपने घरों पर तिरंगा लगाएं**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को दिल्ली के प्रगति मैदान से हर घर तिरंगा' बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संस्कृति मंत्रालय द्वारा आयोजित इस रैली में केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, अनुराग ठाकुर, अश्विनी चौबे, मीनाक्षी लेखी, अर्जुन राम मेघवाल, शोभा करंदलाजे ने भी हिस्सा लिया। हर घर तिरंगा' बाइक रैली में भाग लेने के बाद केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने आह्वान किया कि आने वाले 15 अगस्त को देश के नागरिक अपने घरों पर तिरंगा लगाएं। यह 'आजादी का अमृत महोत्सव' का समापन कार्यक्रम है और हर किसी को इसका हिस्सा बनना चाहिए। हर घर तिरंगा' बाइक रैली में भाग लेने पहुंचे केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को 15 अगस्त और 26 जनवरी को अपने घरों में तिरंगा प्रदर्शित करना चाहिए। यह नागरिकों का कर्तव्य है।



## गोपाल अंसल ने हाईकोर्ट में दायर की याचिका

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उपहार** अग्निकांड से जुड़े सबूतों से छेड़छाड़ मामले में रियल एस्टेट कारोबारी गोपाल अंसल की दोष सिद्धि और सजा संबंधी याचिका पर उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार ने 74 वर्षीय गोपाल अंसल की याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है। इस मामले को 13 दिसंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। गोपाल अंसल इस मामले में पहले ही जेल की सजा पूरी कर चुके हैं। उनके अलावा 83 वर्षीय सुशील अंसल और उनके पूर्व कर्मचारी पीपी बत्रा ने भी सजा रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। उपहार



त्रासदी के पीड़ितों के संघ (एवीयूटी) ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर सबूतों से छेड़छाड़ मामले में दोषियों को दी गई सजा को बढ़ाने की मांग की है। गोपाल अंसल ने उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी पुनरीक्षण याचिका में दिए अपना पक्ष रखा है। 8 नवंबर, 2021 को रियल एस्टेट कारोबारी को सात साल की जेल की सजा सुनाई थी।

## आबकारी घोटाला: विजय नायर की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

### स्पेशल जज एमके नागपाल ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में विजय नायर की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने अंतरिम जमानत याचिका खारिज करने का आदेश दिया। विजय नायर ने अपनी मामी की सर्जरी के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने की मांग की थी। इसके पहले राऊज एवेन्यू कोर्ट विजय नायर की नियमित जमानत याचिका खारिज कर चुका है। विजय नायर ने दिल्ली हाई कोर्ट में डिफॉल्ट जमानत की अर्जी दायर कर रखी है। ईडी ने विजय नायर की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि नायर का रोल मीडिया कोआर्डिनेटर से ज्यादा था। उसे




पार्टी ने आबकारी नीति को लागू करवाने के लिए नियुक्त किया था। ईडी ने कहा था कि विजय नायर ने लगातार फोन और सिम को बदला। सिग्नल और टेलीग्राम जैसे ऐप का इस्तेमाल किया गया। 100 करोड़ साउथ से नार्थ लाया गया तो इसके लिए कई लोगों की मदद ली गई थी और हवाला आपरेटर का इस्तेमाल किया गया। सुनवाई के दौरान विजय नायर के वकील ने ईडी की दलील का विरोध करते हुए कहा कि ईडी का यह कहना पूरी तरह से गलत है कि विनय नायर की भूमिका मीडिया कोऑर्डिनेटर से ज्यादा थी। उन्होंने कहा था कि अगर हवाला ऑपरेटर के जरिये पैसों को साउथ

**सख्ती**

**विजय नायर ने अपनी मामी की सर्जरी के लिए अंतरिम जमानत पर रिहा करने की मांग की थी**

से नार्थ में लाया गया, तो उस हवाला ऑपरेटर को ईडी सामने क्यों नहीं लाती। उन्होंने ईडी का विजय नायर द्वारा फोन बदलने की बात पर कहा कि सीबीआई ने नायर का फोन जब्त कर लिया था उसके बाद नायर ने नया फोन लिया था। 6 जनवरी को ईडी ने आबकारी घोटाला मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में 12 को आरोपित किया गया है।

## सुकेश ने जैकलीन को जेल से किया विश



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** की मंडोली जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को उसके जन्मदिन पर बधाई देते हुए एक प्रेम पत्र लिखा है। इस खत में सुकेश ने हमेशा की तरह जैकलीन को कई प्यार भरे नामों से बुलाया है और अगले साल साथ में जन्मदिन मनाने का भी वादा किया है।

**'मैं तुम्हें बहुत ज्यादा मिस कर रहा हूं':** सुकेश ने खत की शुरूआत में लिखा, जन्मदिन की बहुत शुभकामनाएं। मेरी बेबी गर्ल ईश्वर की कृपा तुम पर बनी रहे। तुम्हारा जन्मदिन हर साल मेरे लिए बहुत खास दिन होता है। बल्कि मैं ये कहूं तो गलत नहीं होगा कि तुम्हारा बर्थडे मेरे लिए ज्यादा मायने रखता है। हर गुजरते दिन के साथ तुम ज्यादा सुंदर और जवान होती जा रही हो। मैं तुम्हें बता भी नहीं सकता कि मैं कितनी बुरी तरह से तुम्हें मिस कर रहा हूं।

**सुकेश ने जैकलीन ने लिए भेजा गिफ्ट:** यह खत सुकेश के वकील ने शुक्रवार को जारी किया है। सुकेश ने इसमें आगे लिखा है, मैं वो सारे लम्हें मिस कर रहा हूं जब

**पत्र लिखा**


**सुकेश ने अभिनेत्री जैकलीन को हैप्पी बर्थडे बेबी गर्ल, हम अगले साल साथ में मनाएंगे तुम्हारा जन्मदिन...**

मैं तुम्हें एक्जॉटिक फूल देता था। सबसे ज्यादा वो हग्स और केक शेयर करना। बेबी मुझे उम्मीद है कि मैंने जो गिफ्ट भेजा तुम्हें पसंद आया होगा। मैं समझता हूं कि कोई भी सोना, हीरा या मोती तुम्हें उतनी खुशी नहीं दे सकता जितना जानवरों के लिए घर बनाना। सुकेश ने अपने खत के साथ एक हाथ से बना हुआ कार्ड भी जैकलीन के लिए बनाया है।

**खत लिखने के साथ ही सुकेश ने ग्रीटिंग कार्ड भी बनाया:** ग्रीटिंग कार्ड के लिए सुकेश ने लिखा है कि बेबी कार्ड मैंने तुम्हारे लिए अपने हाथों से बनाया है। मैंने इसमें कुछ खास यादें संजोई हैं जो मैं आज के दिन मिस कर रहा हूं। माई डियर, मेरे अंदर जितनी भी अशांति है वह सब अब खत्म होने को है।

## सनसनीखेज: बच्चे की हत्या कर शव को बेड में डाला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी** जिले के इंद्रपुरी थाना इलाके अंतर्गत बुद्ध नगर में एक घर के बेड पर 12 साल के बच्चे शव मिला। घटना का पता तब चला जब मां घर पर आई और उसका बच्चा घर पर नहीं था। पुलिस जांच में बच्चे की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है। घरवालों ने एक महिला पर हत्या का शक जताया है। पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बच्चा संगीत सीखने के लिए एक शिक्षिका के पास जाता था। उस शिक्षिका का भी फोन आया कि बच्चा आया नहीं है। उसके बाद परेशान मां बच्चे को ढूंढते हुए घर में आई तो उसने सारा सामान घर पर ही



पड़ा था। इससे उसको शक हुआ और उसने घर के भीतर ही ढूंढना शुरू किया। घर का बेड एक तरफ से थोड़ा उठा नजर आने पर बच्चे की मां ने जैसे ही बेड खोला वह दंग रह गई। बच्चा बेसुध हालत में पड़ा था। उसने फौरन पड़ोस के लोगों के साथ पास में ही रहने वाले अपने भाई को बुलाकर बच्चे को आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने

**मचा हड़कंप**

**जब मां घर पर आई और उसका बच्चा घर पर नहीं था। बच्चे की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई**

छानबीन शुरू की और घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे से पुलिस को फुटेज मिला। जिसमें एक महिला घर में आती दिखाई दी थी। फिलहाल पुलिस उस महिला की तलाश में जुटी है। पुलिस को आशंका है कि उसी महिला ने बच्चे की हत्या कर शव को बेड मे डाला है। जानकारी के अनुसार बच्चा अपनी मां के साथ इंद्रपुरी के बुध नगर ई ब्लॉक में किराए के मकान में पिछले कई सालों से रह रहा है। महिला का पति उससे अलग रहता है। हालांकि, महिला का अपने पति से बातचीत होती थी और वह बच्चे से मिलने भी आता जाता था। महिला के पति का एक और महिला से दोस्ती थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार वह महिला इस बात से काफी नाराज रहती थी। बच्चे की मां ने उस महिला पर हत्या करने का शक जाहिर किया है। पुलिस उसके पति से उस महिला के बारे में भी पूछताछ कर रही है। महिला की गिरफ्तारी के लिए कई टीम बनाई गई है। पुलिस जांच में बच्चे की गला दबाकर हत्या करने की बात सामने आई है।

## कर्नल के घर से गहने, पिस्टल और 40 कारतूस चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली कैंट** के डिफेंस एन्क्लेव में एक कर्नल के घर में चोर लाखों के गहने, पिस्टल और 40 कारतूस निकालकर ले गए। दिल्ली कैंट थाना पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। कर्नल की पत्नी ने पुलिस को बताया कि 11 बजे वह पूजा करने के लिए कालकाजी मंदिर गई थीं। करीब पौने एक बजे वहां से घर लौटीं तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर बेडरूम में बिस्तर पर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी का लॉक तोड़ लाखों के गहने, 65 हजार रुपये, पिस्टल और करीब 40 कारतूस ले जा चुके थे।

## लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज कम्पाउंड की बिल्डिंग में लगी आग

**पाया काबू**

**मौके पर दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और थोड़ी देर बाद आग पर काबू पा लिया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नई दिल्ली** जिले के गोल मार्केट स्थित लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज कम्पाउंड की एक बिल्डिंग में शुक्रवार दोपहर दो बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की आधा दर्जन से अधिक गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और थोड़ी देर बाद आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दमकल कंट्रोल रूम को अपराह्न करीब 2:25 बजे आग लगने की सूचना मिली। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज के गेट नंबर 2 के पास कम्पाउंड में स्थित बिल्डिंग के एनाटॉमी विभाग के प्रथम तल पर आग लगी है। इस घटना में फिलहाल किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है।

## सुल्तानपुरी दंगों पर सज्जन कुमार के खिलाफ अब 29 को आएगा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** राउज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 में दिल्ली के सुल्तानपुरी सिख विरोधी दंगा मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार के खिलाफ दर्ज मामले में फैसला टाल दिया है। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने इस मामले पर 29 अगस्त को फैसला सुनाने का आदेश दिया। पहले इस मामले की सुनवाई पटियाला हाउस कोर्ट में चल रही थी। बाद में इस केस को राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया। ये केस सुल्तानपुरी का है। इस केस को दर्ज करने का आदेश सिख विरोधी दंगों की जांच के लिए बनी नानावती आयोग ने दिया था। 16 नवंबर 2018 को इस केस की मुख्य गवाह चाम



कौर ने पटियाला हाउस कोर्ट में अपनी गवाही के दौरान कोर्ट में उपस्थित सज्जन कुमार की पहचान की थी। 20 सितंबर 2018 को चाम कौर ने आरोप लगाया था कि उन्हें कोर्ट में गवाही देने से रोका जा रहा है । चाम कौर ने पटियाला हाउस कोर्ट में याचिका दायर कर अपनी सुरक्षा की मांग की थी। चाम कौर ने

**फैसले का इंतजार**

**पहले इस मामले की सुनवाई पटियाला हाउस कोर्ट में चल रही थी। इस केस को राऊज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया**

कहा था कि उन्हें फोन पर धमकी दी जा रही है कि अगर उसने कोर्ट में गवाही दी तो गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार हो जाए। चाम कौर ने कहा था कि 19 सितंबर की रात दिल्ली के सुल्तानपुर माजरा के पूर्व कांग्रेस विधायक जय किशन के लोगों ने उसके घर आकर धमकी दी। उन्हें पैसे का भी लालच दिया गया। 28 मार्च 2019 को जोगिंदर सिंह ने अपने बयान में पटियाला हाउस कोर्ट को बताया था कि सज्जन कुमार ने भीड़ का नेतृत्व किया और उन्हें उकसाने का काम किया था। जोगिंदर सिंह ने कहा था कि जब वे पुलिस के पास एफआईआर लिखवाने पहुंचा तो पुलिस ने सज्जन कुमार का नाम लिखने से इनकार कर दिया। जोगिंदर सिंह ने कहा था कि उस दंगे में उसके भाई की हत्या कर दी गई थी। सज्जन कुमार एक दूसरे सिख विरोधी दंगों के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद दिल्ली की मंडोली जेल में बंद हैं। सज्जन कुमार ने 31 दिसंबर 2018 को दिल्ली के कड़कड़डूमा कोर्ट में सरेंडर किया था।

## न्यूज फ्लैश

### रोटरी क्लब ने माड्ल संस्कृति स्कूल में दिए 21 छत के पंखे



गन्नौर। रोटरी क्लब आफ गन्नौर द्वारा माड्ल संस्कृति स्कूल में गर्मी में कमरों में लगाने के लिए 21 छत के पंखे वितरित किए। क्लब के प्रधान एवं प्रौजेक्ट चेयरमैन राजेश जैन, सचिव विकास जैन, कोषाध्यक्ष संदीप जैन ने सहयोग दिया। इसके अलावा क्लब के कार्यकारी सदस्य एवं पूर्व प्रधान रोटेरियन प्रीतम आहुजा, नवीन खन्ना, राकेश जैन ने कार्यक्रम का संचालन कराया। क्लब के पूर्व सहायक सर्वनर डा. संजय जैन ने क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्लब समय- समय पर समाज सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। स्कूल के शिक्षकों ने क्लब के प्रधान राजेश जैन व क्लब का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक एवं क्लब के पदाधिकारी अमित बत्रा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### छात्रों को रोटरी क्लब आफ रायल ने वितरित की पाठ्य सामग्री



गन्नौर: रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल के द्वारा शुक्रवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर्स और खाने पीने की सामग्री वितरित की गई। प्रोजेस्ट चेयरमैन अजय जैन ने बताया कि स्कूल में बच्चों को काफी समय से पाठ्य सामग्री की जरूरत थी। क्लब ने जरूरतमंद 135 छात्रों को सामान वितरित किया गया। क्लब के प्रोजेक्ट के तहत कई अन्य स्कूलो मे बच्चों को श्रीरंग बुक और कलर्स दिए जाएगें। क्लब के प्रधान जतिन जैन ने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चो पाठ्य सामग्री व अन्य सुविधा देने का प्रयास रहेगा। क्लब के सदस्य अजय त्यागी,अखिल जैन,गौरव जैन, दिजैन, श्वेत मिनल सुनीता जैन बन्नी उपस्थित रहे।

### आप नेता ने बिजली आन्दोलन को जनता तक पहुंचाने के लिए चलाया अभियान



**राई: हलके के** गांव छतेहरा में आम आदमी पार्टी शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला प्रधान सतनारायण आंतिल ने अरविंद केजरीवाल के बिजली आंदोलन को जनता तक पहुंचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। आंतिल ने बताया कि हरियाणा में बिजली पूरे देश में सबसे ज्यादा महंगी है और जबकि दिल्ली और पंजाब में सबसे सस्ती है। अगर आम आदमी पार्टी की सरकार आती है तो हम बिजली, पानी और स्वस्थ उपचार की दवाई फ्री व बहुत ही कम रेट पर दी जाएगी। हरियाणा में बिजली कटौती बहुत होती है और बिजली बिल गलत दे दिया जाता है जिससे गरीब लोगो को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। बिजली समस्या और शिकायतों से जनता परेशान है। बिजली विभाग शिकायतों का समाधान करने की बजाय उपभोक्ताओं पर मनमानी थोप रहा है। इसी मनमानी का जवाब देने के लिए हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने बिजली आंदोलन शुरू कर रखा है। ग्रामीणों से वादा किया कि सरकार बनने पर दिल्ली व पंजाब की तर्ज पर सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। आंतिल ने कहा कि जनता बिजली बिलों से परेशान हो चुकी है। बिजली समस्या से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी का नारा है नो कट नो बिल 24 घंटे फ्री बिजली। इस मौके पर काफी संख्या में आप कार्यकताओं के साथ ग्रामीण भी मौजूद थे।

### स्वतंत्रता दिवस तक नैक्सस अमृतसर में भारी डिस्काउंट की सौगात



**अमृतसर**: गुरु नगरी अमृतसर में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शापिंग के दीवानों के लिये नैक्सस अमृतसर ओर अधिक यादगार बनाने जा रहा है । शापिंग के इस सुखद अनुभव के लिये मॉल में प्रोडक्ट्स और ब्रांड्स पर उपभोक्ताओं कों 70 फीसदी तक की छूट दी जा रही है। यह डिस्काउंट आफर 11 अगस्त से शुरू हो चुकी है जोकि 15 अगस्त तक जारी रहेगी।

# सैन समाज ने मांगों को लेकर विधायक ढांडा को ज्ञापन सौंपा

## 4 दिसंबर को सैन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष में अवकाश घोषित किया जाए



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत सैन** समाज में अपनी मांगों को लेकर पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा को ज्ञापन सौंपा। सैंन समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुखदेव सैन डोहलिया के नेतृत्व में और सैनचार्य नरेश आनंद महाराज के सानिध्य में समाज के लोग एकत्रित हुए और अपनी मांगों को लेकर विचार विमर्श किया। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने कहा कि सैन समाज का काफी गौरवशाली इतिहास रहा है। इसी समाज में सती नारायणी माता वैध धनवंतरी, संत शिरोमणि सैन जी महाराज, और सम्राट महापद्मनंद जैसे अनेक महापुरुषों ने जन्म लिया। इन सभी ने अपने अपने आदर्शों से समाज को सही दिशा में ले जाने की ओर काम किया। समाज को एक अच्छी शिक्षा और सीख प्रदान की। अन्य सभी समाज की भांति सैन समाज का भी हरियाणा एवं देश पर अधिकार है। हरियाणा प्रदेश में सैन समाज लाखों वोटर है। जो समाज की मुख्य धारा से जुड़े हुए हैं। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने मांग की है कि सैन समाज द्वारा प्रतिवर्ष 4 दिसंबर को संत शिरोमणि सैन जी महाराज की जयंती मनाई जाती है। जिनकी वाणी को सिख धर्म के गुरु ग्रंथ साहिब में भी स्थान दिया गया है इसलिए 4 दिसंबर को सैन जी महाराज की जयंती के उपलक्ष में अवकाश घोषित किया जाए और राज्य पर जयंती मनाई जाए?। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी ओबीसी की लिस्ट में केवल सैन नाम से ही गैजेट/नोटिफिकेशन जारी किया जाए। किसी भी मेडिकल या इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम संत शिरोमणि सैन जी महाराज के नाम से रखा जाए। इसके साथ ही समाज लोगों को राजनीति में भी भागीदार बनाते हुए उन्हें प्रतिनिधित्व का मौका दिया जाए। इस मौके पर अशोक सैन, विनोद सैन, राकेश सैन,धारा काबडी,सोनू सैन,पवन लाकड़ा,जय भगवान टंडन, सुरेंद्र सैन सहित अन्य लोग मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## 'जजपा का हर कार्यकर्ता चल रहा है ताऊ देवीलाल की नीतियों पर'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)**
**जननायक जनता** पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ताऊ देवीलाल की नीतियों पर चलकर हरियाणा प्रदेश में जनहित के कार्य कर रही है। जजपा का हर कार्यकर्ता ताऊ देवी लाल के पद चिन्हों का अनुसरण करते हुए हर वर्ग के लिए कार्य कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष सरदार निशान सिंह बुधवार को गांव लुखी में स्थित खैहरा फार्म पर जजपा कार्यकताओं से मिल कर उन्हें जननायक जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कार्यकताओं से बाढ़ से प्रभावित लोगों के बारे में भी फीडबैक लिया। इस मौके पर जजपा के जिला युवा अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर खैहरा, गजेंद्र शर्मा, नीरज भारद्वाज ,डॉक्टर ईश्वर मोर, सुशील राणा ,अनिल राणा ,सरदार हीरा सिंह ,सरदार करनैल सिंह, सरदार अजमेर सिंह ,सतीश मंढान आदि मौजूद रहे।

## गांव खंदराई, गंगाना तथा जागसी में किया गया शिलाफलक का निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/रमेश कुमार**
**उपायुक्त ललित** सिवाच के निर्देशन व एसडीएम आशीष कुमार के नेतृत्व में जिला में चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मुण्डलाना ब्लॉक के गांवों खंदराई, गंगाना तथा जागसी के ग्रामीणों ने देश की वीर शहीदों की याद में शिलाफलक का निर्माण करवाया। इस शिलाफलक पर गांव के शहीदों के नाम लिखवाए गए ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी भी उनके बलिदानों के बारे में जान सके।

इस दौरान ग्रामीणों ने वीर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया और उपस्थित समस्त ग्रामवासियों ने भारत को एक विकसित देश बनाने, गुलामी की मानसिकता को खत्म करने, हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व करने, एकता और एकजुटता बनाए रखने, नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने और राष्ट्र की रक्षा करने वालों का सम्मान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए पंच प्राण का संकल्प लिया।

### टाइम्स प्राइम और हल्दीराम ने स्विगी इंस्टामार्ट के साथ 4000 लड्डू वितरित करने में सहयोग करेंगे

**नई दिल्ली।** भारत के 76वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाने के लिए, टाइम्स प्राइम ने देश के प्रमुख डिजिटल सदस्यता कार्यक्रम के तहत 4,000 किलोग्राम से अधिक पारंपरिक स्वादिष्ट लड्डू वितरित करके 'आजादी का त्योहार' की खुशी फैलाने के लिए हल्दीराम के साथ हाथ मिलाया है। यह अनोखा सहयोग ग्राहकों को खुश करने के लिए तैयार किया गया है, क्योंकि उत्सव को स्विगी इंस्टामार्ट के निर्बाध डिलीवरी नेटवर्क के माध्यम से एक स्वादिष्ट अभिव्यक्ति मिलती है। सहयोग के तहत, ऑर्डर देने वाले ग्राहकों को स्विगी इंस्टामार्ट के माध्यम से उनके घर पर मुफ्त हल्दीराम के लड्डू मिलेंगे। उत्सव के दौरान, 60,000 घरों में 4,000 किलोग्राम से अधिक वितरित किया जाएगा। इस प्रयास का उद्देश्य घरों में परंपरा की भावना पैदा करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल में सभाओं की पुरानी यादों को ताजा करना है।

## 'स्कूली बच्चों की रिहर्सल में दिखाई देता देश के प्रति जोश व जज्बा'



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**स्थानीय** शिवाजी स्टेडियम में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिले भर के 24 स्कूलों के 25 सौ बच्चों ने 3 घंटे मास पीटी, डब्ल लेजियम और कई अन्य इवेंट की रिहर्सल में की। रिहर्सल का निरीक्षण एसडीएम वीरेंद्र कुमार ढुल ने किया। एसडीएम ने कहा कि रिहर्सल में बच्चों में देश भक्ति की भावना दूर से दिखाई पड़ती है। जिस हौंसले व जोश से बच्चे रिहर्सल कर रहे हैं उनकी जितनी तारिफ की जाये कम है। रिहर्सल के माध्यम से स्कूली बच्चों को अपनी उपलब्धी के बारे में पता चलता है। देश के प्रति उनकी कुछ करने की भावना जागृत हाती है। एसडीएम ने कहा कि बच्चों को ऐसे कार्यक्रमों में जरूर हिस्सा लेना चाहिए।
यदि किसी कारण से वे हिस्सा न भी ले पाएं, तो उन्हें ऐसे कार्यक्रमों को देखने के लिए जरूर आना चाहिए। एसडीएम ने बच्चों को बताया कि स्वतंत्रता दिवस मनाने का मकसद केवल परेड में हिस्सा लेना व कार्यक्रम प्रस्तुत करना नहीं है, बल्कि इस बात का अहसास है कि देश के नागरिक लोकतंत्र में विश्वास करते हैं।
एसडीएम ने रिहर्सल के दौरान उनका कुशलक्षेम भी जाना और अनुशासन में रह कर रिहर्सल करने के निर्देश दिये। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने खेलों में बदलता हरियाणा, भंगड़ा, समूह नृत्य, समूह गीत संगीत, हरियाणवी नृत्य से संबंधित इवेंट की भी रिहर्सल की।

# जिले में ऊर्जा संरक्षण के लिये जिला प्रशासन वचनबद्ध: कैप्टन शक्ति

## एसोचैम ने हरेडा के सहयोग से एनर्जी प्रोफेशनल्स के लिये ऊर्जा संरक्षण पर डिवीजनल लेवल वर्कशॉप का किया आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/बहादुरगढ़**
**एसोसियेटिड** चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) ने डिपार्टमेंट ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी, झज्जर के सहयोग से शुक्रवार को गौराया टूरिस्ट कांप्लेक्स में उद्योगों में ऊर्जा संरक्षण के अवसरों पर एक दिवसीय कार्यशाला और दिनचर्या में ऊर्जा संरक्षण पर स्थानीय स्टूडेंट्स के लिये कैपेसिटी बिल्डिंग का सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य इस बात पर बल देना था कि ऊर्जा की बचत करना उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना ऊर्जा का उत्पादन करना। कार्यशाला में ऊर्जा संरक्षण और ऊर्जा दक्षता उपायों पर प्रकाश डाला गया जिन्हें बिजली बिल में कटौती करने के लिये अपनाया जा सकता है। कार्यशाला में झज्जर, रोहतक, भिवानी, सोनीपत, चरखी दादरी के एमएसएमई (सूक्ष्म और लघु उद्योगों) के मालिकों/ प्रतिनिधियों, डीएनआरई, हरेडा, बीईई के अधिकारियों और विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में भाग लिया और ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न पहलुओं से अवगत हुये। हरेडा के चेयरमेन एसके सिंघल इस अवसर पर मुख्यातिथि रहे जबकि झज्जर के उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह (आईएएस) गेस्ट और ऑनर के रुप में शामिल हुये एसके सिंघल ने अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि हरियाणा सरकार भी ऊर्जा संरक्षण के लिये प्रतिबद्ध है। राज्य में ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम पॉलिसियों, रेगुलेशन और इनसेंटिव्स के साथ चलाये जा रहे हैं। उन्होंनें बताया कि प्रदेश में 100 किलोवाट से अधिक कनेक्टेड लोड वाले भवनों के लिये एनर्जी ऑडिट अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य में कमर्शियल भवनों के लिये ऊर्जा संरक्षण भवन कोड अनिवार्य कर दिया गया है।

### क्रोमा का स्वतंत्रता दिवस सेल: बहुत सारे उत्पादों पर पाइए बहुत बड़े डिस्काउंट्स!

**नोएडा। भा**रत की स्वतंत्रता के 76 वें वर्ष के उपलक्ष्य में क्रोमा चला रहा है "लेट फ्रीडम फाइंड यु" कैम्पेन। 16 अगस्त 2023 तक चलने वाले इस कैम्पेन में क्रोमा आपके लिए प्रस्तुत कर रहा है कई आकर्षक डील्स और ऑफर्स, जिनका लाभ उठाकर आप खरीद सकते हैं मनचाहे स्मार्टफोन्स, टीवी, होम अप्लायंसेस और अन्य कई उत्पाद। देश भर में फैले हुए 385 से ज्यादा क्रोमा स्टोर्स और क्रोमा डॉट कॉम वेबसाइट पर भी इन डील्स और ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है।
अब लॉन्ड्री का टेन्शन होगा खत्म, क्योंकि क्रोमा में मिल रही है खास तौर पर चुनकर लायी गयी हाई-क्वालिटी वाशिंग मशीनों की रेन्ज। क्रोमा वॉशर ड्रायर की सुविधा और दक्षता का अनुभव आप कर सकेंगे, सिर्फ 1,997* रुपयों के मासिक ईएमआई की सुविधा के साथ। आकर्षक कैशबैक ऑफर्स के साथ फ्रंट लोड वाशिंग मशीनों की कीमतें क्रोमा में 19,990* रुपयों से आगे हैं। अपने घर पर ही आराम से बैठकर लीजिए बिग स्क्रीन का मजा, 55" ओएलईडी टीवी के साथ अपने एंटरटेनमेंट सेटअप को पूरा नया करने का यही है सही मौका क्योंकि क्रोमा में इसके साथ आपको मिल रहे हैं सुविधानजक ईएमआई विकल्प हर महीने सिर्फ 2,999* रुपयों से आगे। और भी ज्यादा इमर्सिव व्यूइंग अनुभव के लिए घर ले आइए क्रोमा क्यूएलईडी गूगल टीवी, कीमत 50,999* रुपयों से आगे। कुकिंग का पैशन रखनेवालों को क्रोमा दे रहा है बढ़ावा, चारकोल टेक्नोलॉजी वाला 28 लीटर का कन्वेक्शन माइक्रोवेव मिल रहा है हर महीने सिर्फ 1,499* रुपयों के ईएमआई में। अब बहुत ही आसानी से बनाइए अपनी सभी मनचाही डिशेस।

### मारियो ने दिलजीत दोसांझ को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया

**टीम एक्शन इंडिया/रोहतक**
रस्क बाजार के अग्रणी ब्रांड, मारियो रस्क को यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि उन्होंने बेहद ही काबिल एक्टर और सिंगर, दिलजीत दोसांझ के साथ सहयोग किया है। अब वह मारियो रस्क के ब्रांड एम्बेसडर हैं। दिलजीत दोसांझ को अपने साथ शामिल करने का मारियो का फैसला बड़े पैमाने पर लोगों में उनके आकर्षण और हर पीढ़ी तथा क्षेत्र में अलग-अलग दर्शकों से जुड़ जाने की उनकी काबिलियत से प्रेरित है। उनकी लोकप्रियता संस्कृतियों से परे है, जो उन्हें हर क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण और पसंदीदा व्यक्तित्व बनाती है। मौज-मस्ती पसंद करने वाली पर्सनैलिटी के रूप में, दिलजीत सही मायने में मारियो रस्क के असली स्वाद का प्रतीक हैं। इसमें अपनेपन की खुशी और जुड़ाव देखने को मिलता है। मूल्यों और खूबियों के मेल की बदौलत, दिलजीत दोसांझ ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने और मारियो ग्राहकों के साथ भावनात्मक संबंध बनाने के लिए बिल्कुल सही पसंद है।

# हर गांव में होगा अमृत वाटिका का निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**आजादी का** अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत इस बार जिला में मेरी माटी- मेरा देश अभियान प्रत्येक गांव में चलाया जाएगा। इस अभियान के दौरान प्रत्येक गाँव, खंड और म्युनिसिपल स्तर पर मिट्टी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम, वसुधा वंदन और हर घर तिरंगा कार्यक्रम समेकित रूप में चलाया जाएगा। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत मेरी माटी- मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में गाँव, खंड व जिला स्तर पर कलश यात्रा निकाली जाएगी। इस कलश यात्रा में हर गाँव की मिट्टी इक्ठी करके इसे आगामी 30 अगस्त को दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की यात्रा में ले जाया जाएगा।
सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी ने कहा कि हर गाँव में युवाओं और गणमान्य व्यक्तियों के साथ मिल कर गाँव की मिट्टी को एक कलश में भर कर गाँव में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके साथ साथ हर गाँव के वीर शहीदों व रणबांकुरों की सूची बनाई जा रही है। उनके नाम को गाँव की मुख्य सडक या बिल्डिंग के पास गौरवपट्ट पर उकेरा जा रहा है ताकि हर गाँव के नौजवानों को अपने शहीदों पर नाज हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित बीडीपीओ को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यक्रम के अन्य घटक वसुधा वंदन के तहत सभी अमृत सरोवरों व सार्वजनिक स्थानों पर अधिक

# बड़ी गांव में अमृत वाटिका स्थापित करते हुए पंच प्रण की शपथ ली

## एसडीएम व बीडीपीओ के निर्देशन में चलाया जा रहा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**देश के वीर** शहीदों को समर्पित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ी व उद्देशीपुर में जनभागीदारी के साथ कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। दोनों गांवों में अमृत वाटिका स्थापित करते हुए ग्रामीणों को सरपंच नीरज त्यागी व सरपंच प्रतिनिधि अरूण त्यागी व पंचों को पंच प्रण की शपथ दिलाई।
एसडीएम डा. निर्मल ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि वे लगाये गये पौधों का पूर्ण संरक्षण करते हुए पर्यावरण संरक्षण को मजबूती प्रदान करें। गन्नौर में देशभक्ति के जज्बे के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मनाया जा रहा है। गांव की सरपंच नीरज त्यागी ने कहा कि पर्यावरण रक्षा ही जीवन सुरक्षा है। इसलिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उधर उद्देशीपुर गांव में शिलापक्कम की स्थापना की गई, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश के साथ गांव के वीर शहीदों नाम भी अंकित करवाये गये। साथ में अमृत वाटिका स्थापित करते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। इसी प्रकार बड़ी गांव में भी अमृत वाटिका की स्थापना करते हुए शिलापक्कम को स्थापित किया गया। एसडीएम डा. निर्मल ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि यह कार्यक्रम अपनी मिट्टी व शहीदों को नमन करने का सुअवसर प्रदान कर रहा है।
एसडीएम ने कहा कि लोगों को शपथ दिलाई कि वे देश की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। साथ ही अपने नागरिक होने के कर्त्तव्य का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों का उत्साह स्वागत योग्य है। लोग खुद कार्यक्रमों का हिस्सा बन रहे हैं और अपने वीरों को नमन कर रहे हैं।

**शपथ**
ग्रामीणों को सरपंच नीरज त्यागी व सरपंच प्रतिनिधि अरूण त्यागी व पंचों को पंच प्रण की शपथ दिलाई

## हरी कृष्णा ग्रुप की ब्रांड KISNA डायमंड एन्ड गोल्ड ज्वैलरी अब नागपाल्स ज्वैलरी में

**टीम एक्शन इंडिया/गाज़ियाबाद:** भारतीय बाजार की हरी कृष्णा ग्रुप द्वारा निर्मित KISNA डायमंड एन्ड गोल्ड ज्वैलरी अपने रिटेल पार्टनर नागपाल्स ज्वैलरी के शोरूम पर तीन दिवसीय आभूषण प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रदर्शनी 76वे स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 11 से 13 अगस्त 2023 तक होगी जिसमे हीरे और सोने के आकर्षक आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला होगी। ललित नागपाल ने कहा - KISNA द्वारा आयोजित यह भव्य प्रदर्शनी हमें एक मंच के तहत मूल्यवान आभूषण बेचने एवं नवीन ग्राहकों के साथ जुड़ने और नेटवर्किंग बढ़ाने का बेहतरीन अवसर प्रदान करती हैं। जिसमें अपने उपभोक्ताओं को एक साल तक आभूषण बीमा, वापसी पर 90 प्रतिशत मूल्य, 95 प्रतिशत एक्सचेंज के साथ लाइफ टाइम पॉलिशिंग जैसी सुविधाएं प्रदान करती
अतः आभूषण के प्रतिबेहद लगाव एवं उचित मूल्य में नए नए डिजाइंस को खोजने वाले ग्राहकों के लिए शानदार अवसर भी है जिन्हे बेहतर अनुभव के साथ मनपसंद आभूषण खरीदने में आसानी होती है। साक्ष्य नागपाल ने कहा - "इस प्रदर्शनी में पारम्परिक से लेकर समकालीन एवं ट्रेंडी डिजाइनों को शामिल किया है अतः जो लोग आभूषणों में कुछ नवीनतम रुझान की खोज करते है उनके लिए यह उत्कृष्ट अवसर है। हम इंदिरापुरम में ज्वेलरी के प्रति उत्साहित लोगो का स्वागत करते है और आप सभी को यह विश्वास दिलाते है की आप हमारे शोरूम नागपाल्स ज्वैलरी का दौरा करेंगे तो आपको हमारी प्रदर्शनी में बेहतरीन एवं आकर्षक डिजाइंस के उच्च गुणवत्ता वाले आभूषणों का अच्छा अनुभव होगा। KISNA और नागपाल्स ज्वैलरी की इस प्रदर्शनी में आभूषण के प्रति उत्साही सभी लोगों के लिए एक अविस्मरणीय पल होने का वादा करती है, किसना, हरी कृष्णा ग्रुप द्वारा 2005 में लॉन्च किया गया भारत का एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिसका देशभर में 3500 रिटेलर्स का व्यापक नेटवर्क है। जो हिरे के आभूषण में विश्व की सबसे बड़ी वितरित ब्रांड होने का विश्वास दिलाती है।

## संपादकीय

# कैसे बचेगा लोकतंत्र

क्या देश पर 50 सालों तक शासन करने की अपनी महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए सरकार संवैधानिक संस्थाओं को अपनी कठपुतली बनाने में जरा भी नहीं झिझकेगी। ये सारे सवाल दरअसल मानसून सत्र के दौरान आई एक खबर की उपज हैं। वैसे तो इस बार का मानसून सत्र मणिपुर मुद्दे पर हंगामे, राहुल गांधी की संसद में वापसी और सबसे अधिक मोदी सरकार के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के कारण खबरों में रहा है। लेकिन इन खबरों के शोर में कई जरूरी विधेयक सरकार ने आनन-फानन में पारित करवा लिए, इसकी खबर ही नहीं हुई। अब खबर आई है कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय का उल्लंघन करते हुए मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण कब्जे की तैयारी में है। दरअसल 2024 के चुनाव से पहले मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की शक्ति अपने हाथ में लेने के लिए सरकार नया विधेयक ला रही है। प्रस्तावित विधेयक में मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया के पैनल से मुख्य न्यायाधीश का नाम हटाया गया है। विधेयक में तीन सदस्यीय पैनल में प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और सरकार के एक मनोनीत मंत्री हैं, मतलब साफ है कि मोदी सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति का संतुलन पूरी तरह अपने पक्ष में करना चाहती है। जबकि इससे पहले शीर्ष अदालत ने मार्च 2023 में कहा था कि मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्तिराष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और भारत के मुख्य न्यायाधीश की समिति की सिफारिश पर की जाएगी। न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक सर्वसम्मत फैसले में कहा था कि यह मानक तब तक लागू रहेगा जब तक कि इस मुद्दे पर संसद द्वारा कानून नहीं बनाया जाता। लेकिन सरकार के इस ताजा कदम से यही अंदेशा होता है कि अब चुनाव आयोग जैसी महत्वपूर्ण संस्था को मोदी सरकार अपने इशारों पर चलाने की बदनीयत रखती है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के आरोप मोदी सरकार पर सैकड़ों बार लगे। सरकार के पास इन्हें नकारने के लिए कोई संतोषजनक जवाब हैं भी नहीं। वैसे भी मोदी सरकार में जवाबदेही की परंपरा खत्म हो चुकी है। यहां सवाल के बदले या तो आरोप लगाए जाते हैं या फिर पुरानी बातों को उखाड़ कर नए सिरे से पेश किया जाता है। मणिपुर की गंभीर समस्या पर देश देख रहा है कि किस तरह सरकार जवाब देने में आनाकानी करती रही, प्रधानमंत्री मोदी संसद में आने से बचते रहे तो मजबूरन इंडिया को अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। मंगलवार से अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा शुरू हुई और प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को संसद पहुंचे। उन्हें गुमान है कि बहुमत के कारण उनकी सरकार का कोई बिगाड़ नहीं हो सकता। लेकिन जिस पद पर वे बैठे हैं, वहां उन्हें बिगाड़ से ज्यादा ईमान की फिक्र करना चाहिए।प्रधानमंत्री से पहले उनकी सरकार के बाकी मंत्री अविश्वास प्रस्ताव पर जो कुछ कहते रहे, उसमें मणिपुर की बात कम और अपनी सरकार की, प्रधानमंत्री की वाहवाही अधिक थी। क्या इस देश के लोगों ने भाजपा को बहुमत इसलिए दिया था कि वह देश में शांति और स्थिरता की बात छोड़कर अपनी तारीफें करती रहे। क्या भाजपा को या नरेन्द्र मोदी को अपने कामों पर इतना भरोसा नहीं है कि तारीफ का जिम्मा वो जनता पर छोड़ दें।

# देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा रोहिंग्या



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> दिल्ली दंगा और शाहीन बाग जैसा प्रयोग उसी से जुड़ा हुआ था। समय बीतने के साथ बांग्ला देश से आए शरणार्थियों को वापस भेजने की बात तो दूर, म्यांमार (बर्मा) से रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ शुरू हो गई जो धीरे-धीरे देश के अन्य हिस्सों से होते हुए जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य तक जा पहुंचे। अपराधिक गतिविधियों के कारण जब इनका विरोध शुरू हुआ तब जो तबका बांग्लादेशी मुस्लिमों को गोद में बिठाए रखने की वकालत करता रहा वही रोहिंग्या की तरफदारी में खड़ा हो गया।
> गौरतलब है रोहिंग्या को म्यांमार सरकार ने बांग्ला देशी मानकर अपने देश से निकाल फेंका, वहीं बांग्लादेश भी उनको स्वीकार करने राजी नहीं। अपराधिक मानसिकता के कारण वे बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। उनके संबंध आतंकवादी संगठनों से हैं

**बीती** 29 जुलाई को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बोंगाईगांव में पुलिस अधीक्षकों के दो दिवसीय सम्मेलन के समापन पर अपने संबोधन में रोहिंग्या मुसलमानों को देश के लिए खतरनाक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। पड़ोसी देश म्यांमार के रखाइन प्रांत में 2012 से रोहिंग्या शरणार्थियों के खिलाफ हिंसा शुरू हुई थी। इस हिंसा में बड़ी संख्या में लोग मारे गए और लाखों को विस्थापित होना पड़ा था। रोहिंग्या म्यांमार होते हुए मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा में घुसते हैं। जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय में भी इस पर चिंता जताई गई है। मुख्यमंत्री सरमा ने जो कुछ कहा था वो असल में घटित होता दिख रहा है। ताजा मामला हरियाणा के नूंह से जुड़ा है। नूंह जिस मेवात अंचल का हिस्सा है वहां लगभग 90 फीसदी आबादी मेव मुसलमानों की है। दंगों के बाद उपद्रवियों की पहिचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई शुरू की गई। इसी दौरान ये पता लगा कि मुस्लिम बहुलता का लाभ लेकर म्यांमार से आए रोहिंग्या मुसलमानों के तकरीबन 2000 परिवार वहां बस गए जिनमें से काफी लोगों के पास आधार कार्ड भी हैं। नूंह हिंसा की घटना के संबंध में पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ा है जिनकी पहचान सैफुल्लाह और मेहबूब के रूप में हुई है, दोनों रोहिंग्या मुस्लिम समुदाय से हैं। पूछताछ के दौरान, सैफुल्ला और मेहबूब, जो खेड़ला चैक पर अशांति में फंसे थे, ने साथी प्रवासियों के एक समूह के साथ म्यांमार से असम में प्रवेश करने की बात स्वीकार की। उन्होंने क्षेत्र में निवास स्थापित करने के लिए आधार कार्ड और अतिरिक्त दस्तावेज प्राप्त करने की बात स्वीकार की। हरियाणा पुलिस ने आरोप लगाया है कि नल्हड़ देव मंदिर में जुटी भक्तों की भीड़ पर हमला करने में रोहिंग्या युवक बड़ी संख्या में शामिल थे। अब तक 25 रोहिंग्या शरणार्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनकी भूमिका संदिग्ध पाई गई है। पुलिस ने लगभग 250 उन अवैध झुग्गियों को तोड़ दिया है, जिसमें रोहिंग्या शरणार्थी रहते थे।

इसके पहले दिल्ली दंगों के दौरान भी रोहिंग्या शरणार्थियों पर सवाल उठे थे। अब प्रश्न ये है कि विदेश से आकर अवैध रूप से यहां बस जाने वाले रोहिंग्या मुसलमानों को आधार कार्ड जैसा दस्तावेज किस तरह हासिल हुआ? और इसका सीधा-सीधा उत्तर है भ्रष्ट व्यवस्था की मदद से। 1971 में तत्कालीन पूर्व पाकिस्तान में गृहयुद्ध के कारण सीमा पार से बड़ी संख्या में शरणार्थी भारत में घुस आए। तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार ने मानवीय आधार पर उनके रहने की व्यवस्था शिविरों में की। बाद में बांग्ला देश नामक मुल्क का उदय हुआ। तब तक करोड़ों बांग्लादेशी बतौर शरणार्थी आ चुके थे। जब सीमावर्ती राज्यों में समस्या हुई तब देश के भीतरी हिस्सों में शिविर बनाकर उनकी व्यवस्था की गई। उम्मीद थी कि स्थितियां सामान्य होते ही वे वापस चले जायेंगे किंतु लौटना तो दूर उल्टे उनका आना आज तक जारी है। इसकी वजह से न सिर्फ असम, प.बंगाल, बिहार और उड़ीसा अपितु पूर्वोत्तर के अनेक राज्यों में जनसंख्या असंतुलन उत्पन्न हो गया। देश के ज्यादातर हिस्सों में बांग्ला देशी मुसलमान स्थायी तौर पर बस चुके हैं। यहां जन्म लेने के कारण उनके बच्चे तो भारत के वैधानिक नागरिक हो ही गए किंतु जो बतौर शरणार्थी आए थे उनके भी नागरिकता संबंधी दस्तावेज बन जाने से यह समस्या लाइलाज बन गई। इसके लिए प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार के साथ राजनीतिक नेताओं की भूमिका भी जिम्मेदार कही जायेगी। नूंह दंगे से पहले देश की राजधानी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों के दौरान भी इनकी भूमिका सामने आई थी। वर्ष 2017 में केंद्र सरकार ने जानकारी दी थी कि देश में करीब 60 हजार से ज्यादा अवैध रोहिंग्या घुसपैठिए रह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संस्था की रिपोर्ट के अनुसार भारत में रोहिंग्या शरणार्थियों की संख्या 49,127 है। हालांकि, इनकी संख्या इससे बहुत ज्यादा होने के अनुमान हैं। दिल्ली, जम्मू कश्मीर, हैदराबाद, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, असम, पश्चिम बंगाल समेत देश के कई राज्यों में इनकी मौजूदगी है। ये आरोप लगते रहे हैं कि भारत में काम करने वाले कई संगठन इन रोहिंग्या शरणार्थियों की मदद कर रहे हैं। कई विदेशी एजेंसियां भी इन्हें भारत में घुसपैठ कराने में मदद कर रही हैं।

जो राजनीतिक दल मुस्लिम तुष्टीकरण में जुटी रहती हैं उनके लिए बांग्लादेशी शरणार्थी वोट बैंक बन गए। परिणामस्वरूप अनेक निर्वाचन क्षेत्रों में वे ही जीत-हार तय करने की स्थिति में हैं। जब भारत सरकार ने नागरिक रजिस्टर बनाने की मुहिम शुरू की और नागरिकता संशोधन कानून लागू करना चाहा तब देश के ज्यादातर राजनीतिक दल उसके विरोध में खड़े हो गए।

दिल्ली दंगा और शाहीन बाग जैसा प्रयोग उसी से जुड़ा हुआ था। समय बीतने के साथ बांग्ला देश से आए शरणार्थियों को वापस भेजने की बात तो दूर, म्यांमार (बर्मा) से रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ शुरू हो गई जो धीरे-धीरे देश के अन्य हिस्सों से होते हुए जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील राज्य तक जा पहुंचे। अपराधिक गतिविधियों के कारण जब इनका विरोध शुरू हुआ तब जो तबका बांग्लादेशी मुस्लिमों को गोद में बिठाए रखने की वकालत करता रहा वही रोहिंग्या की तरफदारी में खड़ा हो गया। गौरतलब है रोहिंग्या को म्यांमार सरकार ने बांग्ला देशी मानकर अपने देश से निकाल फेंका, वहीं बांग्लादेश भी उनको स्वीकार करने राजी नहीं। अपराधिक मानसिकता के कारण वे बड़ी समस्या बनते जा रहे हैं। यहां तक जानकारी मिलने लगी है कि उनके संबंध आतंकवादी संगठनों से हैं। खबर है कि बांग्लादेश में रोहिंग्याओं पर कठोरता किए जाने के बाद उन्होंने असम, पश्चिम बंगाल के जरिए भारत में प्रवेश करना शुरू कर दिया है। रोहिंग्याओं के पाकिस्तान के रास्ते पहले नेपाल और फिर भारत में घुसने की खबरें आती रही हैं। असम की बराक घाटी और पश्चिमी सीमा से सटे स्टेशनों पर सुरक्षा कड़ी किए जाने की बात कही गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2019 में नागरिकता संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान कहा था कि रोहिंग्या शरणार्थियों को भारत कभी नागरिक के रूप में स्वीकार नहीं करेगा। सरकार ने अवैध रोहिंग्या शरणार्थियों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। उसने कहा था कि इन्हें उनके देश भेज दिए जाने की योजना है। फिलहाल, बहुत कम संख्या में बांग्लादेशी-रोहिंग्या शरणार्थियों को उनके देश में भेजा गया है। नूंह के दंगों से ये बात साबित भी हो गई कि उनकी मौजूदगी देश की आंतरिक शांति और सुरक्षा के लिए स्थायी खतरा है। ऐसे में पता लगाने वाली बात ये है कि प्रशासन में बैठे वे कौन लोग हैं जो चंद रुपयों की लालच में देश हित का सौदा कर लेते हैं? इसलिए ये जरूरी है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोपों से ऊपर उठकर ऐसे मामलों में सख्ती बरती जाए। नूंह दंगों की जो जांच हो रही है उसमें इस बात को भी जोड़ा जाए कि मेव मुसलमानों के साथ बस गए विदेश से आए रोहिंग्या मुसलमान आधार कार्ड जैसा दस्तावेज बनवाने में किस तरह कामयाब हो गए। देश की राजधानी से बेहद निकट किसी इलाके में यदि घुसपैठियों को आबाद होने में इतनी छूट है तब बाकी क्षेत्रों के बारे में क्या कहा जाए, ये विचारणीय प्रश्न है। बिहार से भी ऐसी खबरें आने लगी हैं ।

देश में अवैध रूप से आए विदेशी नागरिकों को सरकारी दस्तावेज प्रदान कर नागरिक होने का प्रमाणपत्र देने वाली सरकारी मशीनरी पर भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। और इस मामले में राजनीति ठीक नहीं है, क्योंकि रोहिंग्या आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। ऐसे में इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करनी चाहिए।

## कविता

### आम सी लड़की

सुन कर मोहब्बत के
अधूरे किस्से सहम जाती है
आम सी लड़की।

अजनबी लोगों को देख
घबराकर छुप जाती है
आम सी लड़की।

माँ के आंचल को,पापा के कंदे को
अपनी ढाल समझती हैं
आम सी लड़की।

इश्क तो दूर
उसके नाम से भी डर जाती है
आम सी लड़की।

इश्क लिखती है, इश्क पढ़ती है
मगर इश्क करने से डरती है
आम सी लड़की।

मिलती नहीं,दिखती नहीं
कहीं भी आजकल
आम सी लड़की।

राजीव डोगरा

# पुलवामा की सच्चाई को क्यों छुपाया जा रहा

**रामस्वरूप मंत्री**

**क्या इ**त्तेफाक है कि जब भी भाजपा की कोई सरकार खतरे में होती है तो या तो पाकिस्तान की ओर से घुसपैठ होती है, या फिर कोई आतंकी हमला हो जाता है या कहीं दंगा फैल जाता है! ऐसा लगता है मानो जब-जब भाजपा हार रही होती है और उसके नेता दिलो-जान से चाहते हैं कि कोई ऐसी आकस्मिक घटना घट जाये, उसी समय ऐसी आकस्मिक घटना घट ही जाती है! लेकिन पुलवामा हमले के समय जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे भाजपा नेता सत्यपाल मलिक के साक्षात्कार और डीएसपी देविन्दर सिंह को बाद में मिली जमानत से इस आकस्मिकता पर भी सवाल खड़े हो जाते हैं। ये घटनाएँ कितनी इत्तेफाकन थीं, इस पर भी सवाल खड़े हो जाते हैं। और बार-बार भाजपा और उसकी सरकारों के संकट में आने पर अचानक ह्लदेश संकट मेंह्व कैसे आ जाता है, इस पर भी सवाल खड़े हो जाते हैं। जरा याद करिये। पिछले 25 वर्षों में आतंकवादी हमले, पाकिस्तान द्वारा घुसपैठ और साम्प्रदायिक दंगे अधिकांशतः तभी क्यों हुए हैं जब भाजपा सरकारें सत्ता में थीं, बेरोजगारी, महँगाई, भ्रष्टाचार के कारण वे भयंकर अलोकप्रिय हो चुकी थीं और आने वाले आम चुनावों में उनकी हालत पतली थी? सोचने से पहले इन कुछ घटनाओं पर गौर करिए 1999 के अक्टूबर में आम चुनाव होने वाले थे। वाजपेयी सरकार सत्ता में थी। वाजपेयी सरकार की हालत पतली थी। जून-जुलाई 1999 में पाक-समर्थित आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ होती है और कारगिल युद्ध हो जाता है। जब चुनाव हो गये, भाजपा जीत गयी तो यह पता चला था कि घुसपैठ लम्बे समय से जारी थी और खुफि या एजेंसियों को इस बारे में मई 1999 में ही सूचना मिल गयी थी और तमाम सूत्रों द्वारा बार-बार इस घुसपैठ के बारे में चेताये जाने के बावजूद भाजपा सरकार ने कुछ नहीं किया और चुनाव के करीब आने पर कारगिल युद्ध की शुरूआत हो गयी। खुद उस युद्ध के ह्यऑपरेशन विजयह्ण के प्रमुख सैन्य कमाण्डरों में से एक लेफ्टिनेण्ट जनरल मोहिन्दर पुरी ने बताया कि यह पूरी तरह से खुफि या नाकामी और लापरवाही का नतीजा था। लेकिन अगर मई 1999 से ही घुसपैठ की सूचना मिल जाने के बावजूद जून 1999 तक कुछ नहीं किया गया तो अधिकतम सम्भावना इस बात की है कि यह महज खुफि या नाकामी नहीं हो सकती। कारगिल युद्ध के बाद जो अन्धराष्ट्रवाद की लहर फैली उसमें वाजपेयी नीत-भाजपा की अगुवाई में राजग की सरकार बनी। 2001 में संसद हमला होता है, जिसका इस्तेमाल 2002 और 2007 में गुजरात चुनावों के पहले तक और उसके बाद 2009 में आम चुनावों के पहले तक भाजपा करती रही, हालाँकि यह हमला उस समय हुआ था जब खुद भाजपा की ही सरकार केन्द्र में थी! उसी प्रकार, 2019 में नोटबन्दी और जीएसटी के भयंकर कदमों के कारण मोदी सरकार बुरी तरह से अलोकप्रिय थी और उसके चुनाव जीतने के कोई आसार नहीं थे।

## विचार

# सेलिब्रिटीज सावधान! विज्ञापन की नई गाइडलाइंस

**किशन भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक स्तर**पर विजन आत्मनिर्भर भारत,विजन 2047, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के रोडमैप के साथ तेजी से आगे बढ़ते भारत के आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने भी 10 अगस्त 2023 को रेपो रेट 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है और टमाटर तथा अन्य सब्जियों के महंगी होने के कारण मुद्रास्फीति के अनुमान को 5.1 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.4 प्रतिशत कर दिया है।आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में चल रहे परिवर्तनकारी बदलाव से लाभ उठाने की के लिए भारत विशेष स्थिति में है। दूसरे देशों की तुलना में भारत चुनौतियों से निपटने में अधिक सक्षम है। हालांकि कुछ अंतरराष्ट्रीय संबंधित संस्थाओं ने भी भारत के उज्जवल भविष्य का अंदेशा पहले ही जाता दिया है। उधर संसद में केंद्रीय वित्तमंत्री ने भी कहा दुनियां मंदी का सामना कर रही है परंतु भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है आज भारत सबसे तेज विकास दर वाली अर्थव्यवस्था है।

साथियों हम यह संदर्भ भूमिका इसलिए रख रहे हैं क्योंकि उपभोक्ता मंत्रालय समय-समय पर नए दिशानिर्देश बनाता रहा है। चूंकि देश इतनी तेजी के साथ प्रगति कर रहा है तो स्वभाविक रूप से वैश्विक बाजारों की नजरें भारतीय उपभोक्ता बाजारों पर पड़ रही है। दुनियां की उपभोक्ता कंपनियां भारतीय बाजारों पर आकर्षित हो रही है। उत्पादों में प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है तो अपने अपने उत्पादों को जनता तक पहुंचाने के लिए विज्ञापन एक सशक्त माध्यम है, जिसका उपयोग अनेक कंपनियां सेलिब्रिटीस के माध्यम से देश भर में करती है। याने दूसरे शब्दों में जो उत्पाद बोलता है, दिखता है, वही सबसे अधिक बिकता है। इसलिए इस श्रृंखला में केंद्रीय उपभोक्ता मंत्रालय की जवाबदारी और जवाबदेही अपेक्षाकृत अधिक बढ़ गई है, इसी को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन सेलिब्रिटिज इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर इत्यादि के लिए स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती से जुड़े उत्पादों के लिए 20 जनवरी 2023 को जारी की गई अनुमोदक जानकारी मार्गदर्शक पुस्तिका के स्थान पर नए दिशा निर्देशजारी किए गए हैं। चूंकि अनेक सेलिब्रिटीस उत्पादों का विज्ञापन करते हैं इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, सेलिब्रिटीस सावधान! विज्ञापन की नई गाइडलाइंस 2023 आ गई है। सेलिब्रिटी द्वारा भ्रामक विज्ञापनों से उपभोक्ताओं को भ्रमित करने पर लगाम कसने में गाइडलाइंस 2023 मील का पत्थर साबित होगी। साथियों बात अगर हम उपभोक्ता मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइंस की करें तो, सेलिब्रिटीज के भ्रामक विज्ञापन का मामला नया नहीं है। पहले भी कई बार ऐसे मुद्दे उठाए जाते रहे हैं, जिसपर उपभोक्ता मंत्रालय समय-समय पर नए दिशानिर्देश भी बनाता रहा है। एक बार फिर स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती उत्पादों के विज्ञापन को लेकर सेलिब्रिटीज और इंफ्लूएंशर्स के लिए केंद्र सरकार ने नए गाइडलाइंस जारी किए हैं। केंद्र ने स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती से जुड़े सेलिब्रिटिज, इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर के लिए अतिरिक्त दिशानिर्देश जारी किए है। प्रमाणित चिकित्सकों और स्वास्थ्य एवं फिटनेस विशेषज्ञों को किसी इंडोर्समेंट को करते समय यह बताना होगा कि वह प्रमाणित चिकित्सक और स्वास्थ्य एवं फिटनेस विशेषज्ञ हैसेलिब्रिटिज, इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर अगर स्वयं को प्रमाणित स्वास्थ्य/फिटनेस विशेषज्ञ और चिकित्सक बताते हैं, तो उन्हें स्पष्ट डिस्क्लेमर देना होगा। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत उपभोक्ता कार्य विभाग ने स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती क्षेत्र से जुड़े सेलिब्रिटिज, इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर के लिए अतिरिक्त दिशानिर्देश जारी किए हैं। ये दिशा-निर्देश 9 जून, 2022 को जारी भ्रामक विज्ञापनों की रोकथाम और भ्रामक विज्ञापनों के लिए समर्थन हेतु दिशानिर्देश, 2022 का एक महत्वपूर्ण विस्तार हैं, और 20 जनवरी 2023 को जारी की गई अनुमोदन जानकारी! मार्गदर्शक पुस्तिका के स्थान पर हैं।केंद्र ने स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती से जुड़े सेलिब्रिटिज, इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर के लिए अतिरिक्त प्रभावशाली दिशानिर्देश स्वास्थ्य मंत्रालय, आयुष मंत्रालय, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) और भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) सहित सभी हितधारकों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के बाद तैयार किए गए हैं। अतिरिक्त दिशानिदेर्शों का उद्देश्य भ्रामक विज्ञापनों, निराधार दावों से निपटना और स्वास्थ्य और तंदुरूस्ती के समर्थन में पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। दिशानिदेर्शों के तहत, मान्यता प्राप्त संस्थानों से प्रमाणित चिकित्सकों और स्वास्थ्य और फिटनेस विशेषज्ञों को जानकारी साझा करते समय, उत्पादों या सेवाओं को बढ़ावा देने या स्वास्थ्य संबंधी कोई भी दावा करते समय यह बताना होगा कि वे प्रमाणित स्वास्थ्य/फिटनेस विशेषज्ञ और चिकित्सा व्यवसायी हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञ या चिकित्सा व्यवसायी के रूप में प्रस्तुत करने वाली सेलिब्रिटिज, इनफ्लूएंसर और वर्चुअल इनफ्लूएंसर को जानकारी साझा करते समय, उत्पादों या सेवाओं को बढ़ावा देते समय या कोई स्वास्थ्य संबंधी दावे करते समय स्पष्ट डिस्क्लेमर देना होगा।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।
दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# चम्मच से नहीं, जुबान से

**डॉ. सुरेश कुमार**

**नेता** जी! समझ में नहीं आ रहा है कि कौन से वादे करें इस चुनाव में। हर बार वादों के साथ खेल-खेलकर उबिया गए हैं। इस बार कुछ नए तरीके से खेलना होगा। सेक्रेटरी ने नेता जी से पूछा जो हमेशा उनके तलवे चाटने में अपनी लबी जुबान बाहर लटकाए घूमता फिरता है। उसने सोशल मीडिया के अंतरजालीय मंचों पर सभी उपाय खोज डाले। उसकी अगुलियाँ सोशल मीडिया पर नाचने के लिए हिलती-डुलती हैं। किसी जमाने के आईएएस बने हैं, अब उनकी पढ़ाई-लिखाई नेता जी की वाह-वाही और हाँ में हाँ मिलाने में ही निकल जाती है। पढ़े-लिखे ज्यादा हैं लेकिन नेता जी के संगत में रहकर धूर्तता खूब सीख ली हैं । आपका मत क्या है इस मामले में ? मुझे लगता है सीधे गरीबों के साथ खेलना चाहिए इस बार । चुनाव का मजा गरीबों के साथ खेलने में ही आता है। उनकी छाती भी चौड़ी हो जाएगी जब देखेंगे कि सामने से नेता जी खुद उनके साथ खेलने के लिए आए हैं। इससे पहले भी खेलते थे, लेकिन पीठ पीछे। इसमे उन्हें वह मजा नहीं आया था, जो अब आएगा। नेता जी ने अपनी गहरी समझ का परिचय दिया । आप राजनीति में किस तरह अंगद पाँव की तरह जम गए हैं उसकी मिसाल आपका बेशकीमती कथन है। बस आप दो चीजें ठीक कर लें तो बड़ी कृपा होगी । एक तो अपने मुँह से खुद को खूब गरिया लें और दूसरा अपने विरोधी से अपने बारे में खुद भला बुरा कहलवायें। जब आप खुद की तारीफ करते हैं तो लोगों को हँसी आने लगती है। इससे आपका इमेज जितना बनना चाहिए, उतना बन नहीं पाता है। ऐसा करने से आप सीधे चुनाव से फिसलकर खयालों में चले जाते हैं। खयालों में जीने वाले राजनीति में नहीं मुंगेरीलाल के हसीन सपने बुनने के काम आते हैं। इतना सुनते नेता जी आहत हुए । उन्हें लगा कि सेक्रेटरी लाठी घुमा रहा है। बोले- हम समझ रहे हैं कि आप क्या कहना चाहते हैं । इतना सोशल मीडिया तो हम भी समझते हैं। हम भी पढ़े हैं, हाँ यह अलग बात है कि थोड़ा-बहुत नकल किए हैं। चुनाव के बारे में जरा क्या पूछ लिया आप तो सीधे हम पर ज्ञान पेलने लगे! हमारी पहुँच जानते हैं आप। आप की चुटिया अभी भी हमारे पास है।

# गांव डिजिटल इंडिया की ओर बढ़ रहे हैं

**विजय गर्ग**

**हमारे ले**खकों, विचारकों और राजनेताओं ने हमेशा दो भारत की बात की है- एक जो हमारे शहरों में रहता है और दूसरा हमारे गांवों में। दोनों राष्ट्र के अभिन्न अंग हैं फिर भी संस्कृति, आय, प्रौद्योगिकी और संसाधनों तक पहुंच में गहराई से विभाजित हैं। हालाँकि, हमारे देश के केंद्र में उभर रही डिजिटल क्रांति के कारण तकनीकी अंतर धीरे-धीरे कम हो रहा है। नीलसन के 2022 के एक अध्ययन के अनुसार, ग्रामीण भारत की इंटरनेट उपस्थिति शहरी भारत की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। स्मार्टफोन की पहुंच, यूपीआई [यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस] और प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान जैसी सरकारी योजनाओं ने हमारे देश के दूरदराज के हिस्सों में इंटरनेट पहुंच को सक्षम किया है। परिणामस्वरूप, अप्रयुक्त मानव क्षमता को स्वयं को साकार करने के लिए जगह मिल रही है। कई कॉरपोरेट, गैर-लाभकारी और शैक्षिक स्टार्टअप वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और अन्य तकनीकी प्लेटफार्मों का लाभ उठाकर कौशल प्रशिक्षण, स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) सशक्तिकरण कार्यक्रम और बहुत कुछ के साथ ग्रामीण भारत तक पहुंच रहे हैं। मैं कुछ प्रमुख क्षेत्रों को साझा कर रहा हूं जो ग्रामीण आबादी को बेहतर कल के अवसर प्रदान कर रहे हैं। 1) शिक्षा भारतीय एडटेक बाजार मजबूत पकड़ बना रहा है। महाराष्ट्र के एक सरकारी स्कूल शिक्षक और $1 मिलियन के वैश्विक शिक्षक पुरस्कार के विजेता रणजीतसिंह दिसाले की हृदयस्पर्शी कहानी विशेष रूप से मार्मिक है। दिसाले ने पाठ्यपुस्तकों में क्यूआर कोड को ऑडियो कविताओं, वीडियो व्याख्यान, असाइनमेंट और बहुत कुछ के साथ जोड़कर क्रांति ला दी, जिससे छात्रों को, विशेष रूप से लड़कियों के लिए, स्कूल छूटने के दिनों में एक इंटरैक्टिव स्कूल वातावरण तक पहुंचने की अनुमति मिली। परिणामस्वरूप, शिक्षा मंत्रालय ने जल्द ही घोषणा की कि सभी एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों में क्यूआर कोड एम्बेड किए जाएंगे। इसी तरह, भारत सरकार ने दीक्षा और ई-पाठशाला जैसे मुफ्त डिजिटल ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म भी पेश किए हैं। दीक्षा शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों को निर्धारित स्कूल पाठ्यक्रम से संबंधित आकर्षक शिक्षण सामग्री प्रदान करती है।

इसी तरह, एनसीईआरटी द्वारा विकसित ई-पाठशाला वेबसाइट और मोबाइल ऐप के माध्यम से पाठ्यपुस्तकों, ऑडियो, वीडियो, पत्रिकाओं और विभिन्न प्रकार की प्रिंट और गैर-प्रिंट सामग्री सहित शैक्षिक ई-संसाधनों की मेजबानी करती है।

## न्यूज फ्लैश

### डा. प्रभजोत कौर ने साइकिल को बताया खुशी और सेहत का खजाना

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**दुनिया में** खुशियां बटोरने, साझा करने का अपना-अपना तरीका है, कुछ लोग एक दूसरे से मिलकर खुशी बांटते हैं तो कुछ पार्टी तो कुछ किसी के चेहरे पर मुस्कान देखकर और कुछ दूसरों की मदद करके खुश होते हैं, ये सभी जानते हैं कि खुशी का रिश्ता हमारे मन से है। आपको जानकार हैरानी होगी कि विश्व के दूसरे टॉप देश डेनमार्क की राजधानी कोपिन हेगल में लोग खुश रहने के लिए न केवल साइकिल चलाते हैं, बल्कि जो साइकिल नहीं चलाता उसे उसके लिए प्रेरित भी करते हैं। अभी हाल ही में अपने पति डॉक्टर हरदीप सिंह के साथ डेनमार्क की राजधानी कोपिन हेगल में पांच दिन लगाकर लौटी देश की जानी मानी निःसंतान विशेषज्ञ डॉक्टर प्रभजोत कौर के अनुसार, कोपिन हेगल के लोगों का मन साइकिल में ही रमता है, उनकी साइकिल की टोकरी फूलों से सजी रहती है, वीआईपी, वीवीआईपी भी वहां शाम पांच बजे के बाद हर मुख्य सडक के किनारे बने स्टैंड पर साइकिल चलाते चलाते गाना गाते, मुस्कुराते, हैलो हाय करते मिल जाते हैं, इसे इस तरह भी बयां किया जा सकता है कि साइकिल ने सारे बंधन तोडकर सभी वर्गों को एक माला में पिरो रखा है चाहे वो वीआईपी है या आम इंसान, साइकिल उनका जूनून है। इस कारण वहां अधिकतर लोग डायबिटीज, स्ट्रेस, बीपी, गठिया जैसी बीमारियों से कोसों दूर हैं जबकि भारत में ऐसा नहीं है, यहां सडकों पर केवल और केवल बड़ी गाडियों के साथ-साथ चार पहिया, दो या तीन पहिया वाहनों, ऑटो, जीप का रश देखने को मिल जाता है। हैप्पीनेस, फिटनेस व हेल्थ की परवाह करने वाले डेनमार्क की राजधानी कोपिन हेगल के लोग पर्यावरण के प्रति भी खासे सजग हैं। हर घर की खिडकी के बाहर फल, फूल लगे हुए हैं, ऐसा कोई घर नहीं जिस घर के बाहर फूल लटकते हुए ना मिल जाएं। वहां के लोगों का आपस में भी केयरिंग स्वभाव है। यानी वे साइकिल चलाने के बाद एक दूसरे से गपशप करते, दिल का हाल जानते देखे जा सकते हैं। ईश्वर के प्रति हर मरीज व उसके परिजन को प्रेरित करने वाली गुरुनानक अस्पताल की संचालिका डा. प्रभजोत कौर कहती हैं कि हरियाली व सुंदरता का रिश्ता जिस भी देश, राज्य, जिले, कस्बे, गांव में है वहां स्वाभाविक रूप से खुशियां महकने लगती हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर मलिक
(मो. नं. : 94162 71181)

# मेरी माटी-मेरा देश अभियान ने पकड़ी तेजी

## जगह-जगह कार्यक्रमों का किया जा रहा आयोजन, नीलोखेडी में विधायक धर्मपाल गोंदर हुए मेरी माटी-मेरा देश अभियान में शामिल

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जैसे-जैसे** 15 अगस्त नजदीक आ रही है, मेरी माटी-मेरा देश अभियान ने तेजी पकड़ ली है। हर तरफ अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मेरी माटी-मेरा देश अभियान मनाया जा रहा है। शुक्रवार को अमृत वाटिका लगाई गई और माटी को वंदन-अभिनंदन किया गया। इसके अतिरिक्त शिलाफलकम के समक्ष नमन कर वीर शहीदों को याद किया गया। नीलोखेड़ी नगरपालिका में विधायक धर्मपाल गोंदर मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने शिलाफलकम के समक्ष वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और अपने हाथ से अमृत वाटिका में पेड़ भी लगाए। उन्होंने कहा कि हम सभी देशवासी अपने वीर शहीदों के ऋणी हैं, उन्हीं की शहादत की वजह से हम आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं। इस देश को आजाद करने में अनेक शहीदों ने अपने प्राणों की आहूति दी



है। उन्हीं की बदौलत इस आजाद देश के वासी हैं।

**शहीदों के चरणों में वंदन और अभिनंदन : मनदीप कुमार**
आजादी के 75वें अमृत महोत्सव की श्रृखंला में शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में नगरपालिका तथा राजकीय स्कूल की ओर से मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम मनदीप कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। एसडीएम ने शहीद स्मारक पर दिए जलाकर शहीदों को नमन करते हुए श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस अवसर पर सभी ने मिट्टी को मुी में भरकर देश की एकता, कर्तव्यों की भावना को लक्षित करती पंच प्रण की शपथ ली। कार्यक्रम में एसडीएम ने विद्यार्थियों को

**शहीदों को याद किया**

**हर तरफ अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मेरी माटी-मेरा देश अभियान मनाया जा रहा है**

सम्बोधित करते हुए कहा कि मातृभूमि की मिट्टी हमें जोडने का कार्य करती है। इस अभियान के तहत हम अपने देश की मिट्टी और वीरों को नमन और वंदन कर रहे हैं। पंच प्रण की शपथ 5 लक्ष्यों को प्रण के रूप में तय किया गया है।
शपथ के विभिन्न मुख्य बिन्दुओं पर विचार प्रकट करते हुए कहा कि भारत को एक विकसित देश बनाना है। इसके लिए हम सभी को एकजुटता का परिचय देना होगा।

**जिलाभर में कार्यक्रमों का हो रहा आयोजनः** जिलाभर में मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। गांव बाकीपुर में ग्रामीणों ने मिट्टी हाथ में लेकर शपथ ली। चूरनी जागीर में पौधारोपण किया गया। मॉडल टाउन करनाल के राजकीय स्कूल में अमृत वाटिका के तहत पौधारोपण किया गया। खेडीनरू के राजकीय स्कूल में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया और शपथ ली।
दादूपुर रोडान में न केवल बच्चों ने बल्कि बूढ़ों ने भी मेरी माटी-मेरा देश अभियान में हिस्सा लिया। पौधारोपण के साथ-साथ मिट्टी के दिए हाथ में लेकर शपथ ली। बड़थल गांव में ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। नगरपालिका तरावड़ी ने भी कार्यक्रम का आयोजन किया और पौधे लगाए गए।
पूंडरी में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने अभियान में हिस्सा लिया।

## बड़े भाई ने नशे में की पीट-पीटकर छोटे भाई की हत्या

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। रामनगर** क्षेत्र में बड़े भाई ने छोटे भाई की लाठी डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। गुरुवार को दोनों नशे में थे। मृतक की पहचान 27 वर्षीय अश्विनी के रूप में हुई है। मृतक के छोटे भाई विक्की ने बताया कि वह पर्स बनाने का काम करता था। गुरुवार को उसके दोनों बड़े भाइयों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।
बड़े भाई दीपक ने घर आते ही अश्विनी पर लाठी-डंडों से वार कर दिए। जब उसने बीच बचाव करने की कोशिश की तो अश्विनी बेसुध होकर नीचे गिर



चुका था और उसके सिर से खून बह रहा था।
घटना को अंजाम देने के बाद उसका बड़ा भाई मौके से फरार हो गया। वे तुरंत निजी वाहन से अश्विनी को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज लेकर आए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## प्रताप पब्लिक स्कूल में हुआ सेमिनार का आयोजन

**मार्गदर्शन**

**मार्गदर्शन कमेटी के सदस्य विवेक सिंह ने अपने विचारों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया**


**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। रोजगार** विभाग हरियाणा के आदेशानुसार व्यावसायिक मार्गदर्शन के अंतर्गत प्रताप पब्लिक स्कूल सैक्टर-6 करनाल में विद्यार्थियों को भविष्य में अपनाए जाने वाले कोर्सो, प्रतियोगी परीक्षाओं बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से



मण्डल रोजगार कार्यालय द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में लगभग 65 विद्यार्थियों ने भाग लिया। व्यवसायिक मार्गदर्शन कमेटी के सदस्य विवेक सिंह ने अपने विचारों को विद्यार्थियों के साथ सांझा किया। उन्होंने बताया कि छात्रों को समय रहते अपने लक्ष्य को तय कर लेना चाहिएए,इससे तैयारी करने में आसानी होगी। उनके द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न उच्च शिक्षा से संबन्धित कोर्सों व सरकारी सेवा में बेहतर सेवा देने बारे बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की।
उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि 11वीं व 12वीं क्लास से ही जिस फील्ड में जाना है, उसकी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने कहा कि आजकल कई तरह के कंपिटिशन होते रहते हैं, उनमें हिस्सा लें। इससे तैयारी व एजुकेसन लेवल का पता चलता रहेगा।
स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. पूजा वालिया मान ने कहा कि इस सम्बंध में कोई भी संदेह हो तो अपने अध्यापक से या अपने वरिष्ठ से बेझिझक सवाल करें। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व मण्डल रोजगार कार्यालय से जगप्रीत मौजूद रहे।

## शरीर को स्वस्थ रखना हमारा लक्ष्य होना चाहिए : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तहत शहर के विभिन्न स्थानों पर योग कक्षाएं सुचारू रूप से चल रही है। मुख्य शिक्षक दिनेश गुलाटी ने अटल पार्क सेक्टर नौ में पहुंचकर योगाभ्यास करवाया। दिनेश गुलाटी का कहना है कि योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, अपितु इसे जीवन में अपनाने का प्रयास करें। आज के इस व्यस्त जीवन में तो योग की महत्ता और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखना हमारा लक्ष्य होना चाहिए और इसकी प्राप्ति के लिए लोग विभिन्न तरीके अपनाते हैं, पर योग इन



सबसे बेहतर है। क्यूंकि योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास का साधन है। दीघार्यु व सुखी जीवन का आधार ही योग है और इस मिशन के अंतर्गत लगाई जा रही योग कक्षाओं में लोगों का उत्साह देखते ही बनता है, जहां लोग पहुंचकर योग की विधाओं का ज्ञान ले रहे हैं। उन्होंने साधकों को प्राणायाम का अभ्यास करवाया और विभिन्न सूक्ष्म व्यायाम, आसन तथा सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया।
योग शिक्षक राजेंद्र पपनेजा, शिवानी कांबोज और कुसुम राणा ने विभिन्न तरह के आसन करवाएं योग कक्षा में हंसी के ठहाकों के साथ कक्षा की समाप्ति की गई, जिसमें सभी साधकों ने जोरदार हिस्सा लिया।

### इग्नू ने शुरू किया पर्यावरण अध्ययन और सर्विस मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा

**पानीपतः इग्नू के** क्षेत्रीय निदेशक प्रभारी डा धर्म पाल ने जानकारी देते हुए बताया की इग्नू ने जुलाई 2023 शैक्षणिक सत्र के लिए पर्यावरण अध्ययन में पीजी डिप्लोमा की शुरूआत की हैं। इग्नू के पाठ्यक्रम ऑनलाइन और ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग मोड में संचालित किए जाते है। इस शैक्षणिक वर्ष के लिए विश्वविद्यालय ने कई नए पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। इन पाठ्यक्रमों की पूरी जानकारी और सिलेबस इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, छात्र वहां से इनकी जानकारी कर सकते हैं।

## पुलिया बनाने को लेकर हुए विवाद में पार्षद ने पति-पत्नी को पीटा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कस्बा घरौंडा** में एसबीआई बैंक के पास पुलिया के निर्माण को लेकर मारपीट हो गई। दंपती ने पार्षद पर मारपीट करने के आरोप लगाए। मारपीट सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। दंपती ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। दूसरी तरफ पार्षद ने भी पुलिस को शिकायत दी है। जानकारी के अनुसार घरौंडा के वार्ड-9 में पुलिया की मरम्मत का काम चल रहा है। वार्ड के कुछ लोगों ने पुलिया के निर्माण और लेवल को लेकर विरोध जताया। वार्ड निवासी संजय की मानें तो पुलिया का लेवल ऊपर होगा तो पानी ओवरफ्लो होकर लोगों के घरों में घुस जाएगा, जिससे दिक्कतें आएगी। इसके चलते अधिकारी पार्षद के साथ मौके पर पहुंचे थे। पार्षद अमित गुप्ता का विरोध कर रहे वार्ड निवासी हैप्पी वधावन और उसकी पत्नी के साथ पार्षद की कहासुनी हो गई। मामला मारपीट तक पहुंच गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात घूंसे चले। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को शांत करवाया।
सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीरों में साफ देखा सकता है कि कहासुनी होते ही पार्षद दंपती के साथ मारपीट कर रहा है। दंपती को थप्पड़ व घूंसे मारते हुए पार्षद साफ नजर आ रहा है।
पार्षद अमित गुप्ता ने आरोपों को निराधार बताया। पार्षद प्रतिनिधि विभोर ने बताया कि हैप्पी ने मौके पर पार्षद अमित गुप्ता को गालियां दी थीं और इंटरलॉकिंग टाइल्स उठाकर मारने के लिए भी आगे बढ़ा था। अमित अपना बचाव कर रहा था। घरौंडा थाना के प्रभारी नसीब सिंह ने बताया कि पार्षद ने लड़ाई-झगड़े की शिकायत दी है, जबकि महिला ने डीएसपी आफिस में शिकायत दी है। दोनों की शिकायत के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दुर्व्यवहार के चलते व्यक्ति ने किया खुदकुशी का प्रयास

### प्राइवेट स्कूल की अध्यापिका पर थप्पड़ मारने का आरोप

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिले के** गांव फफडाना के प्राइवेट स्कूल में पीटीएम के दौरान अध्यापिका पर एक छात्र के पिता को थप्पड़ मारने का आरोप लगा है। दुर्व्यवहार के चलते व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड? पर परिजनों ने उसे असंध के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। वहीं दूसरी ओर स्कूल प्रबंधन भी पीड़ित पर शिक्षिका से बदसलूकी के आरोप लगा रहा है। दोनों की तरफ से शिकायत पुलिस को दी गई है।
गांव फफडाना निवासी सचिन का बच्चा नर्सरी में पढ़ता है। गुरुवार को स्कूल में पैरेंट्स टीचर मीटिंग बुलाई गई थी। सचिन भी मीटिंग में हिस्सा लेने के लिए स्कूल पहुंचा था। सचिन के परिजनों का आरोप है कि मीटिंग में सचिन के साथ बहुत ही बुरा बर्ताव किया गया, जिसकी वजह से वह आहत हो गया। वह घर आया और उसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। सचिन को असंध के सरकारी अस्पताल से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। सचिन की हालत को देखते हुए उसकी पत्नी व अन्य परिजनों ने आरोपी स्कूल संचालक की गिरफ्तारी की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि स्कूल की महिला शिक्षक द्वारा थप्पड़ मारा गया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया है।
स्कूल के प्रिंसिपल रोशनलाल का कहना है कि सचिन चौथी या 5वीं कक्षा के कमरे में चला गया था, जहां उसने महिला टीचर के साथ बदसलूकी की। जब मैंने उसे रोका तो उसने मेरे साथ भी बुरा बर्ताव किया। अपनी कमियों को छिपाने के लिए सचिन ने यह कदम उठाया है। असंध थाना के प्रभारी मनोज वर्मा ने बताया कि दोनों पक्षों के द्वारा शिकायत दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मामले में जो भी आरोपी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्यमंत्री लोगों की समस्याओं पर दें ध्यानः अभय चौटाला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल के** सेक्टर 12 में वकीलों के कार्यक्रम में पहुंचे अभय चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि सीएम सारे दिन सैर सपाटा करते रहते हैं। जब से वह मुख्यमंत्री बने हैं, तब से उनमें गुरूर आ गया है। अब तो वह सीएम के पद पर बने रहने के काबिल नहीं है।
अभय चौटाला ने नूंह हिंसा पर बोलते हुए कहा कि सरकार ने वहां पर दहशत फैलाने में कोई कमी नहीं छोड़ी। वहां पर भाजपा ने हिंदू-मुस्लिम का भाईचारा बिगाड? का काम किया। गौरक्षक और बजरंग दल वाले सरकारी गुंडे हैं। हमारी



सरकार बनी तो हम इन पर सख्ती के साथ पेश आएंगे। इन गुंडों के माध्यम से सरकार ने हरियाणा को बर्बाद करने का ठेका लिया हुआ है। हाईकोर्ट की तरफ से सुरक्षा बढ़ाए जाने के फैसले पर उन्होंने कहा कि ये फैसला हाईकोर्ट का है और मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। हाईकोर्ट ने जो ठीक समझा, वह आदेश जारी कर दिया है। धमकियों को लेकर अभी तक सरकार की तरफ से कुछ भी नहीं किया गया है। जब हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा तो सरकार जवाब देने की बजाय यह कह रही थी कि सिक्योरिटी की कोई जरूरत नहीं है। सरकार की तरफ से कहा गया कि 17 जुलाई को कंपलेंट करवाई गई थी और आज तक इनके साथ कोई वारदात नहीं हुई। सरकार तो इस इंतजार में है कि मेरे ऊपर कोई अटैक हो, तब मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाएगी। आखिर अब कोर्ट ने संज्ञान लिया और उन्होंने सुरक्षा बढ़ा दी।

**तंज कसा**

**जब से वह मुख्यमंत्री बने हैं, तब से उनमें गुरूर आ गया है। अब तो वह सीएम के पद पर बने रहने के काबिल नहीं है**

मुझे कोई डर नहीं है। मेरे साथ प्रदेश के लोग हैं। मैं सुरक्षा के लिए हाईकोर्ट नहीं गया था, बल्कि सरकार की नाकामियों को लेकर हाईकोर्ट गया था, ताकि लोगों को पता चले कि आम नागरिकों के साथ सरकार किस तरह का व्यवहार करती है। अभय चौटाला ने कहा कि विधानसभा सत्र 25 अगस्त से है। मैं सेशन में जाऊंगा और करनाल के लोगों की समस्याओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत जरूर करवाऊंगा। जब करनाल के ही ऐसे हालात है तो पूरे हरियाणा के हालातों के बारे में अंदाजा लगाया जा सकता है। मुख्यमंत्री सैर सपाटे में लगे रहते है। इसके अतिरिक्त जिस भाषा का इस्तेमाल मुख्यमंत्री करते हैं, उससे नहीं लगता है कि ये प्रदेश के मुख्यमंत्री है। उससे लगता है कि यह बहुत बड़ा तानाशाह है और मुख्यमंत्री के पद पर बैठने के बाद उनमें गुरूर आ गया है और अपने आपको बादशाह की तरह समझ रहे हैं।
उन्होंने कहा कि अबकी बार लोग मुख्यमंत्री को सबक सिखाएंगें।

## न्यूज फ्लैश

### सैकड़ों लोग अधिकारियों को सुनाने पहुंचे आशियाना उजड़ने की दर्द

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
शुक्रवार को सैकड़ों लोग अधिकारियों को अपने आशियाना उजड़ने का दर्द सुनाने पहुंचे। इन लोगों की मांग थी कि उनके पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। वृंदावन और मथुरा के बीच रेलवे लाइन के गेज परिवर्तन के चल रहे कार्य से प्रभावित सैकड़ों लोग शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सुबह ये लोग कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर एकत्रित होने शुरू हो गये थे। धीरे धीरे इनकी संख्या में इजाफा होने लगा। महिला, पुरुष और बच्चों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी कार्यालय मुख्य गेट को बंद कर दिया गया और बडी संख्या में यहां पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। रालोद नेता कुंवर नरेन्द्र सिंह इन लोगों का नेतृत्व कर रहे थे। जब ये लोग जिलाधिकारी से मिलने के लिए निकले तो पुलिस ने गेट पर ही रोक दिया। इससे नाराज लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारी जिलाधिकारी से मिलने की मांग कर रहे थे, जबकि मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारी इस बात के लिए राजी नहीं थे। दोनों ओर से इसी जद्दोजहद में करीब एक घंटे का समय निकल गया। प्रदर्शनकारी इस बीच अधिकारियों पर उनकी बात नहीं सुनने और मनमानी करने का आरोप लगाने लगे। इसके बाद बीच का रास्ता निकालाया गया। सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे गेट पर पहुंचे। उन्होंने वहां जमे लोगों से बात की और उनकी समस्याओं का यथासंभव समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला और अपनी बात रखी। लोगों ने अपने मकान संबंधी दस्तावेज, नगर निगम की हाउस टैक्स, वाटर टैक्स और अपने वोटर कार्ड, आधार कार्ड एवं विद्युत बिल भी डीएम के समक्ष प्रस्तुत किए। मथुरा वृंदावन की बीच 12 किलोमीटर के रेलवे ट्रैक का करोड़ों की लागत से गेज परिवर्तन का कार्य चल रहा है। यहां मीटर गेज रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज किया जा रहा है। इसके लिए मथुरा से वृंदावन तक रेलवे की जमीन पर हुए अतिक्रमणों को चिन्हित करने के बाद उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सबसे ज्यादा परेशानी श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास विकसित रिहायशी इलाके नई बस्ती में आ रही हैं। यहां रेलवे की जमीन पर 150 से अधिक अतिक्रमण चिन्हित किये गये हैं। इनमें से करीब 60 अतिक्रमण को हटाया जा चुका है। शेष अतिक्रमणों को हटाने के लिए नोटिस देकर तीन दिन का समय दिया गया है। वहीं लोगों का आरोप है कि उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस नहीं दिये गये और सीधी कार्यवाही कर दी गई। प्रदर्शन में शामिल एक महिला का कहना था कि उनके पास जमीन की रजिस्ट्री है, उसी जमीन पर मकान बना था लेकिन उनका मकान भी तोड दिया गया है, उनकी बात कोई सुनने को तैयार नहीं है। वहीं इन लोगों का यह भी कहना है कि उन्हें यहां से विस्थापित किया जा रहा है तो कहीं दूसरी जगह बसाने का इंतजाम सरकार करे। हम बेघर हो जाएंगे तो कहां रहेंगें।

### 32 पव्वा देशी शराब सहित युवक पकड़ा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अडींग चौकी पुलिस ने राम नगर के समीप से एक व्यक्ति को अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर राम नगर के समीप चौकी प्रभारी प्रबल प्रताप, सब इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने सुभाष निवासी जखनगांव को अवैध रूप से देशी शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया है। सुभाष के पास से 32 पव्वा देसी शराब के बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ओम हरि बाजपेई ने बताया कि संबंधित धारा में जेल भेजा जा रहा है।

### सांड ने किसान पर किया हमला, मौत

**औरैया/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग किसान को सांड ने उस समय हमला कर रौंद दिया जब वह अपने खेत की रखवाली करने पहुंचा था। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने दौड़कर पहुंचे और सांड को भगाने का प्रयास किया। किसान को मरणसन्न अवस्था में छोड़ कर सांड भाग गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन किसान को सीएचसी अजीतमल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।
कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मनसुख का पुरवा निवासी राजपाल सिंह (60) गुरुवार की शाम अपने खेत की रखवाली करने पहुंचा था। देर शाम एक काले रंग का सांड खेत में घुस आया और फसल चरने लगा। बुजुर्ग किसान ने उसे भगाने का प्रयास किया तो उसने हमला कर दिया। सांड ने अपने सींगो पर उठा कर किसान को पटक दिया और जमीन पर रगड़ने लगा। आसपास खेतों पर काम कर रहे अन्य किसान दौड़े तब तक सांड किसान को मरणासन्न हालात में छोड़ कर भाग गया।

# ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे किसान, प्रदर्शन

## -किसानों स्थानीय और किसानों के लंबित मुद्दों को उठाया

**ट्रैक्टर रैली**


**▸▸ भारतीय किसान यूनियन टिकैत के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर ट्रैक्टर रैली निकाली**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय किसान यूनियन टिकैत के केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर मथुरा में कलेक्ट्रेट पर तिरंगा ट्रैक्टर रैली निकाली। किसानों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की। एमएसपी, छुट्टा गोवंश, बिजली विभाग की मानमानी जैसे मुद्दों के साथ ही स्थानीय मुद्दों को भी संगठन के कार्यकताओं ने प्रदर्शन के दौरान प्रशासनक के सामने उठाया। महानगर अध्यक्ष पवन चतुर्वेदी ने कहा कि पुलिस ने किसानों के ट्रैक्टरों को कलेक्ट्रेट तक पहुंचने ही नहीं दिया है। नो एंट्री के नाम पर किसानों और ट्रैक्टरों को जगह जगह रोका गया है। इसके बाद भी बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर लेकर कलेक्ट्रेट पर पहुंचे हैं। कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर प्रशासन ने ताला जड़ दिया। इसके बाद सभी किसान गेट पर ही धरने पर बैठ गए और रोड को जाम कर दिया। करीब आधे घंटे के बाद पुलिस प्रशासन ने गेट को खोला। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि वृंदावन में नो एंट्री के नाम पर पुलिस द्वारा किसानों को परेशान किया जाता है जो किसान चरी बाजरा मक्का लेकर वृंदावन आते हैं उनके साथ पुलिस प्रशासन अभद्र व्यवहार करता है। पूरे वृंदावन में नो एंट्री के नाम पर जनमानस का उत्पीड़न किया जाता है। गजेंद्र सिंह गावर ने कहा कि वर्तमान केंद्र प्रदेश सरकार किसान विरोधी सरकार है। अभी तक एमएसपी पर कानून नहीं बनाया है। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत बिल के नाम पर जनता का उत्पीड़न किया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रचार मंत्री चैधरी करुआ सिह, लोकेश कुमार राही, राजवीर सिंह, प्रदीप जरेलिया, गिर्राज सिंह परिहार, चुनमुन चौधरी, परसोत्तम निषाद, नगर उपाध्यक्ष विनोद निषाद, सूरज निषाद, दीपक निषाद, राजेश कुमार, मुजाहिद कुरैशी, फैजान कुरैशी, राकेश चौधरी, लुकुट बिहारी, श्याम बाबा, अशोक, अनिल शर्मा, सुभाष, गंगाराम निषाद, चिराग उद्दीन, सौरभ तोमर आदि किसान इस दौरान मौजूद रहे।

## 1857 की क्रांति का गवाह है अडींग का टीला

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन मथुरा मार्ग पर बसा गांव अडींग आजादी के शिल्पकारों की भूमि रहा है। यहां की मिट्टी शौर्यगाथा की खुशबू आती है। अंग्रेजी हुकूमत ने ब्रज क्षेत्र में साल 1857 की क्रांति को कुचलने के लिए 70 क्रांतिकारियों को फांसी पर चढ़ा दिया था। महीनों तक ग्रामीणों पर बराबर जुल्म ढाए गए। खंडहर के रूप में मौजूद भरतपुर में नरेश सूरजमल की हवेली आजादी के दीवानों की शहादत की आज भी गवाह बनी हुई है। यहां के लोगों का स्वाधीनता आंदोलन में योगदान इतिहास के पन्नों पर अंकित है। अडींग में आजादी के आंदोलनों की बढ़ती संख्या के कारण ब्रिटिश हुकूमत ने यहां पुलिस चौकी की स्थापना कर दी थी। साल 1857 के गदर के समय एक सिपाही



फोटो परिचय- अडींग का वह टीला जो रहा है क्रांतिकारियों के बलिदान का साक्षी।

अख्तियार ने बैरकपुर छावनी में कंपनी कमांडर को गोली से उड़ा दिया। बैरकपुर छावनी से मेरठ होते हुए देश में जगह जगह अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह की पुकार सुनाई देने लगी। वही मथुरा में भी क्रांति की चिंगारी सुलग उठी।

## बिचौलियों पर सख्त दिखे डीएम, होगी कार्यवाही



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिलाधिकारी पुलकित खरे ने कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने सीएमओ को निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत चयनित 61 अस्पतालों की सूची सहित विभिन्न बीमारियों का होने वाले इलाज का विवरण प्रदर्शित करवाएं। विभिन्न अस्पतालों के डॉक्टरों को जोड़ा जाए दिन निर्धारित करते हुए, जो नि शुल्क भाव से मथुरा वासियों को सेवा और चिकित्सा परामर्श दे सकें। जिला उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि गांव गांव जाकर किसान सहायक द्वारा ड्राप मोर क्राप-माइक्रोइरीगेशन योजना के अंतर्गत किसानों को चयनित किया जाए और बिचौलियों को दूर रखा जाए तथा बिचौलियों की शिकायत मिलने पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कार्यवाही अमल में लाकर शासन को अवगत कराया जायेगा। कार्य संतोषजनक न किए जाने पर जिलाधिकारी ने फटकार लगाई। सहकारिता विभाग से जिन व्यक्तियों ने लोन लिया है उन टॉप टेन से वसूली करें। जनपद मथुरा में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक लेते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नंदगांव, छाता, राया तथा चौमुहां ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी को छोड़कर शेष खंड विकास अधिकारी को श्रमिक पंजीकरण की सूचना न देने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए।

## बाइक छीनकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना गोवर्धन क्षेत्र के सैंत मार्ग पर अप्रैल महीने में एक व्यक्ति से दो लोगों ने बाइक छीन ली। पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर थाना गोवर्धन में मुकदमा दर्ज कराया है। दिनेश चंद निवासी गांव पचैरा थाना कुम्हेर जिला भरतपुर का आरोप है कि 18 अप्रैल को अपने भाई रामवीर सिंह की मोटर साइकिल लेकर गोवर्धन आ रहा था। सैंत कुम्हेर मार्ग पर दो अज्ञात मोटर साइकिल ने मुझे रोक कर मारपीट कर मेरी मोटर साइकिल छीन ले गए।
पीड़ित ने न्यायालय के आदेश पर थाना गोवर्धन में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## घुटनों की परेशानी से जूझ रहे मरीजों को मथुरा ही मिलेगा सही परामर्श

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
घुटनों और हड्डियों की कमजोरी की समस्या से जूझ रहे लोगों को शहर में विशेषज्ञों से परामर्श मिलेगा और प्राइमरी कंसल्टेशन के लिए उन्हें दूर मेट्रो शहरों की तरफ नहीं जाना पड़ेगा। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद की मथुरा में ओपीडी सेवा भी शुरू की गई। ये ओपीडी सेवा हड्डी और जोड़ों से संबंधित मामलों के लिए है, जो मथुरा के कृष्णा नगर स्थित विपिन हॉस्पिटल के साथ पार्टनरशिप में शुरू हुई है। मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स फरीदाबाद में ऑर्थोपेडिक एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर व एचओडी डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने नी रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में




हुई तरक्की के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही मथुरा के मरीजों के बारे में बताया जिनके घुटनों में गंभीर समस्याएं हो गई थीं और यहां कम्प्यूटर असिस्टेड नेविगेशन तकनीक से उनका सफल नी रिप्लेसमेंट किया गया. पब्लिक अवेयरनेस सेशन में लोगों को इन मरीजों की सफलता की कहानी बताकर जागरूक किया गया। डॉक्टर अनुराग अग्रवाल ने बताया कि हम इन बाइलेटरल टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की सफलता से रोमांचित हैं। 3 डी कंप्यूटर असिस्टेड नेविगेशन तकनीक ने हमें जटिल मामलों को भी सुलझाने में मदद की है जिन्हें पहले असंभव सा माना जाता था। हमारे मरीजों की जिंदगी में सुधार आ रहा है और वो फिर से रूटीन लाइफ को ठीक से चला पा रहे हैं, ये देखकर खुशी होती है।

# जन्माष्टमी : भीड़ नियंत्रण की कार्य योजना पर माथापच्ची

**का-**

**▸▸ -श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकरडीएम, एसएसपी ने ली अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने बैठक में पूर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी में ड्यूटी की उन अधिकारियों से सुझाव तथा अन्य एडिशनल व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि यातायात प्रबंधन व्यवस्था, ट्रैफिक प्लान तैयार रहे और पार्किंग डयावर्जन प्रॉपर रहे। बरसात होने पर पानी की निकासी हेतु पर्याप्त व्यवस्था करें। भीड़ नियंत्रित करने की कार्य योजना बनाई जाए, भीड़ को एकत्रित न होने दें, निकासी द्वार की सीडी पर किसी कों खड़ा न होने दें। मानवता के प्रति अपनी जवाबदेही रखें और पूर्व वर्ष के भांति इस वर्ष बेहतर से बेहतर व्यवस्था करनी हम सबकी जिम्मेदारी है। व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालन करने के लिए होटल, मंदिर, धर्मशाला आदि के लोगों के साथ संवाद स्थापित करें। ड्यूटी में कार्यरत अधिकारी तथा कर्मचारी अपना व्यवहार सकुशल बनाए रखें। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर प्लानिंग के श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की व्यवस्था की जाएं। एडवांस प्लानिंग करते हुए टीम भावना के साथ वर्क करें, पुलिस अधिकारी तथा मजिस्ट्रेट मंदिर प्रबंधन के साथ बैठक करें और मौके पर जाकर मंदिर प्रबंधन के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लेने। पार्किंगों के टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दें, विद्युत लाइनों को प्लास्टिक कवर से कवर किए जाएं और लटके हुए तारों को ठीक कराया जाए, अतिक्रमण हटाया जाए। श्री खरे ने अधिकारियों से कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से एक सप्ताह पहले सभी कार्यवाही कर लें और किसी भी व्यवस्था में कोई कमी न रहे। भंडारों में वितरित प्रसाद की चेकिंग करें, जिससे श्रद्धालु को अच्छा प्रसाद मिल सके। पीक सीजन के अवसर पर वीआईपी दर्शन न कराएं।
बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दूबे, पुलिस अधीक्षक नगर एमपी सिंह, पुलिस अधीक्षक सुरक्षा आनंद कुमार, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, सचिव विकास प्राधिकरण राजेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सौरभ दुबे, श्रीकृष्ण जन्मभूमि से कपिल शर्मा, द्वारिकाधीश मंदिर से राकेश तिवारी, बांके बिहारी जी मंदिर से मुनीश शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बिहारीलाल वशिष्ठ संरक्षक और अभय वशिष्ठ मार्गदर्शक बने



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन बाल विकास परिषद की बैठक परिक्रमा मार्ग स्थित बिंदु सेवा संस्थान पर आयोजित हुई। जिसमें परिषद के नवीन पदाधिकारियों के चयन के साथ आगामी 21 वें श्री कृष्ण बाल मेला महोत्सव 2023 की तैयारियों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से पंडित बिहारीलाल वशिष्ठ को संरक्षक और शिक्षाविद अभय वशिष्ठ को मार्गदर्शक के पद पर चुना गया। परिषद के अध्यक्ष जीएलए विश्वविद्यालय के सीएफओ विवेक अग्रवाल ने कहा कि ब्रजभूमि की बाल प्रतिभाओं के स्वर्ण सर्वांगीण विकास एवं रचनात्मक उत्थान के लिए श्रीकृष्ण बाल मेला महोत्सव 2023 का आयोजन पहले से और अधिक भव्य और दिव्य होगा। इसके लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। उपाध्यक्ष पूर्णेन्दु गोस्वामी ने बताया कि श्रीकृष्ण बाल मेला ब्रज की बाल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। प्रतिवर्ष ब्रज क्षेत्र के सैकड़ों स्कूल कॉलेजों के हजारों छात्र-छात्राएं मंच पर अपने सांस्कृतिक, मनोरंजक व रचनात्मक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर अपने अंदर छुपी बाल प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन करते हैं । चेयरमैन नवीन चैधरी एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्र और समाज का उत्थान बच्चों को संस्कारवान व शिक्षित बनाने से ही संभव हो सकता है।

## करोड़ों के सृजन घोटाले में आरोपित रजनी प्रिया गाजियाबाद से गिरफ्तार

**गाजियाबाद/टीम एक्शन इंडिया**
सीबीआई ने एक हजार करोड़ के सृजन घोटाले की आरोपित मनोरमा देवी की बहू रजनी प्रिया को साहिबाबाद के राजेंद्र नगर से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। रजनी को गाजियाबाद सीबीआई कोर्ट में पेश किया गया और दो दिन की ट्रांजिट रिमांड पर बिहार ले जाया गया है। रजनी यहां पहचान बदल कर रही थी। सीबीआई जब रजनी प्रिया को गिरफ्तार करने पहुंची, उस वक्त वह अपने बंगले से निकल कर कहीं जा रही थी। रजनी की गिरफ्तारी के दौरान उसके बंगले में रहने वाले दो स्टाफ से भी सीबीआई ने पूछताछ की। हालांकि, बाद में दोनों को छोड़ दिया। पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने 28 फरवरी को भागलपुर से पूर्व जिलाधिकारी केपी रमैया और घोटाले की मुख्य आरोपित मनोरमा देवी के बेटे अमित कुमार और बहू रजनी प्रिया की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया था।

## डाक विभाग ने तिरंगा अभियान के तहत निकाली प्रभात फेरी

**प्रभात फेरी**

**▸▸ प्रभात फेरी डाकघर से शुरू होकर सिविल लाइंस से होते हुए मुख्य डाकघर पर संपन्न हुई।**



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भारत सरकार द्वारा चलाये गए अभियान हर घर तिरंगा 2.0 के तहत मथुरा मुख्य डाक घर के स्टाफ द्वारा एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी मथुरा मुख्य डाकघर से शुरू होकर राजीव भवन तथा सिविल लाइंस से होते हुए मुख्य डाकघर पर संपन्न हुई। प्रवर डाक अधीक्षक मथुरा राम सागर शर्मा, प्रवर डाक पाल रंजीत अग्रवाल, सहायक अधीक्षक शरद कुमार वर्मा कार्यालय सहायक देश दीपक सिंह, अक्षय यादव, प्रखर रस्तोगी, धर्मेंद्र कुमार, प्रशांत दुबे, पुनीत पाठक एवं मुख्य डाकघर के सभी कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। प्रभात फेरी के माध्यम से स्थानीय लोगों को अपने अपने घर पर इस वर्ष 13 से 15 अगस्त को तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित भी किया गया। सभी लोगों को जागरूक भी किया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस बर्ष भी भारतीय डाक विभाग मात्र 25६- रुपये मे भारतीय तिरंगा नजदीकी डाकघर मे उपलब्ध करा रहा है। प्रवर डाक अधीक्षक राम सागर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत सभी लोग अपने नजदीकी डाकघर से तिरंगा ले सकते हैं। जिसकी कीमत 25 रुपए रखी गई है। ये झंडे डाकघर से भी मैनुअल खरीदे जा सकते हैं, जबकि ऑनलाइन डाक से भी डाकिये द्वारा घर बैठे मंगवाए जा सकते हैं।

## अभियान: 13. 88 लाख बच्चों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े मारने की दवा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिले भर में 13.88 लाख बच्चों को अभियान चलाकर पेट के कीड़े मारने की दवा खिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान के तहत एक से 19 साल तक के 13. 88 लाख बच्चों को पेट के कीड़े निकालने की दवा (एल्बेंडाजोल) खिलाई जाएगी । अभियान के दौरान छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है, जबकि बड़े बच्चे गोली चबाकर खा सकेंगे। जिले में 17 अगस्त को मॉप-अप राउंड चलेगा। मॉप अप राउंड के अंतर्गत टीम स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर छूटे बच्चों व किशोर किशोरियों को पेट के कीड़े निकालने की दवा खिलाएगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुये कहा कि स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों पर एल्बेंडाजोल की दवाएं अवश्य खिलाएं । राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज में 2700 छात्रों ने दवा खाई। जनपद के शहरी क्षेत्र स्थित के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं ब्लैक स्टोन स्कूल से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ हुआ। मा व जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चैधरी ,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजय कुमार वर्मा और जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने स्कूल की छात्राओं को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाकर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मदद से एक से पांच साल तक के बच्चों को दवा दी जाएगी। जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कूलों में छह से 19 साल तक के बच्चों व किशोरों-किशोरियों को शिक्षकों की मदद से दवा खिलाएंगी। बीबीके आर गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राऐं बताती हैं कि उनकी शिक्षिका ने क्लास के सभी बच्चों को 10 अगस्त को स्कूल आकर एल्बेंडाजोल की टैबलेट खाने के बारे में बताया था। उन्होंने यह भी बताया कि यह दवा खाने से पेट के कीड़े निकल जाते हैं और आप पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे। यह हैं कृमिनाशक दवा खाने के फायदे यह हैं। इस मौके पर के आर गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डा शालिनी , डा भूदेव, डा अमित कश्यप, डा रोहितास, डीसीपीएम पारुल शर्मा, अर्बन कॉर्डिनेटर फौजिया खानम आदि मौजूद रहे ।



## नैनूपट्टी के ग्रामीणों ने प्रधान के साथ ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
ग्राम पंचायत नैनूपट्टी में आजादी के अमृत महोत्सव की 76वी वर्षगांठ के अवसर पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम एवं वाटिका अमृत कुंज पर्यावरण संरक्षण पर ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन किया। जिसमें ग्राम प्रधान डॉ देवेन्द्र सिंह ने अगुवाई करते हुए सभी संभ्रांत लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में युवाओं ने पूरे जोश और जुनून के साथ शहीदों का वंदन किया तथा देश की माटी को नमन करते हुए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेरी माटी मेरा देश का संदेश दिया। जिसमे ग्राम सचिव विजय राज , सभी सदस्य , बनेसिंह , बाबू चौधरी , नवीन , राजू, रवि , पंचायत सहायक एवम् सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे । ग्राम प्रधान देवेंद्र सिंह ने बताया कि पंचायत में ग्राम स्तरीय बैठक और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम 10 अगस्त से 20 अगस्त तक लगातार चलेगा और 22 गांव में एक जन चेतना लाने का काम करेगा । जिससे देश की माटी को नमन करते हुए एवं शहीदों को वंदन करते हुए किसानों और जवानों को आजादी के अमृत काल में याद कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया जाएगा।



# 'शहीदों के प्रति श्रद्धाभाव की भावना पूरी तरह कायम'

## तिरंगा यात्रा की कामयाबी के लिए कार्यकर्ताओं एवं शहरवासियों का किया धन्यवाद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने गत रात्रि संपन्न तिरंगा यात्रा की जबरदस्त कामयाबी के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं शहर की सभी व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा की कामयाबी से यह सिद्ध हो गया है कि आजादी के 76 वर्षों के बाद भी देश वासियों में शहीदों के प्रति श्रद्धाभाव एवं देश प्रेम की भावना पूरी तरह से कायम है।

पन्ना प्रमुख सम्मेलन की जबरदस्त कामयाबी के बाद तिरंगा यात्रा के माध्यम से राजीव जैन एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन का जलवा पुरे शहर में दिखाई दिया। पांच घंटे तक चली तिरंगा यात्रा में मानों पूरा शहर उमड़ पड़ा हो, आम जन के जोश और जूनून के तो कहने ही क्या? शाम पांच बजे महाराजा अग्रसेन चौक, मुरथल रोड से शुरू हुई यात्रा जब रात साढ़े दस बजे खाटूश्याम मंदिर पंहुची तो मोटर सायकलों पर सवार हजारों युवकों का जोश कम होता दिखाई नहीं दे रहा था। शहर के बाजार बंद हो चुके थे परन्तु दुकानदार, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि यात्रा के स्वागत में देर रात तक डटे रहे। शहर की कोई ऐसी संस्था या मार्किट नहीं थी जहाँ तिरंगा यात्रा का स्वागत न हुआ हो । यात्रा में शहीदों के गांव की मिटटी से भरे कलश और उसी रथ पर सवार भारत माता का किरदार वातावरण को देश भक्ति के भाव से विभोर कर रहा था।

पिछले कई वर्षों से शहर में राजीव जैन के संयोजन में तिरंगा यात्राओं के आयोजन का सिलसिला लगातार चल रहा है। अप्रैल माह में पहली बार हिन्दू नववर्ष चेतना यात्रा के आयोजन की भी राजीव जैन ने अच्छी पहल की थी और उस यात्रा का भी शहर के नागरिकों ने दिल खोल कर स्वागत किया था।

**राष्ट्रप्रेम**

**पन्ना प्रमुख सम्मेलन की जबरदस्त कामयाबी के बाद तिरंगा यात्रा के माध्यम से राजीव एवं कविता जैन का जलवा पूरे शहर में दिखाई दी**

## बिजली बोर्ड दफ्तर की छत का टुकडा अचानक गिरने से बाल-बाल बचा कर्मचारी

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी।** स्थानीय बिजली बोर्ड कार्यालय का भवन इतना जर्जर हो गया है कि कब इस इमारत का कोई सा हिस्सा अचानक गिर जाए , कोई अंदाजा नहीं लगा सकता। शुक्रवार दोपहर को विभाग के कार्यालय में कमरा नंबर 3 में बिजली विभाग के कर्मचारी अपने काम में व्यस्त थे कि अचानक छत के हिस्से का पोस्टर का भारी भरकम टुकड़ा गिर गया । वहीं उस वक्त एक कर्मचारी बाल बाल बच गया,लेकिन वहां कंप्यूटर पर लगी एलसीडी चकनाचूर हो गई। बतादें कि उक्त भवन कागजों में कण्डम घोषित किया जा चुका , लेकिन नए भवन के अभाव में अभी भी यहीं से विभाग का कार्य निबटाया जाता है । कर्मचारियों ने बताया कि यदि समय रहते कर्मचारी सचेत नहीं होता तो



आज कोई अनहोनी घटित हो सकती थी। अनेकों बार उच्च अधिकारियों को भवन की स्तिथि बाबत अवगत करवाया जा चुका लेकिन कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई जा रही । बताया गया कि यहां महकमे का समूचा रिकार्ड रखा है , जो बारिश आने से पानी में सरोबर होता रहता है लेकिन फिर भी अधिकारी वर्ग मामले की गंभीरता को नहीं समझ रहे ।

## बरसात के चलते अंबाला में हुआ जगह-जगह जलभराव

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**गत** दिवस सुबह हुई बरसात के कारण शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी भर गया। बाद दोपहर लगभग 4 ब.जे तक शाक्ति नगर के मुख्य मार्ग से पानी नहीं निकला जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं अंबाला शहर के बादशाही बाग, नदी मौहल्ला सहित कई अन्य जगहों पर पानी भरा रहा। इसी प्रकार अंबाला छावनी के महेश नगर क्षेत्र में भी कई स्थानों पर पानी भर गया। जिस कारण लोगों के घरों में भी पानी आ गया । लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह पानी निकासी का समाधान



करें। टांगरी बांध के आसपास रहने वाले लोगों की सुबह आंख खुलते ही मुश्किलें बढ़ गई हैं। पिछले कई दिनों से शांत रही टांगरी नदी पहाड़ों में बारिश होने के बाद शुक्रवार सुबह फिर उफान पर आ गई। नदी में सुबह 7 बजे से जलस्तर बढ़ने का शुरू हुआ सिलसिला अभी रुका नहीं है। आसपास के इलाकों में पानी घुसना शुरू हो गया है। प्रशासन ने भी पानी के आने की संभावना जताते हुए मुनादी कर आसपास के इलाकों में अलर्ट जारी किया है। उधर घबराए लोगों ने अपने बच्चों और जरूरी सामान को घरों से उठा फिर बांध पर डेरा डालना शुरू कर लिया है। बता दें कि अंबाला में पिछले माह जुलाई में गरीब तबका से लेकर छोटे व्यापारीए बड़े व्यापारी और उद्योगपति बाढ़ की त्रासदी झेल चुके हैं। वे अभी उससे उबरे नहीं थे कि दोबारा आफत आ गई है। रमेश कुमार ने बताया कि आज सुबह वह काम पर गया था लेकिन जैसे ही उसे टांगरी नदी में पानी आने की संभावना मिली तो वह काम छोड़कर घर वापिस आ गया है। अमित ने बताया कि जुलाई माह में आई बाढ़ ने खूब तबाही मचाई है। घर में रखा सारा सामान खत्म हो गया। जिंदा पशु टांगरी नदी में बह गए। लोग अब धीरे.धीरे संभलने की कोशिश कर रहे थे कि फिर टांगरी उफान पर आ गई है।

## न्यूज फ्लैश

### परेड कमांडर एसीपी खटाना की अगुवाई में पुलिस के जवानों के साथ विद्यार्थियों ने की कदमताल



**सोनीपतः** स्वतंत्रता दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए स्कूली छात्र-छात्राएं जोरदार तैयारियों में जुटे हुए हैं, जिसके तहत पुलिस लाइन में नियमित रूप से परेड का अभ्यास किया जा रहा है। शुक्रवार को परेड कमांडर एसीपी नरेंद्र खटाना की अगुवाई में पुलिस के जवानों के साथ विद्यार्थियों ने कदमताल की। उपायुक्त ललित सिवाच के निर्देशन में 15 अगस्त को पुलिस लाइन में जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के भव्य आयोजन के लिए तैयारियां जोरों पर हैं। परेड के साथ पीटी-शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित रूप से अभ्यास किया जा रहा है। पुलिस लाइन में परेड तथा पीटी-शो का नियमित अभ्यास जारी है, जिसकी कमान एसीपी नरेंद्र खटाना के हाथों में है। उनके नेतृत्व में पुलिस के जवानों की टुकड़ी के साथ महिला पुलिस तथा होमगार्ड के जवानों की टुकडियां उत्साह के साथ कदम से कदम मिला रहे हैं। इनके पीछे-पीछे एनसीसी सीनियर विंग की महिला-पुरुष टुकडियां और स्काऊट एंड गाइड तथा रैडक्रॉस की टुकडियों में छात्र-छात्राएं जोश के साथ कदमताल कर रहे हैं। एक लहर की भांति मार्च पास्ट में कदम से कदम मिलाकर चलती टुकडियां दर्शकों में भी देशभक्ति का संचार करती प्रतीत होती हैं। इस दौरान मास पीटी का भी जोरदार प्रदर्शन किया गया, जिसमें 20 स्कूलों के हजारों छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। इनमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुरथल अड्डा, राजकीय वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय गढ़ी ब्राह्मद्दणान, राजकीय हाई स्कूल मसद मौहल्ला, राजकीय कन्या हाई स्कूल गढ़ी घसीटा, मामचंद वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल, टीकाराम स्कूल, हिंदू स्कूल कोर्ट रोड, हिंदू विद्यापीठ, आर्य वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय मंडी, ब्राइट स्कोलर्स, दून स्कूल, भाई खेमचंद स्कूल, नवयुग स्कूल, इंडियन स्कूल, हिंदू कन्या व.मा. विद्यालय, रामजस स्कूल, जेवीएम स्कूल, मालवीय शिक्षा सदन और किरोड़ीमल स्कूल शामिल हैं। पूर्वाभ्यास के दौरान जिला राजस्व अधिकारी हरिओम अत्री ने निरीक्षण करते हुए स्कूली टीमों के प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा करते हुए जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर एईओ (खेल) रामबीर सरोहा, शशि मेहता, स्नेहलता, सुनीता ढुल, राकेश दत्त, प्रियंका आदि शिक्षकगण मौजूद थे।

### उद्देशीपुर में शिलापक्कम के साथ की गई अमृत वाटिका की स्थापना



**गन्नौर (सोनीपत): देश** के वीर शहीदों को समर्पित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत उद्देशीपुर और बड़ी गांवों में जनभागीदारी के साथ कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। दोनों गांवों में अमृत वाटिका स्थापित करते हुए ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गई। एसडीएम डा. निर्मल ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि वे लगाये गये पौधों का पूर्ण संरक्षण करते हुए पर्यावरण संरक्षण को मजबूती प्रदान करें। एसडीएम डा. निर्मल ने कहा कि उपायुक्त ललित सिवाच के निर्देशन में उपमंडल गन्नौर में देशभक्ति के जज्बे के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस कड़ी में उद्देशीपुर गांव में शिलापक्कम की स्थापना की गई, जिस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश के साथ गांव के वीर शहीदों नाम भी अंकित करवाये गये। साथ में अमृत वाटिका स्थापित करते हुए ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधारोपण किया गया। इसी प्रकार बड़ी गांव में भी अमृत वाटिका की स्थापना करते हुए शिलापक्कम को स्थापित किया गया।

एसडीएम डा. निर्मल ने ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया कि यह कार्यक्रम अपनी मिट्टद्दी व शहीदों को नमन करने का सुअवसर प्रदान कर रहा है। इस मौके को चूकना नहीं चाहिए। ग्रामीणों को बढ़-चढकर इन कार्यक्रमों में शामिल होते हुए अपने वीर शहीदों को याद करना चाहिए। हमारे वीरों ने मातृभूमि की रक्षा के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दिया है, जिन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता।

इस दौरान ग्रामीणों को पंच प्रण की शपथ भी दिलाई गई। एसडीएम ने कहा कि लोगों को शपथ दिलाई कि वे देश की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे।

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने चार वार्डों में पहुंचकर कॉलोनिवासियों की सुनी समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक सुरेंद्र** पंवार ने शुक्रवार को वार्ड-5 स्थित जीवन विहार, वार्ड-16 स्थित दहिया कालोनी, वार्ड-9 स्थित बंदेपुर व वार्ड-19 स्थित गढ़ी ब्राह्मणान में पहुंचकर कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने का निर्देश दिया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने सबसे पहले देवडू रोड़ स्थित जीवन विहार की गली नम्बर चार में पहुंचे। यहां पर गलीवासियों ने बताया कि उनकी गली की हालत दयनीय हो चुकी है। इसकी वजह से आवागमन में



परेशानी झेलनी पड़ती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही नगर निगम से एक्सईएन को सीसी की गली बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द ही एस्टीमेट बनवाकर टैंडर लगवाया जाए। इसके उपरांत गढ़ी ब्राहमणान स्थित राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पहुंचे। यहां पर स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्कूल में मिट्टी भराव की जरूरत है। कुछ एरिया मुख्य लेवल से नीचे होने की वजह से जलभराव व विद्यार्थियों के लिए मुसीबत बना हुआ।

## बस स्टैंड की पार्किंग को लेकर फिर हुआ हंगामा



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) अम्बाला** शहर के बस स्टैंड के भीतर पार्किंग को लेकर एक बार फिर से एक बार हंगामा हुआ। यहां पर अपना वाहन खड़ा करने आया था। इसी दौरान यहां पर पैसों के लेन देन को लेकर हंगामा हुआ। इस दौरान कैथल से आए एक युवक ने पार्किंग में पर्ची काटने वाले कर्मियों पर आरोप लगाए है कि कार पार्किंग के लिए उससे अवैध रूप से 100 रूपए लिये गए है। जबकि पार्किंग कर्मी ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि कार पार्किंग के लिए उसने सिर्फ 30 रूपए लिये थे जो कि निर्धारित मूल्य है। इसी दौरान जजपा प्रदेश प्रवक्ता विवेक ललाना भी वहां पर पहुंचे और उन्होनें कहा कि जिस प्रकार पहले रेहड़ी फड़ी वालों से 250 से 300 रूपए रेहड़ी फड़ी लगाने के लिए अवैध वसूली कि जा रही थी।

## संदीप मालड़ा बनाये गए लोकसभा निगरानी समिति के सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़।** श्री सुण्डाराम ट्रस्ट के प्रधान संदीप मालड़ा को भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा का विकास एवं निगरानी समिति का सदस्य बनाया गया है। इस बारे में बताते हुए संदीप मालड़ा ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र भिवानी - महेन्द्रगढ़ की लोकसभा विकास एवं निगरानी समिति का उन्हें सदस्य बनाया गया है। इस नियुक्ति के लिए केन्द्र सरकार के साथ-साथ केन्द्र की सरकार में मंत्री राव इंद्रजीत सिंह जी सहित विशेष रूप से यहां के लोकप्रिय सांसद धर्मबीर सिंह का आभार व्यक्त करते हैं।

## आपसी रंजिश के चलते मोती नगर के गौरव पर जानलेवा हमला

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** मोती नगर के रहने वाले गौरव वर्मा पर कुछ युवकों ने मिलकर हमला कर दिया और उसे जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस को दी शिकायत में गौरव ने बताया कि उसे अमन निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी का फोन आया था और उसे मिलने के लिए कहा था। अमन से मिलकर वह अमन के दोस्त कमल उर्फ मोटा निवासी इंद्रपुरी कॉलोनी व एक और लड़का आया और वह तीनों गौरव की एक्टिवा पर सवार होकर सिविल अस्पताल चले गए। गौरव ने बताया कि शराब के नशे में कमल उर्फ मोटा ने उस पर पेंचकस से हमला कर दिया और उसकी आंख पर कई वार किये।

## पुरानी मंडी निवासी दीपक यादव बने युवा जजपा के हलका अध्यक्ष

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल। जननायक** जनता पार्टी के जुझारू एवं निष्ठावान कार्यकर्ता पुरानी मंडी निवासी दीपक यादव को युवा जजपा का हलका अध्यक्ष बनाया गया है। दीपक यादव वर्ष 2008 से पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता की भूमिका निभा रहे हैं तथा वह डा. अजय सिंह चौटाला परिवार से जुड़े हुए हैं। वह गुदड़ी वाले बालाजी मंदिर कमेटी के प्रधान भी हैं और सामाजिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेते रहे हैं। युवा नेता दीपक यादव ने अपनी नियुक्ति



के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय चौटाला, विधायक नैना चौटाला, उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र सांगवान, युवा प्रदेश प्रभारी सुनील राणा, राष्ट्रीय महासचिव एवं नप चेयरपर्सन कमलेश सैनी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिमन्यु राव, प्रदेश महासचिव एडवोकेट तेजप्रकाश यादव, जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा, जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली, युवा जिलाध्यक्ष युद्धवीर पालड़ी, एडवोकेट प्रमोद ताखर एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अजय एडवोकेट का आभार जताया है। दीपक यादव ने कहा कि पार्टी ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए वह सदा उनके आभारी रहेंगे तथा पार्टी के प्रति समर्पित होकर कार्य करेंगे।

## चैरिटेबल डिस्पेंसरी का किया गया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**आजादी का अमृत** महोत्सव के तहत पुलिस लाइन परिसर में पुलिस क्वार्टरों में उजाला सिग्नस जेके हिन्दू अस्पताल की ओर से एक चैरिटेबल डिस्पेंसरी का शुभारंभ किया गया। डिस्पेंसरी का शुभारंभ सोनीपत पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने रिबन काटकर किया। पुलिस क्वार्टरों में रहने वाले पुलिस के जवान व उनके परिवारों को इस डिस्पेंसरी का लाभ मिलेगा। इस मौके पर पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन के साथ-साथ अन्य पुलिस अधिकारियों ने पौधारोपण भी किया। चैरिटेबल पुलिस डिस्पेंसरी के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे डाक्टरों व पुलिस अधिकारियों



को पौधा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन ने सिग्नस अस्पताल द्वारा पुलिस क्वार्टरों में खोली गई डिस्पेंसरी के लिए धन्यवाद किया। पुलिस उपायुक्त डा. अंशु सिंगला ने कहा कि पुलिस कर्मी के जीवन में तनाव ज्यादा होता है और अपना ख्याल रखने का समय कम होता है। डीसीपी हैडक्वार्टर वीरेन्द्र सांगवान ने कहा कि पुलिस के जवान डयूटी जाने से पहले अपना चैकअप करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस डिस्पेंशरी के खुलने से काफी फायदा होगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले कई साल से पुलिस कर्मियों द्वारा डिस्पेंसरी की मांग की जा रही थी, जिसका आज शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यह डिस्पेंसरी पुलिस के जवानों के लिए बहुत कारगर साबित होगी। यह एक सराहनीय कदम उठाया गया है। इस मौके पर सिग्नस हस्पताल के जीएम सुरेश कालरा, डा. प्रतीक आहुजा, डा. मनीष, डा. अमन, वर्मा लैब के संचालक प्रवीण वर्मा, कविता, रजनी, कमल, राकेश, राहुल, नीरज, कमल आदि मौजूद रहे।

## कायाकल्प टीम ने छावनी सिविल अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जांचा

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अंबाला** छावनी के सिविल अस्पताल में कायाकल्प की टीम द्वारा निरिक्षण किया गया। यह टीम सुबह सिविल अस्पताल पहुंची। इस टीम ने डॉ मनोज कुमार, डॉ भुपेन्द्र व रितिका शर्मा शामिल थे। सिविल अस्पताल पहुंचने पर पीएमओ डॉ राकेश, डॉ पूजा, डीएमएस डॉ विनय, डॉ सुरेश बंसल, डॉ अनिता शर्मा, आईसीएन महक द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। डॉ विनय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष यह



प्रतियोगिता आयोजित की जाती है । विभागों में अस्पताल को बांटा जाता है। यह टीम सफाई, इनफैक्शन कंट्रोल, मेनटेनंस आदि को देखती है। उन्होंने बताया कि आज इस टीम से तीन लोग नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी पहुंचे है। टीम के आने से पहले हमने अपनी सभी तैयारियां पूरी कर ली थी।

**प्रवर्तक श्री जी का जीवन समन्वय, क्षमा, एकता, सरलता, सुख और स्नेह का प्रयार करने वाला**

## धूमधाम से मनाया जाएगा श्री सुभद्र मुनि जी महाराज का जन्म महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**भारत महापुरुषों** का देश है महापुरुषों की इस उज्जवल परंपरा के प्रकाश को वर्तमान तक पहुंचने वाले तेजस्वी व्यक्तित्व के धनी प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि महाराज हैं, प्रवर्तक श्री जी का जीवन समन्वय, क्षमा, एकता, सरलता, सुख और स्नेह का प्रयार करने वाला है उनका जन्म हरियाणा के रिण्ढाणा ग्राम में 12 अगस्त सन 1951 को हुआ था वह देश के विख्यात जैन संत योगीराज श्री रामजी लाल जी महाराज एवं चौदह भाषाओं के विद्वान गुरुदेव श्री राम कृष्ण जी महाराज के चरणों में आ गए थे

**प्रेरणास्त्रोत**

**हरियाणा के जींद क्षेत्र में 16 फरवरी सन 1964 को उन्होंने जैन मुनि दीक्षा ली**

हरियाणा के जींद क्षेत्र में 16 फरवरी सन 1964 को उन्होंने जैन मुनि दीक्षा ली प्रवर्तक श्री का व्यक्तित्व श्वेतांबर स्थानकवासी जैन परंपरा से जुड़ा होने पर भी दुनिया के कल्याण हेतु समर्पित है सभी धर्मों के आधार शास्त्रों का उन्हें गहरा ज्ञान है, उन्होंने



जन कल्याण के लिए सौ से भी अधिक पुस्तक लिखी है, उनकी मीठी और ज्ञान भरी वाणी सुनकर लाखों लोगों ने अपने जीवन को धर्म के साथ जोड़ा है, भगवान महावीर ने अहिंसा का जो सिद्धांत विश्व को प्रदान किया था, उसे विविध रूपों में प्रवर्तक श्री ने साकार किया है जप तप की कल्याणकारी साधना से प्रवर्तक श्री जी का जीवन एकाकार है उनकी प्रेरणा पाकर अनेक साधकों ने निरंतर तप साधनाएं सहजता के साथ संपन्न की है प्रवर्तक श्री स्वयं भी समय-समय पर उपवास आयम्बिल आदि साधनाओं के अलावा सन 1970 से आज तक लगातार प्रत्येक सोमवार को मौन की साधना करते आए हैं उनके द्वारा बताए गए मंत्रों का जाप करते हुए अनेक श्रद्धालु अंधविश्वासों के शिकार होने से बचे हैं, और उनके जीवन से दुख का अंधकार दूर हुआ है, उनकी प्रेरणा से अनेक स्थानों पर मुफ्त चिकित्सा शिविर लगते रहे हैं, अनेक विद्यालय, पुस्तकालय, अस्पताल, औषधालय, आदि संचालित होते रहे हैं, इस प्रकार अहिंसा को जन कल्याण का प्रत्येक स्वरूप मिलता रहा है ऐसे गुरुदेव के पावन चरणों में कोटि-कोटि वंदन नमन श्री एस एस जैन सभा गुड़ मंडी सोनीपत महामंत्री त्रिलोक चंद जैन, मंत्री नरेश जैन ने बताया रविवार 13 तारीख को प्रवर्तक श्री सुभद्र मुनि जी महाराज का 73 वीं जन्म महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें श्री मुकेश मुनि जी द्वारा श्री भक्तामर जी का सामूहिक पाठ किया जाएगा

# क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं ध्यान: मोनिका गोयल

**विकास की बात**

**वार्ड नम्बर-48 की पार्षद मोनिका गोयल ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नांगलोई विधानसभा** क्षेत्र के अंतर्गत आने वालें वार्ड नम्बर-48 गुरू हरिकिशन नगर के लोगों की राय के अनुसार भाजपा की निगम पार्षद मोनिका गोयल ने विकास कार्य करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। मोनिका गोयल ने पार्षद बनने के बाद अपने अधिकतर वादों को धीरें-धीरे



पूरा करने में दिन रात जुटी हुई हैं।

**वार्ड में विकास को मिली रफ्तार:** आपकी जानकारी के लिए बतांदें कि गुरूहरिकिशन नगर वार्ड में अब विकास कार्य जोरों-शोरों से किया जा रहा हैं। जिन पार्कों में पहले अंधेरा छाया रहता था, अब उन पार्कों में लाइटें लगवाई जा रहीं हैं, तथा जो लाइटें सालों से खराब पड़ी हुई थी,



उन सभी लाइटों को मरम्मत करने का कार्य किया जा रहा हैं, जिससे कि अंधेरे में गुम हुए पार्क उन लाइटों की रोशनी से जगमगा उठेंगे।

**कहां-कहां चल रहा हैं**
**विकास कार्य: मोनिका** गोयल ने बताया कि वैसे तो पूरे ही वार्ड में साफ-सफाई जैसा काम तो रोज़ाना ही चलता हैं, लेकिन अभी मेरे वार्ड की चौदह नालियों की मरम्मत करने के बाद उनको स्लेब से ढ़ाका गया हैं, वहीं अंबिका विहार में नालियों पर आरसीसी की स्लैब रखी गई हैं। इसके अलावा मियांवाली नगर, नगिन लेक अपार्टमेंट सहित पूरे क्षेत्र में ही काम चल रहा हैं।
निगम पार्षद मोनिका गोयल ने आगे बताया कि लोगों ने मुझे जिस विश्वास से जीत दिलाकर निगम पार्षद बनाया हैं।
मैं अपने क्षेत्र की जनता का अभिवादन करती हूं तथा मैं उनके विश्वास पर खरा उतरने के लिए भरसक प्रयास करूंगी। वार्ड नम्बर-48 निगम पार्षद मोनिका गोयल ने यह भी कहा कि मैं अपने क्षेत्र में विकास कार्य की रफ्तार कभी भी धीरे नहीं होने दूंगीं।

# भाजपा के राज में देश में हो रहा है विकास: धर्मवीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के वरिष्ठ नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों व नीतियों से काफी ज्यादा प्रसन्न है।
श्री यादव ने आगे बताया आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। भाजपा के राज में सभी क्षेत्रों में विकास की लहर देखने को मिल रही है।
उन्होंने आगे बताया कि शहरों की हालात में सुधार तो हुआ ही है, आज गांवों में भी विकास देखने को मिल रहा है। भारतीय जनता पार्टी के राज में किसान भी काफी ज्यादा खुश है और



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों को सराहा रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह भी पूरे नहीं हुए है।



जहांगीरपुरी में रॉयल स्टैंर्ड स्वीट्स रेस्टोरेन्ट के उद्घाटन के दौरान साहू राकेश राठौर को जन्मदिन की बधाई देते हुए आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व निगम प्रत्याशी कांग्रेस भलस्वा वार्ड अशोक यादव, प्रदीप अग्रवाल, इन्द्रजीत मुखी व ननवा प्रधान व अन्य।

# 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**नेहरू** युवा केंद्र मध्य दिल्ली ने राष्ट्रीय सेवा योजना मिरांडा हाउस यूनिट द्वारा मिरांडा हाउस कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि बिजयालक्ष्मी नंदा, प्रिंसिपल मिरांडा हाउस कॉलेज, उपस्थित रही। वहीं कार्यक्रम में मालती शर्मा, प्रोफेसर (केमिस्ट्री विभाग), शैलेन्द्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर (पर्यावरण), अनुपम (हिंदी कवि) मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पौधारोपण करके कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्य अतिथि द्वारा अगस्त क्रांति से 15 अगस्त के बीच चलने वाले इस कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं दी गई और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस कार्यक्रम में भाग लेने का आह्वान किया गया।

# शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर न्याय की मांग की

**स्थानंतरण की निराधार रिपोर्ट पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का हुआ ट्रांसफर**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कल टीजीटी** व पीजीटी शिक्षकों का अचानक ट्रांसफर कर दिया गया। ट्रांसफर देखकर शिक्षक हक्के-बक्के रहे गयें क्योंकि उन्होंने ट्रांसफर के लिए कभी आवेदन ही नहीं किया था, बावजूद इसके उन सभी शिक्षकों का स्थानंतरण कर दिया। उक्त बातें राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने कही।
**पक्षपात कर शिक्षकों का किया गया स्थानंतरण:** राजकीय विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजयवीर यादव ने बताया की ट्रांसफर हुए शिक्षकों से मिली शिकायतों के आधार पर पता चला



कि उन्होंने ट्रांसफर के लिए कभी एप्लाई नहीं किया था। वहीं अजयवीर ने बताया कि लिस्ट की समीक्षा से पता चला की कुछ प्रिंसिपलों ने शिक्षकों की मेहनत, रिजल्ट, समर्पित स्वभाव को नजर-अंदाज कर प्रिंसिपल द्वारा किए जा रहें पक्षपात व मनमानी रवैये व वित्तीय अनियमितताओं में शिक्षकों द्वारा सहयोग ना करने के कारण अपनी पॉवर का दुप्रयोग कर ट्रांसफर किया गया।
**संघ ने लिखा शिक्षा निदेशक को पत्र:** शिक्षक संघ ने शिक्षा निदेशक को पत्र लिखकर माँग की है की ट्रांसफर किए गए शिक्षकों को उनका पक्ष रखने का अवसर दिया जाए, यदि शिक्षा निदेशक उचित समझे तो संबंधित प्रधानाचार्य व शिक्षक को भी बुलाकर दोनों का पक्ष सुन कर उचित कार्यवाही कर उन्हें न्याय दिलवाए।

# अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा दिल्ली की नवनियुक्त कार्यकारिणी का हुआ स्वागत

**तीरथ राज यादव/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** नांगलोई ग्राम के समस्त निवासियों ने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश की नवनियुक्त हुई कार्यकारिणी के स्वागत और सम्मान का कार्यक्रम गाँव के श्री कृष्णा मंदिर में रखा। स्वागत कार्यक्रम से पूर्व, उक्त कार्यकारिणी द्वारा 1962 के चीन युद्ध के दौरान रेजांगला में शहीद हुए वीर अहीरों की मिट्टी का कलश लाया गया।
जिसकी भव्य शोभा यात्रा, गाँव के कम्युनिटी सेंटर से श्री कृष्णा मंदिर तक निकाली गई। यात्रा में बैंड बाजा, डीजे, गाँव वासियों द्वारा पैदल और यादव महासभा की कार्यकारिणी को रथ द्वारा मंदिर तक लाया गया।









कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा राजस्थान से विशेष रूप से भाग लेने आये यादव महासभा के राष्ट्रीय महासचिव दिनेश यादव रहे। कार्यक्रम में यादव महासभा असम के युवा अध्यक्ष भोला नाथ यादव भी उपस्थित रहे। इसके अलावा मास्टर जय भगवान यादव दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, सजीव यादव कार्यकारी अध्यक्ष, प्रवीन यादव प्रमुख महासचिव दिल्ली प्रदेश, ललिता यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, श्रीप्रकाश यादव सचिव, सरोज यादव महिला अध्यक्ष, प्रदीप यादव युवाध्यक्ष सम्मलित रहे। कार्यक्रम में दिनेश यादव ने अहीर रेजिमेंट के लिए कलश यात्रा द्वारा लोगों को जागरूक करने और समाज हित में कार्य करने का संदेश दिया, तो दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जय भगवान यादव ने समाज के सभी लोगों और संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने की बात रखी। इस मौके पर कई लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# गरीबों, असहायों व जरूरतमंदों की सभी करें मदद: बलराम गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सेवा** से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को सेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए, जिससे की किसी भी गरीब व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उक्त बातें समाजसेवी बलराम गुप्ता ने कही। उन्होंने आगे बताया कि सभी को सत्य की राह पर चलना चाहिए, जो व्यक्ति सत्य की राह पर चलता है, उसे एक दिन सफलता अवश्य ही मिलती है।
उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को भी जीवनदान मिल सकता है। इसलिए



सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। कई लोगों के मन में गलत धारणा होती है कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी आ जाती है, जोकि बिल्कुल ही गलत है।

# केशवपुरम: वाल्मीकि वीर सेना के प्रदेश अध्यक्ष बने सत्यवान पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के केशवपुरम स्थित सामुदायिक भवन में वाल्मीकि वीर सेना ने कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वाल्मीकि वीर सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार राय ने सत्यवान पंवार को वाल्मीकि वीर सेना दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्ति किया। तो वहीं हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष की जिम्मेवारी राजन बोहत को दी गई। इस मौके पर सत्यवान पंवार के गुरूजी ननवा राम प्रधान ने सत्यवान पंवार को आशीर्वाद दिया। इस दौरान कई अन्य साथियों को भी वाल्मीकि वीर सेना में शामिल किया गया। इस मौके पर कृष्ण बुराड़ी, संजय कामवाल, समाजसेवी धर्मवीर यादव, श्रवण लुखड, अजय कुमार







गुप्ता, देवेन्द्र खारी, नरेश चौहान, रणधीर गागड़, सत्यवान सारसर, राजकुमार रुकक्खड, जतिन सरिन, जयप्रकाश बागड़ियां, गुलशन सूद, पवन टॉक, राजेश बैनिवाल, सुरेश उज्जैनवाल, दलीप बरवाला, विजेन्द्र बोहत, पिंकी सूद, संजय भगवाना, पप्पी कंडेरा, खन्ना ढिकोलिया, सतीश टॉक, दिलीप पार्चा, सन्तलाल चावरिया, राज कुमार धिंगान, जेपी टॉक, सुनील अन्जाना, राकेश बिडलान, विजय गहलोत, रीना बोहत, कृष्णा पंवार, मीन सिंह लुखड, रोहताश टॉक, सुरेश कुमार, मुकेश पहलवान, सम्मी ढिलोड, धमेन्द्र टॉक, अमित ढिलोड, अशोक फरमाना, संजय सिलाना, अजय उज्जैनवाल, सुरेन्द्र कुमार, राजेश सारसर, प्रवीन मंगवाना, ओम प्रकाश पार्चा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ की हुई अहम बैठक, आगामी 22 सितंबर को होगा जंतर मंतर पर प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली प्रदेश** के नरेला क्षेत्र में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के तत्वाधान में दक्ष प्रजापति समारोह व बैठक की गई। जिसमें दिल्ली प्रदेश में माटी कला बोर्ड के गठन व आगामी 22 सितम्बर 2023 को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रजापति समाज व सहयोगी संस्थाओं द्वारा धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक हंसराज भौरिया, राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रमोद कुमार प्रजापति, राष्ट्रीय सचिव सुरेश कुमार प्रजापति, प्रदेश अध्यक्ष जयभगवान प्रजापति, मुख्य महासचिव राम अंजोर प्रजापति, श्रीराम चंद्र







प्रजापति, दयाचंद प्रजापति व कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष राहुल प्रजापति, उत्तरी-पश्चिमी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति, भगवान प्रजापति, सोनू प्रजापति, रोहित प्रजापति, सतवीर प्रजापति, शिवम प्रजापति, दीपक प्रजापति, रवि कुमार प्रजापति, सीनू प्रजापति, नागेन्द्र प्रजापति व क्षेत्र के सभी लोगों ने मिलकर बैठक का आयोजन किया। जिसमे सभी ने मंच के माध्यम से अपने-अपने विचार व्यक्त किए और आगामी 22 सितम्बर 2023 दिल्ली जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन का फैसला किया। राहुल प्रजापति ने बताया के प्रजापति समाज की काफी लंबे समय से माटी कला बोर्ड की मांग चल रहीं है, लेकिन दिल्ली सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। लगभग 20 से 25 बार दिल्ली विधानसभा में विधान सभा अध्यक्ष राम निवास गोयल से मुलाकात हो चुकी है, सभी विधायकों को ज्ञापन दिया गया है, लेकिन अभी तक प्रजापति समाज के हक की बात किसी ने भी नहीं की। इसलिए राहुल प्रजापति ने बताया के जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती, आने वाले चुनाओ का हम बहिष्कार करेगें व आगामी 22 सितंबर 2023 को दिल्ली जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन करेगें और अगर फिर भी सुनवाई नहीं हुई तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास का घेराव करने का कार्य किया जायेगा।

# फरीदाबाद में 13 से 15 अगस्त तक मनाया जाएगा हर घर तिरंगा महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव के समापन अवसर पर फरीदाबाद में 13 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा महोत्सव मनाया जाएगा। उन्होंने जिला वासियों से आह्वान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा महोत्सव को उत्सव की तरह मनाए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान सभी का दायित्व, मैला, कटा व फटा हुआ राष्ट्रीय ध्वज न फहराएं।

नियमानुसार फहराए जाएंगे राष्ट्रीय ध्वजः-



डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि गत वर्ष अगस्त माह में शुरू हुए हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत घरों पर तिरंगे फहराए गए। उन्होंने आह्वान किया है कि इस बार भी हर घर तिरंगा अभियान में जिलावासी भागीदार बनें और पूर्व में फटे, कटे व रंग उड़े हुए राष्ट्रीय ध्वज के स्थान पर नया राष्ट्रीय ध्वज फहराएं। उन्होंने कहा कि फटे, कटे व रंग उड़े हुए राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान के साथ निस्तारण करना होता है। अगर कोई व्यक्ति नियमानुसार राष्ट्रीय ध्वज निस्तारण नहीं करने में सक्षम नहीं है तो उक्त ध्वज को अपने नजदीक के किसी भी सरकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि तिरंगा कभी भी फटा या मैला नहीं फहराया जाना चाहिए। हालांकि अशोक चक्र का कोई माप तय नहीं है। सिर्फ इसमें 24 तीलियों का होना जरूरी है। झंडे के किसी भाग को जलाने नुकसान पहुंचाने के अलावा मौखिक या शाब्दिक तौर पर इसका अपमान करने पर तीन साल तक की जेल या जुमार्ना या दोनों हो सकते हैं। झंडे पर कुछ भी बनाना या लिखना गैरकानूनी है। तिरंगे को किसी भी प्रकार के यूनिफॉर्म, वर्दी में इस्तेमाल में नहीं लाया जा सकता। किसी भी स्थिति में तिरंगा जमीन को छूना नहीं चाहिए। किसी अन्य झंडे को राष्ट्रीय ध्वज से ऊंचा नहीं रख या लगा सकते। साल 2002 से पहले राष्ट्रीय ध्वज को आम लोग सिर्फ स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस पर ही फहरा सकते थे। लेकिन साल 2002 में इंडियन फ्लैग कोड में बदलाव किया गया। जिसके तहत कोई भी नागरिक किसी भी दिन झंडे को फहरा सकता है। झंडा अगर फट जाए या फिर मैला हो जाए तो उसे एकांत में मर्यादित तरीके से नष्ट करना चाहिए। नियमों के मुताबिक झंडे का आकार आयताकार, रेक्टेंगुलर होना चाहिए। इसकी लंबाई और चौड़ाई का अनुपात 32 का होना चाहिए। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज के अपमान पर राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम 1971 और भारतीय झंडा संहिता 2021 के तहत कार्रवाई हो सकती है।

# शहीदों की कुर्बानी को याद रखना भी एक प्र्रकार की देशभक्ति : सुधीर नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को नमन एवं वंदन करने के लिए नौ से 30 अगस्त तक देश भर में चल रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत आज तिगांव स्थित जीतगढ़ शहीद स्मारक पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विधायक राजेश नागर के भाई सुधीर नागर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए और उनकी शहादत को याद किया।

इस अवसर पर सुधीर नागर एवं बड़ी संख्या में मौजूद मौजिज व्यक्तियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए, झंडारोहण किया और राष्ट्रगान में शामिल हुए।



नागर ने कहा कि हर देशवासी को शहीदों के साथ जुड ?ा चाहिए। यदि हम शहीदों की शहादत को भी याद रखते हैं तो यह भी एक प्रकार की देशभक्ति कहलाएगी। उन्होंने कहा कि हमें अपने शहीदों के स्मारकों पर आना चाहिए इससे हमें देश के महत्व के बारे में पता चलता है। इससे हम अपनी मिट्टी से जुड़ते हैं और हमारा देश के साथ संबंध अंतरंग होता है। इस अवसर पर शहीद परिवारों को भी सम्मानित किया गया और उनकी कुशलक्षेम पूछी गई।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसीपी ट्रेफिक अमित यशवर्धन ने बाटा चौक, मेवला महाराजपुर फ्लाईओवर, खेड़ीपुल, बड़खल चौक इत्यादि एरिया में ट्रैफिक का निरीक्षण कर संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा के निदेर्शानुसार डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन ट्रैफिक का निरीक्षण करने के लिए मथुरा हाईवे स्थित कई स्थानों पर पहुंचे और वहां पर यातायात का निरीक्षण कर संबंधित पुलिस अधिकारियों को अहम दिशा निर्देश दिए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक आज यातायात का निरीक्षण करने के लिए मथुरा फ्लाईओवर पहुंचे जहां पर उन्होंने बाटा चौक, मेवला महाराजपुर फ्लाईओवर, खेड़ीपुल, बड़खल चौक इत्यादि के आसपास के एरिया में ट्रैफिक का निरीक्षण किया। उक्त स्थान पर कई बार सड़क दुर्घटनाएं घटित हो जाती हैं जिसकी वजह से कई व्यक्तियों की जान भी चली जाती है। कुछ लोग गलत दिशा में वाहन चलाते हैं जिसकी वजह से इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाएं घटित होती हैं और फ्लाईओवर पर गलत लेने में वाहन चलाने के कारण भी वाहन आपस में टकरा जाते हैं जिसकी वजह से सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती है। इसके साथ-साथ उक्त स्थानों पर अक्सर जाम भी लगता है जिसके कारण वाहन बहुत धीमी गति में आगे बढ़ते हैं या बहुत समय तक रुके रहते हैं जिसकी वजह से यात्रियों को आवागमन में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है जिसको देखते हुए डीसीपी ट्रैफिक में आज उक्त एरिया में यातायात का निरीक्षण किया। डीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि गलत तरीके से पार्किंग करने की वजह से सड़क का रास्ता रुक जाता है जिसकी वजह से आने जाने वाले वाहनों को निकलने के लिए जगह नहीं मिल पाती जिससे वह आगे नहीं बढ़ पाते और एक ही जगह पर रुक कर खड़े हो जाते हैं जिसकी वजह से उनके पीछे आने वाले वाहन भी उनके पीछे खड़े रहते हैं और एक लंबा जाम लग जाता है इसलिए जेडओ द्वारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और पुलिस द्वारा वाहनों का व्यवस्थित आवागमन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### हरियाणा सरकार का रक्षाबंधन पर महिलाओं को तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हरियाणा परिवहन की बसों में इस वर्ष भी फ्री में यात्रा सुविधा देने का निर्णय लिया है ताकि बहनें अपने भाइयों के घर जाकर राखी बांध सकें। डीसी विक्रम ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा राज्य परिवहन द्वारा जनहित में पिछले कई वर्षों से रक्षाबंधन के मौके पर महिलाओं को मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भांति महिलाएं अपने 15 साल तक के बच्चों के साथ इस फ्री में यात्रा सुविधा का लाभ ले सकती हैं। उन्होंने आगे बताया कि यात्रा की सुविधा आगामी 29 अगस्त, 2023 को दोपहर 12 बजे से आरम्भ होगी तथा 30 अगस्त, 2023 रक्षाबंधन के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक रहेगी। यह सुविधा साधारण व स्टैंडर्ड बसों में दी जाएगी।
फाइल फोटोः- डीसी विक्रम सिंह।

### गुरुग्राम: शरारती तत्वों ने घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

एक तरफ तो पुलिस गुरुग्राम में शांति स्थापित करने के प्रयास कर रही है, दूसरी तरफ शरारती तत्व अशांति फैलाने की फिराक में लगे हैं। गुरुवार की देर रात घर से कुछ दूरी पर खड़ी एक कार को शरारती तत्वों ने आग लगा दी। जब तक कार मालिक कुछ कर पाता, कार पूरी तरह से जल चुकी थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और कार मालिक की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है।

## सूरजकुंड झील में नहाने उतरे दो बच्चों की डूबने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

सूरजकुंड स्थित कृत्रिम झील में डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत हो गई। मृतक बच्चे नहाने के लिए झील में आए थे और जब वह परिजनों को काफी समय तक नहीं मिली तो उनकी खोजबीन की गई तो आखिरकार वह झील से मृत अवस्था में बरामद हुए। मृतकों का जिला सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार गुरुकुल एरिया के रहने वाले आठ वर्षीय निहाल तथा नौ वर्षीय रवि नामक दोनों युवक गुरुवार को स्कूल से आने के बाद सूरजकुंड स्थित कृत्रिम झील पर चले गए।

# राष्ट्र प्रेम को समर्पित मेरी माटी-मेरा देश अभियान का जिला में जबरदस्त उत्साह: डीसी

**मेरी माटी-मेरा देश**

**▶▶शुक्रवार को करीब दो दर्जन गावों में मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम हुए आयोजित**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि राष्ट्र प्रेम को समर्पित ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न अभियान का जिला फरीदाबाद में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। डीसी ने कहा कि आज शुक्रवार को करीब फौने दो दर्जन गावों में मेरी माटी मेरा देश के कार्यक्रम आयोजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि ह्यमेरी माटी-मेरा देशह्न अभियान के



माध्यम से जन-जन तक राष्ट्र प्रेम की अलख जाग रही है। शहीदों की चिताओ पर लगेंगे हर वर्ष मेले बस एक यही निशा बाकी रहेगा की सार्थकता के साथ जिला फरीदाबाद में आजादी के अमृत महोत्सव का समापन भव्य रूप से किया जाएगा। इन समापन पलों को यादगार बनाने के लिए देशभर में मेरी माटी मेरा देश राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरूआत की गई है। यह अभियान आगामी 15 अगस्त तक चलेगा। मेरी माटी मेरा देश अभियान वसुधा-वंदन -शहीदों को नमन थीम के साथ समर्पित रहेगा। डीसी विक्रम सिंह ने जिलावासियों का आह्वान किया है कि समस्त नागरिक इस अभियान में भागीदारी करते हुए अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अभियान के तहत वसुधा वंदन कार्यक्रम में प्रत्येक पंचायत में कम से कम 75 विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है।

**सेल्फी अपलोड करने पर मिलेगा डिजिटल सर्टिफिकेटः-**

डीसी ने कहा कि "मेरी माटी-मेरा देश" अभियान के तहत नागरिक पंच प्रण शपथ ले सकते हैं और युवाडॉटजीओवीडॉटइन/मेरीमाटीमेरादेशडॉटजीओवीडॉटइन पर पंजीकरण कर मिट्टी या दीए के साथ सेल्फी भी अपलोड कर सकते हैं। जिसका डिजिटल सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकेगा। इसी तरह वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत गांव-गांव स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के स्वजनों, पुलिस से सेवानिवृत्त व सेना के वेटरन्स को भी देश सेवा में योगदान के लिए कृतज्ञता के भाव के साथ सम्मानित किया जाएगा।

**शुक्रवार को इन गांवों में हुए कार्यक्रम आयोजितः-**

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि शुक्रवार को मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम गांव सिकरोना, खंदावली, दयालपुर, कुराली, करनेरा, ताजुपुर, मादलपुर, नेकपुर, धौज, भुआपुर, शाहाबाद, छांयसा, जुग्गी छांयसा, नरियाला, सनपैड, पखाल, सरूरपुर, पहलादपुर मजरा डीघ, मन्धावली, भैंसरावली और बदरोला में लोगों ने हर्ष और उल्लास के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

# खजानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। खजानी एजूकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित खजानी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, डबुआ पाली रोड़ 17 नंबर चुंगी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर खजानी एजूकेशन सोसाइटी के डायरेक्टर संजय चौधरी,प्रिंसीपल अमनदीप कौर मुख्य रूप से मौजूद थे। इस अवसर पर नन्हें मुन्हें बच्चों ने फेस पर तिरंगा बनाकर और हाथों में तिरंगा लेकर जय हिन्द,वन्दे मातरम और भारत माता की जयकारों से अपने अंदर मौजूद



राष्ट्रप्रेम को उजागर किया। बच्चों ने सारे जहां से अच्छा हिन्दुस्तान हमारा गाकर पूरे वातावरण को देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत कर दिया। बच्चों ने स्वतंत्रता दिवस पर कविताएं और गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर खजानी एजुकेशन सोसाइटी के डायरेक्टर संजय चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता हर मनुष्य का जन्मसिद्व अधिकार है। तुलसीदास जी ने कहा है कि पराधीन सपनेहुं सुखनाही अर्थात पराधीनता में तो स्वप्न में भी सुख नहीं है।

## नूंह हिंसा के बाद धारा 144 के बीच खोले गए स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया/नूंह/गुरुग्राम**

नूंह में बृजमंडल यात्रा पर हुए हमले के बाद से नूंह जिला में स्कूल बंद हैं। धारा 144 लागू है। इंटरनेट सेवाएं बंद हैं। इन सब कारणों से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही थी।

हालांकि हिंसा के 10 दिन बीत जाने के बाद शांति है। इसी के चलते शुक्रवार से जिले के स्कूलों को खोल दिया गया, ताकि बच्चों की पढ़ाई और अधिक बाधित न हो, हालांकि पहले दिन स्कूलों में कम ही विद्यार्थी पहुंचे।

नूंह जिला के जिन क्षेत्रों में शांति रही। कानून व्यवस्था नियंत्रण में रही।

# नेहा राठी ने कनाडा में आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**।पुलिस प्रवक्ता सुबे सिंह ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस की इंस्पेक्टर नेहा राठी ने कनाडा के शहर विनीपैक में 28 जुलाई से 7 अगस्त तक आयोजित वर्ल्ड पुलिस गेम्स में कुश्ती में गोल्ड मेडल जीतकर भारत देश के साथ साथ फरीदाबाद पुलिस का नाम भी रोशन किया है। पुलिस आयुक्त श्री विकास अरोड़ा, डीसीपी सेन्ट्रल पूजा वशिष्ठ ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में प्रशंसा पत्र व श्रीमद भगवतगीता भेंट कर उन्हे सम्मानित किया है। पुलिस आयुक्त ने उनकी खेल प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार हरियाणा पुलिस का का नाम रोशन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, हरियाणा की छोरी नेहा राठी छोरो से कम नहीं। नेहा राठी का जन्म रोहतक के गांव भापरोदा में हुआ, यह गांव अब झज्जर जिले में है। नेहा राठी के पिता अर्जुन अवॉर्डी पहलवान जगरुप सिंह है जो हरियाणा पुलिस में आईपीएस अधिकारी के रुप में रिटायर्ड हुए है। नेहा के पिता ही उनके गुरु हैं जिन्होंने उन्हे दाव पेच सिखाए और उनकी देखरेख में नेहा राठी ने अपने खेल को आगे बढ़ाया और विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह भी एक रिकार्ड की बात है कि एक ही घर से पिता व पुत्री दोनो को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया हो।

नेहा राठी ने स्पोर्ट्स कोटे से वर्ष 2008 में बतौर सब-इंस्पेक्टर पुलिस विभाग ज्वाइन किया था। उन्होनें अब तक पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर कार्यरत रहकर सेवाएं दी हैं। नेहा राठी ने कॉमनवेल्थ व एशियन गेम्स सहित अन्य कई प्रतियोगिताओं में करीब 40 बार हिस्सा लिया है जिनमें उन्होने कई गोल्ड व सिल्वर मेडल जीते हैं। बेहतरीन खेल प्रदर्शन को देखते हुए नेहा राठी को भारत सरकार द्वारा उन्हें वर्ष 2013 में अर्जुन अवॉर्ड पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया था।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रोजेक्ट देख विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। युवा, सशक्तिकरण एवं उद्यमिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक ने शुक्रवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक लैब का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों के रिसर्च पर आधारित प्रोजेक्ट देख उनकी पीठ थपथपाई। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए ई व्हीकल की ड्राइव लेकर उन्होंने इसे टेस्ला की तर्ज पर स्मार्ट ई व्हीकल बनाए जाने की योजना का स्वागत किया।

विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक का भव्य स्वागत किया



और देश के पहले कौशल विश्वविद्यालय की अवधारणा तथा भविष्य की योजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कुलसचिव प्रो. ज्योति राणा ने विश्वविद्यालय के मिशन और विजन पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय उद्यमिता एवं कौशल विकास पर आधारित महत्वकांक्षी परियोजना है। उन्होंने विश्वविद्यालय के अर्न व्हाईल लर्न मॉडल से लेकर ऑन द जॉब ट्रेनिंग और रिकॉग्निशन आफ प्रायर लर्निंग सरीखे अनुपम मॉडल के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि उद्योग और कारपोरेट में आ रहे नित्य नए बदलाव के अनुरूप श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय जॉब रोल और उसके लिए मानवीय संसाधन तैयार कर रहा है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने अतिरिक्त मुख्य सचिव अनिल मलिक को विश्वविद्यालय के अत्याधुनिक लैब और उनमें चल रहे प्रोजेक्ट दिखाए। अतिरिक्त मुख्य सचिव विश्वविद्यालय में स्थापित सिमुलेटर मशीन और सीएनसी मिलिंग मशीन पर विद्यार्थियों के प्रोजेक्ट देख कर दंग रह गए।

# अपनी जान जौखिम में डालकर दूसरों की जान बचाने वाले आपदा मित्रों के लिए पूरा देश कृतज्ञः अनूप धानक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**। प्रदेश के आपदा प्रबंधन एवं राजस्व राज्मंत्री अनूप धानक ने कहा कि आपदा कभी भी समय बताकर नहीं आती। यह कभी भी और किसी भी रूप में हमारे सामने भयानक स्थिति पैदा कर देती है। ऐसे में हमें इससे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना होगा। पहले से ही हमारे पास एनडीआरएफ और एसडीआरएफ जैसी फोर्स आपदा से निपटने के लिए मौजूद हैं लेकिन अब पूरे देश में आपदा मित्र भी किसी भी आपदा से निपटने के लिए देशवासियों से कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। श्री अनूप धानक शुक्रवार को सूरजकुंड स्थित होटल राजहंस में एक दिवसीय आपदा मित्र सम्मलेन में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केद्र सरकार की यह बहुत ही सराहनीय योजना है और हरियाणा सरकार इसमें पूरी तरह से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि देशभर में जहां अबतक 87 हजार आपदा मित्र तैयार हो चुके हैं वहीं हरियाणा भी अपने सात जिलों में 2100 आपदा मित्र तैयार कर चुका है। उन्होंने हिमाचल, उत्तराखंड सहित उत्तर भारत के सभी राज्यों में आई भीषण बाढ़ और गुजराज में तुफान के दौरान आपदा मित्रों के सराहनीय कार्य के लिए सभी को बधाई दी।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव हरियाणा सरकार श्री राजेश खुल्लर ने कहा कि किसी भी आपदा को देखकर मित्रता का भाव बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि आपदा मित्र पहले



अपना भी मित्र है। ऐसे में वह आपदा के समय वह इस भाव से कार्य करता है कि वह अपने, अपने गांव, अपने प्रदेश व अपने देश के साथ मित्रता के भाव से कार्य कर रहा है। उन्होंने इस दौरान देशभर से आए आपदा मित्रों को फरीदाबाद का उदाहरण देते हुए कहा था कि आजादी के समय जब विस्थापन की सबसे बड़ी आपदा आई थी तो इस समय फरीदाबाद ने इसके लिए उदाहरण प्रस्तुत किया था। उन्होंने बताया कि फरीदाबाद का एनआईटी क्षेत्र कम्युनिटी और कोआपरेटिव के सहयोग से बसाया गया देश का पहला सुनियोजित शहर है। उन्होंने कहा कि आपदा मित्र योजना देशभर में दो लाख से ज्यादा स्वयंसेवकों को तीन साल के अंदर तैयार करने की बड़ी ही बेहतरीन योजना है। इसमें शुरूआती तौर पर देश के 250 आपदा प्रभावित जिलों का शामिल किया गया है। इनमें उन गांवों में आपदा मित्र तैयार किए गए हैं जहां हमेशा आपदा आने की संभावना रहती है। ऐसे में जब तक एनडीआरएफ और एसडीआरएफ पहुंचती हैं तब तक यह आपदा मित्र लोगों को राहत के लिए मौजूद हो जाते हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य राजेंद्र सिंह ने बताया कि स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए पूरे भारत में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है। इस योजना का उद्देश्य सामुदायिक स्वयंसेवकों को बुनियादी कौशल प्रदान करना है, जिनकी उन्हें आपदा के दौरान और उसके बाद अपने समुदाय की तत्काल आवश्यकता पर प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यकता होगी। ये प्रशिक्षित स्वयंसेवक आपदा प्रतिक्रिया, समन्वय और प्रबंधन की बुनियादी तकनीकों का उपयोग करके जीवन बचाने में सहायता कर सकते हैं। प्रत्येक स्वयंसेवक को एक आपातकालीन प्रतिक्रिया किट और तीन साल के लिए बीमा कवर और जिला/ब्लॉक स्तर पर आपातकालीन प्रतिक्रिया रिजर्व प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत आपदा मित्र और आपदा सखी को नागरिक सुरक्षा, होम गार्ड, एनवाईकेएस, एनसीसी, पीआरआई और गांवों से चुना गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की गयी है। स्वयंसेवकों को जिला प्रशासन और विपरित परिस्थितियों में कार्य करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया ताकि दोनों आसानी से तालमेल और सामंजस्य में काम कर सकें। संबंधित जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं।

स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने के लिए, संबंधित जिले की एमएएच इकाइयों से जिला अधिकारियों/उत्पत्ति जैसे जिला अग्निशमन अधिकारी, जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, होम गार्ड और नागरिक सुरक्षा, औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा प्रशिक्षक के संसाधन व्यक्तियों को लगाया गया है।

इस दौरान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी ने बताया कि स्वयंसेवकों को अग्नि, सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, खोज एवं बचाव और जीवन रक्षक तकनीकों से संबंधित व्यावहारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया है।

फास्ट न्यूज

## स्वतंत्रता दिवस से पहले ट्रेन में मिला हथियारों से भरा बैग

**टीम एक्शन इंडिया/सिउड़ी**
स्वतंत्रता दिवस से पहले एक लंबी दूरी की ट्रेन से कई आग्नेयास्त्र बरामद किये गये। गुरुवार रात सैंथिया स्टेशन पर डाउन कंचनजंघा एक्सप्रेस की एक बोगी में तलाशी के दौरान दो लावारिस बैग बरामद किये गये। उन बैगों को खोलकर देखा गया तो उसमें 12 से ज्यादा रिवॉल्वर थे। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इन आग्नेयास्त्रों के साथ लंबी दूरी की ट्रेन में कौन यात्रा कर रहा था। इस मामले में खबर लिखे जाने तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया था। हालांकि इस घटना के बाद बीरभूम जिले में हर रेलवे स्टेशन पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। दरअसल अगले सप्ताह स्वतंत्रता दिवस है। उससे पहले पूरे राज्य में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। विभिन्न रेलवे स्टेशनों समेत आबादी वाले इलाकों में सघन तलाशी चल रही है। तदनुसार, रेलवे पुलिस (आरपीएफ) बीरभूम के विभिन्न स्टेशनों पर लंबी दूरी की ट्रेनों में तलाशी ले रही है। इसी क्रम में गुरुवार को सैंथिया स्टेशन पर डाउन कंचनजंघा एक्सप्रेस की तलाशी ली गयी और एक बोगी में दो लावारिस बैगों से 12 से अधिक रिवाल्वर बरामद किए गए। रेलवे पुलिस सूत्रों के मुताबिक तस्कर बिहार के मुंगेर से उत्तर बंगाल तक हथियारों की तस्करी के लिए इस लंबी दूरी की ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। माना जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस से पहले इसी तरह इस ट्रेन में हथियारों की तस्करी की जा रही थी।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में वीरों का हो रहा सम्मान: डॉ धन सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई टिहरी**
उच्च शिक्षा व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने "मेरी माटी मेरा देश; मिट्टी को नमन, वीरों को वंदन" अभियान के अंतर्गत चंबा ब्लाक के ग्राम मज्यूड़ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कार्यक्रम में वीर सैनिकों को याद कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कार्यक्रम में वीर गब्बर सिंह नेगी के परिजन एवं पूर्व सैनिकों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर मंत्री डॉ रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में गत वर्ष हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक घर, कार्यालय में झंडारोहण किया गया। इस वर्ष मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमर शहीदों को याद करते हुए उनके सम्मान में 9 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, नगरपालिका में शिला एवं झंडारोहण एवं राष्ट्रगान के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

# किसानों की जाति, मत मजहब नहीं होती: सीएम

दुष्यन्त की कविता पढ़ कर अखिलेश पर हमला बोले योगी, नेता प्रतिपक्ष अखिलेश ने किसानों का मुद्दा उठाया

**वार-पलटवार**

मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया तो अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**विधानसभा** के मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को नेता विरोधी दल अखिलेश यादव के एक घण्टे तक बोलने के बाद नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भाषण शुरू हुआ। मुख्यमंत्री ने दुष्यन्त कुमार की कविता...तुम्हरे पांव के नीचे जमीन नहीं...कह कर अखिलेश यादव पर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया तो अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाईं। योगी ने कहा कि एक घंटे के भाषण में अखिलेश को केवल गोरखपुर का जलजमाव याद आया। जो लोग चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए, वह गांव, गरीब, शोषित वंचित की पीड़ा क्या समझ पाएंगे। सपा चौधरी चरण सिंह की थोड़ी बात भी ध्यान रखी होती तो इनकी सरकार में सबसे अधिक किसानों ने आत्महत्या नहीं की होती। नेता सदन ने कहा कि जिस किसान की बात आप (अखिलेश) कर रहे हैं, वह सांड़ भी उसी का हिस्सा है। आपके जमाने में सांड़ कत्ल खाने में जाते थे, हमारी सरकार में गोधन के रूप में हैं। योगी ने यादव परिवार में फूट पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि नेता विरोधी दल जो सूची लेकर आये हैं, उसमें कुछ गड़बड़ है। चाचा शिवपाल ने सूची बदल दी होगी। वैसे भी जब परिवार में सत्ता के लिए संघर्ष होता है तो यह सब होता ही है। इसके आगे मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी विषयों पर जवाब देंगे। इसके बाद वह प्रदेश में बाढ़ और किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए सरकार की उपलब्धियां गिनानी शुरू कीं। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले बाढ़ प्रभावितों को केवल ब्रेड बांटा जाता था। हमारी सरकार आई तब एक किट तैयार की गई। इसके साथ ही महिलाओं के लिए अलग से डिग्निटी किट दी जाने लगी। आज अस्पतालों में लोग इसलिए आते हैं क्योंकि वहां डॉक्टर भी उपलब्ध हैं और दवा भी है। आपके लिए वोट बैंक हो सकता है, जाति हो सकती है लेकिन मेरे लिए पूरा प्रदेश परिवार है। इसीलिए जनता ने आपको 2014, 2017, 2019 और 2022 में आपका साथ नहीं दिया। 2024 में आपका खाता भी नहीं खुलेगा। शिवपाल के लिए कहा कि आपका यह कोई भला नहीं करने वाले हैं। इसलिए अपना रास्ता खोज लीजिये।

### ' गन्ना किसानों को 2 लाख 16 हजार करोड़ का भुगतान किया'

**सीएम** योगी ने कहा कि गन्ना किसानों की बात करें तो जिस छपरौली चीनी मिल के उद्धार की बात चौधरी चरण सिंह जी करते रहे, समाजवादी पार्टी चार बार सरकार रहने के बावजूद ये कार्य नहीं कर सकी। हमें गर्व है कि छपरौली चीनी मिल हमारी सरकार में शुरू हुई। सपा सरकार में गन्ना किसानों का 95200 करोड़ का भुगतान हुआ था। हमारी सरकार में 2 लाख 16 हजार करोड़ का भुगतान किसानों को किया है। किसान कभी आपके एजेंडे में रहा ही नहीं। हमारे लिए किसान किसी जाति में नहीं बंटा है। किसान की जाति, मत मजहब नहीं है। किसान के सम्मान के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि है, फसल बीमा और स्वॉयल हेल्थ कार्ड है। एमएसपी जिसमें लागत का डेढ़ गुना दाम तय किया गया, उन्हीं किसानों के लिए है। हमने नई चीनी मिलें दी, बंद चीनी मिलों को चलाया। आपकी सरकार में चीनी मिलों को बंद करके किसानों के पेट पर लात मारी गई। किसानों पर गोलियां चलाई जाती थी। कोरोना कालखंड में जब नेता विरोधी दल घरों में दुबके थे तब भी हम चीनी मिलें चला रहे थे। उन्हें अपने कार्यकर्ताओं की चिंता नहीं थी, सरकार से ये पूछने की भी जहमत नहीं उठाई कि हम क्या मदद कर सकते हैं। उल्टा वैक्सीन का विरोध कर रहे थे। ये हमारे लिए गर्व का विषय है कि जब दुनिया संकट में थी तब भारत के विजनरी पीएम देश के गरीबों के लिए योजनाएं शुरू कर रहे थे और लोगों की जान बचाने के लिए प्रयास भी कर रहे थे।

### सरकार ने किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया: अखिलेश

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**उत्तर** प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के दौरान शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार के कामकाज पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने किसानों को उनके हाल पर छोड़ दिया है। साथ ही जानवरों से मारे गए लोगों और कावंड़ियों, ताजिया उठाने वाले जिन लोगों की दुर्घटना में जान गई, सरकार उनके परिवारों को एक करोड़ रुपये की मदद करे। अखिलेश यादव ने कहा कि साढ़े छह साल सरकार के हो गए। गोरखपुर कोई सड़क है जहां जलभराव न हुआ हो। क्या सरकार ने मक्का की खरीद की। क्या सरकार ने किसानों से आलू खरीदा है। गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं हुआ है। सरकार कहती है कि आम लंदन एक्सपोर्ट किया जा रहा है।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए।

## शिक्षकों की ट्रांसफर पोस्टिंग: भ्रष्टाचार की जांच जारी रखेगी सीबीआई

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल के बहुचर्चित शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) राज्य में शिक्षकों के ट्रांसफर पोस्टिंग में भी हुए भ्रष्टाचार की जांच जारी रखेगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गांगुली ने शुक्रवार को यह निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि 350 शिक्षकों के बारे में पता चला है जिनकी ट्रांसफर पोस्टिंग के बदले बड़ी धनराशि घूस के तौर पर ली गई है। आवश्यकता पड़ने पर केंद्रीय एजेंसी इन शिक्षकों से भी पूछताछ कर सकती है। दरअसल नियुक्ति भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किए गए प्राथमिक शिक्षा परिषद के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य से सीबीआई की टीम ने पूछताछ की थी। जेल में उनसे हुई पूछताछ के बाद कोर्ट में रिपोर्ट दी गई है कि जिन शिक्षकों को अवैध तरीके से नियुक्त किया गया था उन्हें मन मुताबिक पोस्टिंग देने के लिए भी बड़ी धनराशि वसूली गई थी।

## 'प्रत्येक गांव तक बस सेवा पहुंचाएगा परिवहन निगम'

**प्रतिबद्ध**

88 हजार गांवों तक बस सेवा मुहैया करा चुकी है और बाकी बचे 12200 गांवों तक भी बस सेवा पहुंचेगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
योगी सरकार प्रदेश के हर गांव तक परिवहन निगम की बस सेवा को पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवहन निगम के माध्यम से सरकार अब तक प्रदेश के 88 हजार गांवों तक बस सेवा मुहैया करा चुकी है और बाकी बचे 12200 गांवों तक भी बस सेवा जल्द मुहैया कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश विधान सभा में एक सवाल का जवाब देते हुए परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि इसके लिए सरकार ने अनुबंधित बसों के माध्यम से लक्ष्य को पूर्ण करने की योजना बनाई है। शुक्रवार को विधानसभा में पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में सरकार की ओर से इसकी जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि हाल ही में यूपीएसआरटीसी के एक कार्यक्रम में स्वयं सीएम योगी ने मंच से प्रदेश के प्रत्येक गांव तक बस सेवा मुहैया कराने की अपील की थी।

**बढ़ाई जाएगी अनुबंधित बसों की संख्या:** समाजवादी पार्टी के सदस्य फहीम इरफान के प्रश्न के जवाब में परिवहन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि सरकार मुहिम के तहत कार्य कर रही है और जल्द ही प्रदेश का एक भी गांव ऐसा नहीं होगा जहां परिवहन निगम की बस सेवा न उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि लोगों को रोजगार देने के लिए अनुबंधित बसों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि हर गांव तक बस सेवा को पहुंचाया जा सके। परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रदेश में परिवहन निगम की कुल 110118 बसें संचालित हैं।

## अहमदाबाद: सड़क हादसे में 10 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया/अहमदाबाद**
**अहमदाबाद** के बावला-बगोदरा हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक टेंपो हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 लोग घायल हैं। मरने वालों में 5 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं।

**चोटीला माता मंदिर से लौट रहे थे लोग:** अहमदाबाद से करीब 50 किमी दूर बावला-बगोदरा हाईवे पर टायर पंक्चर हो जाने के चलते एक ट्रक खड़ा हुआ था। इसी ट्रक के पीछे यात्रियों से भरा टेंपो टकरा गया। टेंपो की स्पीड इतनी ज्यादा थी कि ट्रक से टकराने के बाद टेंपो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। टेंपो में 3 बच्चों समेत 20 लोग सवार थे। सभी लोग चोटीला माता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

**सभी लोग एक ही गांव के रहने वाले:** राहगीरों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह कुछ लोगों को टेंपो से निकाला। हादसे की सूचना मिलते ही बगोदरा से एंबुलेंस व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई थीं। घायलों व मृतकों को पोस्टमॉर्टम के लिए अहमदाबाद के सिविल अस्पताल भेजा गया है। अहमदाबाद जिले के डीएसपी अमित वसावा ने बताया कि हादसे का शिकार हुए सभी लोग कपडवंज तालुका के सुणदा गांव के रहने वाले हैं।

## हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस करेंगे नूंह हिंसा की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के नूंह हिंसा मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की जस्टिस अरुण पल्ली पर आधारित डिवीजन बेंच ने सुनवाई से इनकार कर दिया है। अब इस मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की चीफ जस्टिस कोर्ट में होगी। वहीं गुरुवार को हरियाणा सरकार की और से सुनवाई के दौरान एडिशनल एजी दीपक सबरवाल पेश हुए। उन्होंने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि नूंह में जो बुलडोजर की कार्रवाई हुई थी, वह नियमों के तहत हुई थी। हाईकोर्ट ने उस पर कोई रोक नहीं लगाई थी। उन्होंने कहा कि नूंह और गुरुग्राम में बुलडोजर की कार्रवाई सरकार आगे भी जारी रखेगी। बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया गया।

**जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय:** सरकार की और से इस मामले में जवाब दाखिल करने के लिए हाईकोर्ट से समय मांगा गया है। एडिशनल एजी ने बताया कि चीफ जस्टिस के सामने ही इस मामले की सुनवाई 16 अगस्त को हो सकती है। जहां पर जवाब दाखिल किया जाएगा।

**अधिकारियों से मांगा हलफनामा:** पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने नूंह हिंसा से संबंधित अधिकारियों से हलफनामा मांगा है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि नूंह हिंसा के 2 हफ्ते बाद गुरुग्राम और मेवात में कितनी इमारतें ध्वस्त की गई हैं।

## 'चुनावी हिंदू बनने की कोशिश कर रहे हैं कमलनाथ'



**भोपाल:** मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हिन्दुत्व के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। हाल ही में उन्होंने अपने गृह नगर छिंदवाड़ा में बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री की कथा कराई थी। अब वे अगले सोमवार यानी 14 अगस्त को महाकाल की सवारी में शामिल होने जा रहे हैं। वह उज्जैन पहुंचकर बाबा महाकाल की पूजा-अर्चना करेंगे। प्रदेश के गृह मंत्री डॉ. नरोत्म मिश्रा ने तंज कसते हुए कहा है कि कमलनाथ चुनावी हिंदू बनने की कोशिश कर रहे हैं। गृहमंत्री डॉ. मिश्रा ने शुक्रवार को अपने निवास पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सवाल यह है कि कमलनाथ महाकाल की सवारी में अब क्यों शामिल होंगे? चुनाव है इसलिए। यह मूल प्रश्न है, इसका कांग्रेस में कोई जवाब नहीं दे रहा। महाकाल की सवारी तो आदिकाल से निकल रही है। मेरे पूर्वजों के पहले से निकल रही है। अभी तक क्यों नहीं गए? वह तो मध्यप्रदेश में लंबे समय से सांसद रहे हैं। लंबे समय तक केंद्रीय मंत्री रहे, मुख्यमंत्री रहे तब क्यों नहीं गए? अब इसलिए जा रहे हैं, क्योंकि इनकी कांग्रेस पर संकट है। कांग्रेस को बचाने के लिए अब जो छद्म धर्मनिरपेक्षता वाली राजनीति कर चुनावी हिन्दू बनने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। कमलनाथ के एक शायराना अंदाज में किए गए ट्वीट पर भी गृह मंत्री डॉ. मिश्रा ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने जो ट्वीट किया है, वह वे स्वयं नहीं बोल पाएंगे। ट्वीट किसी और ने किया होगा। वे तो स्वयं याद करके भी नहीं बोल सकते। कांग्रेस जो पॉलिटिकल पाखंड कर रही है, इसको जानता समझती है कि यह जो अभी चुनाव के समय क्यों कर रहे हैं? दरअसल, कमलनाथ ने ट्वीट किया है कि- "उनकी हजारों बातों में हर बात थी, सिवाय उसके जिसकी दरकार थी। मतलब की बात मिनटों में होती है, घंटों में नहीं। जवाब और जवाबदेही लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों का दायित्व होता है, जनता पर अहसान नहीं।"

**प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत के लिए आतुर है प्रदेश की जनता:** गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता, भारत के गौरव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मध्य प्रदेश की धरा पर पधार रहे हैं। यह हम सब का सौभाग्य है कि वह हमारे बीच में 100 करोड़ रुपये की लागत से बना रहे पूज्य संत रविदास के मंदिर का भूमिपूजन करेंगे। एक श्रृंखला है आप देखें, चाहे वह भगवान श्रीराम के मंदिर की बात हो, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की बात हो, बाबा महाकाल की बात हो।

